सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 17 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 163, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 544 अंकों की उछाल

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सेंसेक्स 544 अंक चढ़कर बंद हुआ। } 10

## भारत में निवेश करें उद्यमी व कंपनियां : गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने निवेशकों, कंपनियों और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों से कहा कि वे अब सक्रियता के साथ भारत में निवेश शुरू करें और इसमें अधिक विलंब न करें। } 12



## नीट-यूजी परीक्षा से पहले टेलीग्राम ऐप पर बैन

### परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए 22 जून तक रहेगी रोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की पुनः परीक्षा से पहले मंगलवार को टेलीग्राम ऐप पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि यह कदम नकल कराने वाले गिरोहों और दुष्प्रचार से निपटने के लिए उठाया गया है। एनटीए महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि 22 जून तक टेलीग्राम पर रोक यह सुनिश्चित करने के लिए लगायी गयी है कि 21 जून को होने वाली पुनः परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के हो। इस कदम के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा हम कुछ भी गलत नहीं होने देंगे। हम यह पक्का करने के लिए हर मुमकिन कदम उठाएंगे कि परीक्षा




बिना किसी गड़बड़ी के हो। एनटीए की सिफारिशों पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत एक निर्देश जारी करके 22 जून 2026 तक भारत में टेलीग्राम मंच तक पहुंच पर निर्धारित और सीमित अवधि के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। इसी अवधि में नीट (यूजी) 2026 की पुनःपरीक्षा है।

एनटीए ने एक बयान में कहा कि एक अलग निर्देश के तहत टेलीग्राम को भारत में पहले से पोस्ट किए जा चुके संदेशों में संशोधन की सुविधा 30 जून 2026 तक बंद करनी होगी। एजेंसी के अनुसार, यह कदम मंच की उस विशेष तकनीकी सुविधा को ध्यान में रखकर उठाया गया है, जिसका इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के संबंध में बाद में प्रश्नपत्र लीक के फर्जी साक्ष्य गढ़ने के लिए किया गया है। एनटीए ने कहा दोनों कदम जन व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए हैं। इनका उद्देश्य 21 जून, 2026 को होने वाली नीट (यूजी) की पुनःपरीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को ठगने से नकल माफियाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नीट अभ्यर्थियों को बस किराये में मिलेगी 50 प्रतिशत छूट

### मोहर्रम में हथियार प्रदर्शन और कानफोड़ू डीजे पर प्रतिबंध, तय सीमा से अधिक नहीं होगी ताजिया की ऊंचाई

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी मोहर्रम को लेकर कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि यह मातम का अवसर है, शक्ति प्रदर्शन का नहीं। मोहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन, नई परंपरा की शुरूआत तथा कानफोड़ू डीजे, ढोल-ताशों के अनियंत्रित प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने शांति भंग करने के प्रयासों पर कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में प्रवेश पत्र दिखाने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा भी की।



मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आगामी त्योहारों, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मोहर्रम की व्यवस्थाओं को लेकर पहले से संवाद स्थापित करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी जिले में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ की घटना न होने पाए।

पूर्व की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कानफोड़ू डीजे, ढोल एवं ताशों के अनियंत्रित उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के जुलूसों में किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। साथ ही किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए ताजियों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए तथा 10 से 12 फीट से अधिक ऊंची ताजियों की अनुमति न दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी की आस्था का सम्मान किया जाए, लेकिन नई परंपरा का सृजन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### टाइम पत्रिका में स्मृति मंधाना ने बनायी जगह



न्यूयॉर्क। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना को टाइम पत्रिका ने इस वर्ष खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल किया है। वह इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं। टाइम पत्रिका की 2026 की खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में ऐसे खिलाड़ी, कोच, समर्थक और निवेशक शामिल हैं जिन्होंने खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सूची में अमेरिकी बास्केटबॉल के दिग्गज लेब्रॉन जेम्स, फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, चीनी-अमेरिकी स्कीयर एलीन गु, टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज़, बास्केटबॉल खिलाड़ी विक्टर वेम्बन्यामा, दिग्गज गोल्फर रोरी मैकलॉय, दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट कप्तान तेम्बा बावुमा जैसे खेल जगत के सुपरस्टार शामिल हैं।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश 24 जून तक बढ़ा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश में लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव की परिस्थितियों को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाकर 24 जून तक कर दी गई है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से जारी आदेश के अनुसार अब प्रत्येक वर्ष 20 मई से 24 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा तथा 25 जून से विद्यालयों में नियमित पठन-पाठन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जी-7 सम्मेलन में गर्मजोशी से मिले मोदी-ट्रंप

### आज दोनों नेताओं के बीच होगी द्विपक्षीय बैठक ❍ ट्रेड डील पर भी बन सकती है सहमति

एजेंसी

इविन लेस बेंस (फ्रांस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फ्रांस के इविन-लेस-बेन्स में जी7 सम्मेलन के दौरान एक दूसरे का अभिवादन स्वीकार किया और संक्षिप्त बातचीत की। करीब डेढ़ साल में दोनों नेताओं की यह पहली आमने-सामने की मुलाकात थी।




मोदी और ट्रंप गर्मजोशी से हाथ मिलाते हुए दिखे और उसके बाद उन्होंने थोड़ी बातचीत भी की। दोनों नेताओं की बुधवार को सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय बैठक प्रस्तावित है। तत्काल यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने क्या बातचीत की। ट्रंप द्वारा मई 2025 में भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रोकने में अहम भूमिका निभाने के दावे किये जाने और अमेरिका की ओर से भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाए जाने के बाद नयी दिल्ली-वाशिंगटन के रिश्तों में भारी गिरावट आई। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की पिछले महीने भारत यात्रा के बाद, दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों को फिर से बेहतर बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, ओमान के तट के पास पिछले हफ्ते एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत के बाद दोनों देशों के रिश्तों में फिर से तनाव आ गया। रुबियो ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाक़ात के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से उन्हें निकट भविष्य में व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण दिया था। उन्होंने भारत को हिंद-प्रशांत को लेकर तैयार अमेरिकी नीति का आधार बताया था। प्रधानमंत्री मोदी जी7 सम्मेलन के दौरान दुनिया के कई अन्य नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 समिट के दौरान मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात चली। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। यह मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति जी-7 आउटरीच सेशन में भी साथ-साथ बैठे नजर आए। इससे पहले दोनों की आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी। दोनों नेता 17 जून की शाम ट्रेड डील पर चर्चा कर सकते हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जी-7 समिट के लिए मंगलवार दोपहर एवियन पहुंचने पर मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया। जी-7 के देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान मोदी ट्रम्प, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से बातचीत करते दिखाई दिए। जी-7 समिट में इसके सदस्य देशों कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका के नेता शामिल होंगे। इसके अलावा यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी इसमें भाग ले रहे हैं। फ्रांस ने समिट में जी-7 देशों के अलावा कई अन्य देशों के नेताओं को भी सम्मेलन में आमंत्रित किया है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज, नासियो लूला दा सिल्वा, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यंग, केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो भी शामिल हैं। जी-7 यानी ग्रुप ऑफ सेवन, दुनिया के उन 7 देशों का समूह है, जिन्हें दुनिया की 'मॉडर्न इकोनॉमी' वाला ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दिल्ली में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ सात लोग गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सक्रिय पाकिस्तान से जुड़े कथित आतंकी और संगठित अपराध मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर सीमा पार बैठे आकाओं के इशारे पर दिल्ली-एनसीआर में हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी करने का आरोप है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शहजाद भट्टी और उसके सहयोगी अजमल गुज्जर के लिए काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरोह क्षेत्र में अवैध हथियार, कारतूस और नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले मोहित उर्फ योगी, अनस उर्फ अनस त्यागी, दीपक अगरोला, आरिफ, जतन, साबिर और पंजाब में फतेहगढ़ निवासी करनवीर सिंह के तौर पर हुई है। जांचकर्ताओं ने यह भी पाया कि मॉड्यूल के सदस्यों ने दिल्ली, गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में कई स्थानों की कथित तौर पर टोह ली थी, जिससे ...शेष पृष्ठ 10 पर

## टिन्नू यादव के घर से करोड़ों का सोना जब्त

### राम मंदिर चढ़ावा घोटाला : 50 करोड़ की बेनामी संपत्तियां भी पता चलीं

जिला संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर के खजाने और चढ़ावे में करोड़ों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) 15 जून 2026 को अयोध्या पहुंची। टीम ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से छह घंटे तक पूछताछ की और डिजिटल साक्ष्य खंगाले। कार्रवाई से पहले, पांच मुख्य संदिग्धों से करीब दो करोड़ रुपये नकद, एक लग्जरी कार और तीन आईफोन बरामद हुए। इस घोटाले में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के करीबी सहयोगी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू का नाम सामने आया है। 13 जून 2026 को टिन्नू के पैतृक



आवास पर छापेमारी में भारी मात्रा में शुद्ध सोना जब्त किया गया। सूत्रों के अनुसार, इस सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कई करोड़ रुपये हो सकती है। जांच में पता चला है कि टिन्नू के पास अयोध्या और लखनऊ में करीब 50 करोड़ रुपये से अधिक की बेनामी संपत्तियां हैं। वह कभी ऑटो रिक्शा चलाता था। अयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास उसका एक 70 कमरों वाला छात्र छात्रावास भी है। एसआईटी जल्द ही इस छात्रावास की भी जांच कर सकती है। सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर सोमेश आनंद भी आया है। वह मंदिर निर्माण के मुख्य प्रभारी गोपाल राव का कथित भतीजा बताया जा रहा है। सोमेश ने एक साल में देश के विभिन्न राज्यों की 50 से अधिक संदिग्ध यात्राएं की हैं। वह अयोध्या रेलवे स्टेशन से बोरों में भारी सामान भरकर ट्रेन से दक्षिण भारत जाता था। वापसी में वह हवाई जहाज से खाली हाथ अयोध्या लौटता था। फिलहाल सोमेश के बैंक खातों और हवाई टिकटों की बारीकी से जांच की जा रही है। इस मामले में केडी तिवारी का नाम भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## टीईटी उत्तीर्ण करने की समय-सीमा बढ़ी

लखनऊ। उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आधार पर शासन के बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्यरत शिक्षकों के टीईटी/सीटीईटी संबंधी विवरण एकत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी ने इस संबंध में शिक्षा निदेशक (बेसिक) को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय ने पुनर्विचार याचिका संख्या 53434/2025, उत्तर प्रदेश राज्य बनाम अंजुमन इशात-ए-तालीम ट्रस्ट में 29 मई 2026 को पारित आदेश के तहत इन-सर्विस शिक्षकों के लिए टीईटी योग्यता प्राप्त करने की समय-सीमा 31 अगस्त 2027 से बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दी है। न्यायालय ने यह भी अपेक्षा व्यक्त की है कि राज्यों द्वारा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गृह मंत्री अमित शाह ने पेश किया विकसित उत्तराखंड का रोडमैप

### इन्फ्रास्ट्रक्चर, युवाओं के लिए रोजगार व आपदा सुरक्षा पर धामी से की चर्चा

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। उत्तराखंड की विकास प्राथमिकताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। कर्तव्य भवन में हुई इस बैठक में राज्य के आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही उत्तराखंड की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भविष्य की विकास रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया कि राज्य सरकार विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य



को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, निवेश आकर्षित करने, पर्यटन गतिविधियों को विस्तार देने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। बैठक में सीमांत और दुर्गम क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सीमा से लगे गांवों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाना है, ताकि वहां के लोगों को बेहतर जीवन स्तर और रोजगार के अवसर ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

### ज्येष्ठ माह के 7वें बड़े मंगल पर सुभाष मार्ग, राम मंदिर, यहियागंज वार्ड में लगा विशाल भंडारा, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने बांटा प्रसाद

# हनुमान जी का प्रसाद बांटने से मिलता है आत्मिक सुख : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के 7वें बड़े मंगल पर राम मंदिर सुभाष मार्ग, चुंगी के सामने यहियागंज वार्ड में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बीबीडी ग्रुप एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन व यू.पी. ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने भंडारे में भारी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, अनिल कश्यप मण्डल अध्यक्ष मध्य मण्डल-3,









नरेन्द्र शर्मा पार्षद यहियागंज वार्ड ने भंडारे में प्रसाद बांटा। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि हनुमान जी पृथ्वी के जीवंत देवता हैं। परम बलवान, परम बुद्धिमान हैं, लेकिन उतने ही विनम्र भी हैं। अभिमान उनको छू भी नहीं पाता। वे ज्ञान और भक्ति के आचार्य हैं। भगवान राम के प्रति उनकी निष्ठा, सेवा और समर्पण जगजाहिर है। हनुमान जी की साधना-उपासना से व्यक्ति के हर मनोरथ पूर्ण होते हैं। आदर्शों और सिद्धांतों के प्रति समर्पित लोगों पर बजरंगबली का ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विश्वस्तरीय बनेंगे यूपी के आस्था स्थल

## 8 जिलों की 33 परियोजनाओं पर शुरू हुआ काम, 79 करोड़ होंगे खर्च

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग ने 31 मार्च 2026 तक स्वीकृत परियोजनाओं पर तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रदेश के 8 जिलों में 33 पर्यटन एवं धार्मिक विकास परियोजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जा रहा है, जिन पर लगभग 79.18 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आस्था के साथ विकास है। इसी सोच के तहत धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों का सौंदर्यीकरण कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।



- पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देकर टेंपल इकोनॉमी की जाएगी मजबूत

सरकार का लक्ष्य पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देकर टेंपल इकोनॉमी को मजबूत करना और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं के लिए आवश्यक धनराशि जारी कर दी गई है और कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को 8 जिलों की 33 परियोजनाओं का दायित्व सौंपा गया है, जिनकी कुल अनुमानित लागत 79.17 करोड़ रुपये से अधिक है।

इन परियोजनाओं में लखनऊ और सीतापुर की एक-एक परियोजना, मिर्जापुर की 7, भदोही की 5, सोनभद्र की 2, हमीरपुर की 2, महोबा की 3, बांदा और चित्रकूट की 6-6 परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के विभिन्न आस्था स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई दी जाए। जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ स्थित मोहनलालगंज में हुलासखेड़ा का पर्यटन विकास के लिए 11.99 करोड़, सीतापुर के नैमिषारण्य धाम में बेदारण्यम की स्थापना कार्य के लिए 1.49 करोड़ रुपये, मिजार्पुर की 07 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 1.04 करोड़, करोड़, 79.64 लाख, 1.94 करोड़, 1.97 करोड़, 83.69 लाख, 88.87 लाख और 2.15 करोड़ रुपये के करीब धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार भदोही जनपद की 05 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 1.03 करोड़, 1.47 करोड़, 1.45 करोड़ 99.97 लाख, 1.25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। वहीं सोनभद्र जनपद की 02 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 1.25 करोड़ और 1.16 करोड़ रुपये की धनराशि अनुमोदित की गई है। इसी तरह महोबा जनपद के विभिन्न मंदिरों के लिए क्रमशः 1.08 करोड़ रुपये, 45.58 लाख और 71.77 लाख रुपये तीन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत किए गए। हमीरपुर की 02 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 70 लाख और 69.81 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। बांदा की 06 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 53.82 लाख, 1.38 करोड़, 1.14 करोड़, 1.30 करोड़, 3.38 करोड़ और 2.83 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई।

वहीं चित्रकूट की 06 परियोजनाओं के लिए क्रमशः 1.81 करोड़, 2.29 करोड़, 5.25 करोड़, 1.71 करोड़, 1.66 करोड़ और 9.05 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि लगभग सभी परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराने के लिए निविदा की कार्यवाही प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सेक्टर की लोकप्रियता एवं निवेश की असीमित संभावनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार आस्था के साथ विकास के अंतर्गत सभी स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं सुलभ करा रही है।

# महिला सशक्तीकरण का मॉडल बना यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्र में वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के गठन और वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बनने के बाद प्रदेश में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखकर लागू की गई योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है।

प्रदेश में महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और अवसरों का वातावरण पहले की तुलना में अधिक मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मिशन शक्ति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) तथा लखपति दीदी अभियान जैसी योजनाओं ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योगी सरकार ने महिला सुरक्षा को शासन की प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया, महिला हेल्पलाइन 1090 को सशक्त बनाया तथा प्रदेश भर में महिला हेल्प डेस्क स्थापित कीं। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा संबंधी

- मिशन शक्ति से मिली सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की गारंटी

जागरूकता बढ़ाई गई। महिला पुलिस बल को मजबूत करने के लिए पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। महिला बीट पुलिसिंग, पिंक पेट्रोलिंग और हेल्प डेस्क जैसी व्यवस्थाओं ने महिलाओ में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उत्तर प्रदेश में लगभग 1.86 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत अब तक 27.37 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। प्रदेश में लगभग एक करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं, ऋण सुविधाओं और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। लखपति दीदी अभियान को उत्तर प्रदेश में व्यापक सफलता मिली है। अभियान का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रुपये या उससे अधिक करना है। प्रदेश में अब तक 18.55 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। कौशल विकास, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के माध्यम से महिलाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का व्यापक सामाजिक आंदोलन बन चुका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ होने वाले गंभीर अपराधों में कमी दर्ज की गई है। एनसीआरबी के आंकड़ों के हवाले से बताया गया है कि वर्ष 2016 में दहेज उत्पीड़न और हत्या के मामलों की दर प्रति लाख महिलाओं पर 2.4 थी, जो वर्ष 2024 में घटकर 1.8 रह गई। इसी प्रकार महिलाओं के अपहरण के मामले वर्ष 2016 के 13,014 से घटकर वर्ष 2024 में 7,919 रह गए। बलात्कार की दर भी 4.6 से घटकर 2.8 होने का दावा किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महिला सुरक्षा, आर्थिक सशक्तीकरण, स्वास्थ्य और शिक्षा को समान महत्व देने वाली नीतियों ने उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को नई दिशा दी है। पिछले नौ वर्षों में महिलाओं को सुरक्षा का बेहतर वातावरण और आत्मनिर्भरता के नए अवसर मिले हैं। परिणामस्वरूप आज प्रदेश की महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास यात्रा की सक्रिय सहभागी और अग्रणी शक्ति बनकर उभर रही हैं।

# हर जिले में विकसित होगा एक प्रमुख गो आधारित उद्योग

**लखनऊ।** प्रदेश में गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने गोशालाओं की क्षमता का राज्यव्यापी मूल्यांकन पूरा कर लिया है। इसके आधार पर अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्थानीय संसाधनों और आवश्यकताओं के अनुरूप एक प्रमुख गो आधारित उद्योग विकसित करने की तैयारी है। इस पहल को ₹एक जनपद-एक नवाचार₹ मॉडल के रूप में लागू किया जाएगा।

योजना का उद्देश्य गोशालाओं को केवल निराश्रित गोवंश के संरक्षण तक सीमित न रखकर उन्हें उत्पादन, रोजगार, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण उद्यमिता के केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसके लिए प्रदेशभर की गोशालाओं में उपलब्ध भूमि, गोवंश, जल संसाधन, पंचगव्य इकाइयों और स्थानीय बाजार की संभावनाओं का विस्तृत आकलन किया गया है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष



- ग्रामीण युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के मिलेंगे अवसर

श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण और अध्ययन के बाद प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग नवाचार मॉडल तैयार किए जा रहे हैं। किसी जिले में बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा तो कहीं इको पेंट निर्माण, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर आधारित उत्पाद, पंचगव्य उत्पादों को प्राथमिकता मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर छोटी उद्योग इकाइयों का विकास होगा और ग्रामीण युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जिला विशेष नवाचार मॉडल के माध्यम से संसाधनों को आय और रोजगार में बदलने की रणनीति तैयार की गई है।

योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण देकर उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन से जोड़ा जाएगा। यह मॉडल सफल होने पर गोशालाएं आत्मनिर्भर बनेंगी, प्राकृतिक खेती को नई गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। साथ ही प्रत्येक जिले की एक विशिष्ट गो-आधारित पहचान विकसित होगी, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी।

# पूर्वांचल को मिली बड़ी रेल सौगात 19 जून से शुरू होंगी नई ट्रेन सेवाएं

**लखनऊ।** पूर्वांचल के रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र को कई महत्वपूर्ण रेल सुविधाओं की सौगात मिलने जा रही है। रेल मंत्रालय ने पूर्वांचल की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के उद्देश्य से नई रेल सेवाओं को मंजूरी दे दी है, जिनका शुभारंभ आगामी 19 जून से किया जाएगा। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि मऊ, मधुबन और पूरे पूर्वांचल क्षेत्र की रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए वह लगातार रेल मंत्रालय और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के संपर्क में रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल के यात्रियों को अब कई नई रेल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। दोहरीघाट-औंड़िहार मेमू ट्रेन का संचालन वाराणसी तक किया जाएगा। इसके अलावा मऊ-आनंद विहार (दिल्ली) स्पेशल ट्रेन का नियमित संचालन मऊ से शुरू होगा। वहीं छपरा-आनंद विहार सुपरफास्ट ट्रेन को मऊ मार्ग से संचालित किया जाएगा, जिससे दिल्ली जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्राप्त होगी। ए.के. शर्मा ने बताया कि अप्रैल माह में दोहरीघाट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रेल सेवाओं के विस्तार से संबंधित जो प्रस्ताव रखे गए थे, उन्हें रेल मंत्रालय ने स्वीकृति प्रदान कर दी है और अब उन्हें धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन रेल सेवाओं का शुभारंभ 19 जून, 2026 को होगा। इस अवसर पर मऊ रेलवे स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव छपरा से ऑनलाइन जुड़कर जनता को संबोधित करेंगे।

# 5.87 लाख ग्रामीण परिवारों को मिला आशियाना

## पक्के घरों के 99 फीसदी लाभार्थियों ने माना जीवन स्तर में हुआ सुधार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रदेश के आवासहीन एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरी है। योजना के माध्यम से लाखों गरीब ग्रामीण परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराकर उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी जीवन का आधार प्रदान किया जा रहा है। शासन के मूल्यांकन प्रभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच कराए गए सर्वेक्षण में योजना के सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आए हैं।

सर्वेक्षण में शामिल 1,464 परिवारों में से 1,457 परिवारों ने माना कि पक्का मकान मिलने के बाद उनके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह आंकड़ा दशार्ता है कि योजना ने जरूरतमंद परिवारों को केवल आवास ही नहीं, बल्कि बेहतर जीवन जीने का अवसर भी प्रदान किया है। सर्वेक्षण के अनुसार 84 प्रतिशत लाभार्थियों ने बताया कि पक्का घर मिलने के बाद उन्हें सर्दी, गर्मी और बारिश जैसी प्राकृतिक परिस्थितियों से बेहतर सुरक्षा प्राप्त हुई है। पहले जहां कच्चे मकानों और झोपड़ियों में रहने वाले परिवार मौसम की मार झेलने को मजबूर थे, वहीं अब वे सुरक्षित वातावरण में जीवन यापन कर रहे हैं। रहन-सहन और जीवन स्तर में भी व्यापक सुधार दर्ज किया गया है। 77 प्रतिशत लाभार्थियों ने माना कि पक्का मकान मिलने के बाद उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है और पारिवारिक जीवन पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित हुआ है।

आवास योजना का प्रभाव केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे लाभार्थियों के आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में 71 प्रतिशत लोगों ने कहा कि पक्का घर मिलने के बाद समाज में उनका सम्मान बढ़ा है और उन्हें सामाजिक बराबरी का अनुभव होने लगा है। सर्वेक्षण के दौरान 68 प्रतिशत लाभार्थियों ने बताया कि कच्चे घरों में रहने के दौरान उन्हें सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता था। पक्के मकान मिलने के बाद इस समस्या से काफी हद तक राहत मिली है, जिससे परिवारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों में सुधार हुआ है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर योजना की प्राथमिकता श्रेणी में दिव्यांगजन, 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की निराश्रित विधवा महिलाएं तथा प्रदेश की सभी अनुसूचित जनजातियों को शामिल किया गया, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों तक आवास सुविधा पहुंचाई जा सके।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उन गरीब परिवारों के लिए आशा की किरण साबित हुई है, जो विभिन्न कारणों से अन्य आवास योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर सके थे। विशेष रूप से वनटांगिया, मुसहर, कोल, थारू, चेरो, कुष्ठ प्रभावित तथा कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया गया है।

# लर्निंग गैप खत्म करने के लिए शुरू होगा कैच-अप शिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार शिक्षा सुधार के अगले चरण में प्रवेश करते हुए अब विद्यार्थियों के सीखने के अंतराल (लर्निंग गैप) को समाप्त करने के लिए प्रदेशव्यापी कैच-अप शिक्षण अभियान शुरू करने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य उन बच्चों तक प्रभावी शैक्षणिक सहायता पहुंचाना है, जो किसी कारणवश अपेक्षित अधिगम स्तर से पीछे रह गए हैं।

इस अभियान के तहत जुलाई 2026 में सभी विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय पुनरावृत्ति शिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके बाद अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक विद्यालयों में प्रतिदिन 20 से 30 मिनट का विशेष ह्यकैच-अप शिक्षणह्ण सत्र आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी आवश्यकता के अनुरूप शैक्षणिक सहयोग प्रदान करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और एनसीएफएसई-2023 के अनुरूप तैयार की गई इस कार्ययोजना के माध्यम से सरकार बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार लाने के लिए सुनियोजित और परिणामोन्मुखी रणनीति लागू करेगी।

सरकार का मानना है कि समय रहते लर्निंग गैप को दूर करना बच्चों की आगे की शैक्षणिक प्रगति के लिए आवश्यक है। उत्तर प्रदेश में शिक्षा सुधार अब केवल नामांकन और आधारभूत सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के वास्तविक अधिगम परिणामों पर भी केंद्रित है। निपुण भारत मिशन, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल अनुश्रवण और अब कैच-अप शिक्षण अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा सीखने की प्रक्रिया में पीछे न रह जाए। कैच-अप शिक्षण को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर स्थानीय परिवेश, दैनिक जीवन के अनुभवों और गतिविधि आधारित शिक्षण से जोड़ा जाएगा। शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम), गणित किट, पुस्तकालय की पुस्तकें, चार्ट, पोस्टर और स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। खेल आधारित गतिविधियां, कहानी, चित्र, लेखन, समूह कार्य और सहभागितापूर्ण शिक्षण के माध्यम से बच्चों की सीखने में रुचि बढ़ाई जाएगी, जिससे वे विषयों को बेहतर ढंग से समझ सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कठिनाइयों की पहचान कर उनका समाधान किया जाएगा।

त्रुटि विश्लेषण के माध्यम से यह समझा जाएगा कि बच्चे किन कारणों से पिछड़ रहे हैं। मैं करूं-हम करें-तुम करो रणनीति, पीयर लर्निंग, पेयर लर्निंग और कोऑपरेटिव लर्निंग जैसी शिक्षण पद्धतियों का उपयोग कर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग और समस्या समाधान क्षमता विकसित की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बच्चा स्वयं को कमजोर या उपेक्षित महसूस न करे।

# हर कॉरिडोर और चौड़ीकरण योजना की हो जांच

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के बनाए हर कॉरिडोर और चौड़ीकरण की योजना के पीछे जो घपला-घोटाला है, उसके लिए एक बहुसदस्यीय न्यायिक जांच हो। इसमें संलिप्त न कोई ट्रस्टी बक्शा जाए, न किसी कमेटी का कोई सदस्य और न ही कोई प्रशासनिक और विकास प्राधिकरण का अधिकारी। इतने बड़े घोटाले इन सबकी मिलीभगत से ही होते हैं।

अखिलेश यादव ने विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित किया। साथ ही बड़े मंगलवार के अवसर पर कई भण्डारों में भाग लिया और लोगों को प्रसाद बांटा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में इन कामों से जो भी जुड़ा रहा है और जिन पदाधिकारियों और अधिकारियों ने मुख्य-मुख्य भूमिका निभाई है,



उनकी गैरकानूनी तरीके से कमाई गयी काली संपत्ति व अकूत धन-संपदा की भी जांच आम जनता, ईमानदार पत्रकारों व बहुदलीय जनप्रतिनिधियों की निगरानी में हो। भंडारा में श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा लूट से मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम को मानने वाले बहुत दुःखी है। चढ़ावा के पैसे की लूट हुई। गोबर और कंडे में पैसे निकल रहे हैं। लोकसभा चुनाव में सपा के साथ जो इंडिया गठबंधन रहा हैं। वहीं, गठबंधन विधानसभा चुनाव में भी रहेगा। सपा इंडिया गठबंधन में लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया था आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में भी हराएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए बहुत दल और ताकते आयेंगी। लोकसभा चुनाव में हारी हुई भाजपा अभी बहुत साजिश और षडयंत्र करेगी। भाजपा की साजिशों से सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव को लेकर सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ जनता भाजपा को हराने और हटाने के लिए तैयार है।

भाजपा सरकार में जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार बढ़ा है। नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। उससे जनता भाजपा से नाराज है। भाजपा सरकार की विदेश नीति फेल है। डीजल, पेट्रोल में मिलावट किया जा रहा है। चंदा चोरी हो रही है। किसान के सामने खाद-बीज का संकट है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है।

# शिक्षक भर्ती 2018 में ओबीसी को मिले 5% अंकों की छूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ स्थित इंदिरा भवन में आयोग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व अध्यक्ष द्वारा आयोग की वर्ष 2020 से 2025 तक की उपलब्धियों पर आधारित वार्षिक रिपोर्ट पुस्तिका का विमोचन किया गया।

बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष राजेश वर्मा ने आयोग के सदस्यों से आह्वान किया कि वे ग्राम एवं जिला स्तर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संगोष्ठी एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करें, ताकि पिछड़े वर्गों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आयोग की ओर से किए जा रहे कार्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में आयोग की वर्तमान गतिविधियों, भविष्य की कार्ययोजना तथा आयोग की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराने के लिए भेंट करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में कहार एवं कश्यप जातियों के साथ धीवर जाति को एक ही क्रमांक पर शामिल किए जाने से संबंधित प्रकरण पर चर्चा हुई। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण इस मामले को अभी विचाराधीन रखा गया है। इसके अलावा सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा-2018 में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को अर्हक अंकों में 5 प्रतिशत की छूट देने के विषय पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। आयोग ने इस संबंध में शासन को संस्तुति भेजने का निर्णय लिया। विमोचित वार्षिक रिपोर्ट पुस्तिका में वर्ष 2020 से 2025 के दौरान आयोग द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण शामिल किया गया है। साथ ही आयोग की भूमिका, विभिन्न प्रकोष्ठों की जानकारी तथा पिछड़ा वर्ग से संबंधित महत्वपूर्ण शासनादेशों को भी पुस्तिका में स्थान दिया गया है। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्थान एवं विकास के लिए प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाए। उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली ने जनसुनवाई कार्यक्रमों के दौरान सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की गैरमौजूदगी के कारण कई बार कार्यक्रम अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते। इस संबंध में शासन को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का सुझाव दिया गया।

बैठक में जिला एवं ग्राम स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के उपायों पर भी विचार किया गया, ताकि जनसुनवाई एवं संगोष्ठियों का संचालन प्रभावी ढंग से हो सके। अंत में आयोग के सचिव मनोज कुमार सागर ने बैठक में दिए गए सभी निर्देशों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

# देश सिर्फ वादे नहीं, बल्कि काम देखता है : डॉ. के लक्ष्मण

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की यात्रा की पत्रकारवार्ता के दौरान पेश की रिपोर्ट

**लखनऊ।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की यात्रा की बात कर रहे है। नरेन्द्र मोदी को 2014, 2019 और फिर 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने चुनकर साफ कर दिया है कि देश सिर्फ वादे नहीं, बल्कि काम देखता है और इसी जन-विश्वास की बदौलत आज एनडीए देश के 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है। मोदी सरकार की प्राथमिकता गरीब, किसान, युवा और महिलाओं का आर्थिक व सामाजिक उत्थान है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण ने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि




इसे एक जनआंदोलन बना दिया है। सरकार का एक ही लक्ष्य है कि हर योजना का शत प्रतिशत लाभ पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले है।

उन्होंने कहा कि तकनीक और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से सीधे बैंक खातों में पैसा भेजकर लाखों फर्जी लोगों को हटाया गया। इससे न सिर्फ आम आदमी का काम आसान हुआ, बल्कि देश के 4.31 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बच गए। मोदी के नेतृत्व में आज देश की सीमाएं और आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाईयों ने साफ कर दिया है कि यह नया भारत है, जो चुप नहीं बैठता बल्कि मुंहतोड़ जवाब देता है।

के. लक्ष्मण ने कहा कि सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति की वजह से देश आज नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है और हमारा रेड कॉरिडोर अब ग्रीन ग्रोथ जोन में बदल चुका है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी अब कटमनी और भ्रष्टाचार की राजनीति खत्म हो रही है और वहां के लोगों को उनका हक मिल रहा है। मोदी सरकार के विगत 12 वर्ष आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को सच करने की यात्रा है।

### सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाये : डॉ. के लक्ष्मण

**लखनऊ।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश की प्रदेश पदाधिकारी बैठक राजधानी लखनऊ में भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति, संगठन विस्तार और ओबीसी समाज के बीच विभिन्न अभियानों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से संपर्क व संवाद के लिए तैयार कार्ययोजना पर मंथन किया गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष सांसद डॉ. के लक्ष्मण के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में हुई बैठक में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डा. के लक्ष्मण ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए धरातल पर सक्रिय भूमिका निभाएं। डा. के लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक व्यापक और विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जन-जन तक संपर्क व संवाद के माध्यम से पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर घर तक पहुंचायें। आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नरेंद्र कश्यप ने संगठन के ढांचे को और धार देने की बात कही। इसके तहत जिला, मंडल और बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ओबीसी समाज के सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। समाज के सभी पिछड़े और वंचित वर्गों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। बैठक के दौरान ओबीसी समाज की सभी जातियों को एक साझा मंच पर लाकर संगठन को अभेद्य मजबूती देने की रणनीति पर भी गंभीर चर्चा हुई। पदाधिकारियों से साफ तौर पर कहा गया कि वे समाज के बीच जाकर भाजपा की राष्ट्रवादी नीतियों और सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और अधिक से अधिक लोगों को प्राथमिक सदस्यता दिलाकर संगठन से जोड़ें।

# आज वाराणसी में विशेष कार्यक्रमों में शामिल होंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी 17 जून, बुधवार को वाराणसी प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे जनसंपर्क के साथ, सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। पंकज चौधरी सुबह 7:00 बजे मंडी तालाब, मडुआडीह में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम एवं पौधरोपण अभियान में भाग लेंगे। इसके बाद सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे तक कैंट विधानसभा क्षेत्र, महमूरगंज में आयोजित प्रबुद्धजन विशेष संपर्क कार्यक्रम में हिस्सा लेकर वे प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे। इसके बाद सुबह 9:30 बजे डॉ. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा से आयोजित 'प्रगति पथ यात्रा' में सम्मिलित होंगे।

संक्षेप

## चक्रवाती तूफान से विद्युत पोल टूटने से ठप है आपूर्ति

प्रतापगढ़। स्थानीय विकासखण्ड के लालपुर गांव में चक्रवाती तूफान से विद्युत आपूर्ति आठ दिनों से ठप है। गांव मे एचटी लाइन का एक पोल टूट कर गिर गया। आठ दिनो से विभागीय कर्मचारी टूटे पोल को बदल नही सके। ग्राम प्रधान बृजेश सिंह ने एसडीओ विद्युत को शिकायती पत्र देकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराये जाने की मांग उठाई है। वही क्षेत्र के वर्मा नगर तिराहे पर भी पोल टूटने से आपूर्ति मंगलवार को भी बाधित दिखी। विद्युत आपूर्ति ठप होने से बाजार मे भी शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। ज्येष्ठ माह होने के कारण ज्यादातर श्रद्धालु बाबा घुइसरनाथ वर्मा नगर तिराहे से होकर आया जाया करते हैं। व्यापारियों से विभाग से आपूर्ति दुरूस्त कराए जाने की मांग उठाई है।

## व्यापारी के साथ मारपीट, दी गई तहरीर

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज बाजार में दबंगो द्वारा व्यापारी के साथ मारपीट की घटना को लेकर मंगलवार को आक्रोश का माहौल दिखा। सोमवार की शाम आठ बजे व्यापारी राकेश कुमार पुत्र जगन्नाथ अपनी दुकान पर बैठा था। इस बीच आधा दर्जन दबंग पहुंचे और उसे दुकान के अंदर से बाहर खींचकर जमकर मारापीटा। बीचबचाव को पत्नी आशा आयी तो उसे भी आरोपियो द्वारा गाली देते हुए जमकर मारापीटा। मंगलवार को पीड़ित व्यापारी ने थाने पहुंचकर चार नामजद तथा आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ घटना को लेकर तहरीर दी है। वही उदयपुर पुलिस द्वारा घटना को लेकर लापरवाही बरतने को लेकर व्यापारियों में आक्रोश भी देखा गया।

## वालीवॉल के विवाद में मारपीट को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। वालीवाल खेल के विवाद मे आरोपियो द्वारा पीड़ित की पिटाई को लेकर चार के खिलाफ लीलापुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के महुआवन गाबी निवासी साहिल पुत्र अंसार अली ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह जून को सायं छः बजे गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास वह वालीवॉल खेल रहा था। इस बीच तेलियाही निवासी जैद पुत्र जमील, मांदूपुर निवासी फैसल पुत्र पप्पू पठान तथा बोझवा निवासी सोएब पुत्र तौफीक एवं रानीगंज निवासी आर्यन ने विवाद करते हुए उसे गाली दी। मना करने पर आरोपियो द्वारा लाठी डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जैद समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## महिला की पिटाई को लेकर दो के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। महिला की पिटाई को लेकर लीलापुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के नागापुर तिलौरी निवासिनी तहसीन बानो पत्नी कियामुददीन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पन्द्रह जून को शाम चार बजे घरेलू विवाद को लेकर गांव के मेराजुददीन पुत्र जैनुद्दीन तथा सादिक अली पुत्र साबित अली ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। शोर मचाने पर गांव के लोग जुटे तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मेराजुददीन समेत दो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## व्यापारी के साथ मारपीट को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। दुकान पर बैठे व्यापारी के साथ गालीगलौज एवं मारपीट तथा धमकी को लेकर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पतुलकी निवासी मो0 रफीक पुत्र हातिम अली ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह जून को सुबह करीब साढ़े छः बजे वह अपनी किराने की दुकान पर बैठा था। इस बीच गांव के मो0 इस्तियाक पुत्र अब्दुल जब्बार, अदनान व कामरान पुत्रगण मो0 इस्तियाक व अब्दुल जब्बार पुत्र अब्दुल गफूर दुकान पर आए और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों द्वारा पीड़ित को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने दुकान का सामान फेंकते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मो0 इस्तियाक समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

## लाभार्थियों को वितरित हुए स्वीकृति पत्र



इंटवा सिद्धार्थनगर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास खंड इटवा में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद जगदम्बिका पाल, पूर्व विधायक डॉ. सतीश द्विवेदी एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने फीता काटकर किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से लाभ उठाने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान और आमजन के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं, जिनका लाभ बिना भेदभाव के लोगों को मिल रहा है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उपस्थित लोगों से विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी लेने और पात्रता के अनुसार पंजीकरण कराने की अपील की। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने तथा ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के तहत वृक्षारोपण करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। सांसद, पूर्व विधायक एवं जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, खंड विकास अधिकारी मारकंडे पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# डीएम ने लगायी मस्जिद हटाने की कार्रवाई पर रोक

## नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

बहराइच। बहराइच-नेपाल राजमार्ग पर स्थित एक मस्जिद को हटाने की प्रस्तावित कार्रवाई पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मंगलवार को रोक लगा दी और संबंधित पक्षों को नोटिस देने समेत सभी वैधानिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही विस्तृत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बहराइच के परियोजना निदेशक प्रशांत कुमार बाजपेई ने 15 जून को नगर मजिस्ट्रेट को पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के अंतर्गत ग्राम काजीजोत में कथित अतिक्रमण हटाने के लिए 16 जून पूर्वाह्न 11 बजे का समय निर्धारित किए जाने की सूचना दी थी तथा पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मस्जिद और आसपास के क्षेत्र में अफवाहें फैल गईं। हालांकि प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप करके लोगों को आश्वस्त किया कि फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। एनएचएआई के एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि जिस स्थान को अतिक्रमण की श्रेणी में माना जा रहा है, वहां एक मस्जिद स्थित है और संवेदनशीलता के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल की आवश्यकता थी।

उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए आज की तारीख निर्धारित करके प्रशासन को पत्र लिखा गया था, लेकिन प्रशासन की ओर से आज यह कहा गया कि राजस्व कर्मियों से सत्यापन करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि इसके बाद कार्रवाई फिलहाल के लिए स्थगित कर दी गई। अकेलवा मस्जिद के मुतवल्ली अब्बास खान और केयरटेकर असगर खान ने बताया कि करीब 200 वर्ष पुरानी इस मस्जिद में प्रत्येक शुक्रवार को 600 से 700 लोग नमाज अदा करने आते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ी होने के बाद मस्जिद राजमार्ग के अधिक निकट दिखाई देने लगी है। हालांकि दोनों ने मस्जिद हटाए जाने संबंधी कोई आधिकारिक सूचना मिलने से इनकार किया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि एनएचएआई की ओर से भेजे गए पत्र के बाद मामले की जानकारी के लिए बैठक बुलाई गई थी।

## ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बाबा धाम में श्रद्धालुओं की जुटी भीड़, जगह - जगह हुआ भंडारा



प्रतापगढ़। ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बाबा घुइसरनाथ धाम समेत विभिन्न स्थानों पर हुए भण्डारो मे श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। जगह जगह धार्मिक आयोजन मे भक्तो ने हनुमान जी महराज की आरती उतारी। सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ भी हुए। बाबा घुइसरनाथ धाम मे भण्डारो मे श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। लालगंज के हरिहरमंदिरम मे श्रीरामचरितमानस पाठ को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ इसका संयोजन रामचन्द्र शुक्ल ने किया। वही नसीरपुर मे लाल वीरेन्द्र प्रताप सिंह व लाल अंजनी कुमार सिंह के संयोजन मे भण्डारे का आयोजन हुआ। यहां भक्ति संगीत के कार्यक्रम मे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। संचालन अधिवक्ता लाल अंकित प्रताप सिंह ने किया। वहीं डगरारा गांव में श्रीशिवमहापुराण कथा को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसका संयोजन समाजसेवी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने किया।

## दुर्घटना में घायल अधिवक्ता ने ऑटो चालक के खिलाफ दी तहरीर

प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल अधिवक्ता ने अज्ञात आटो चालक के खिलाफ लापरवाही को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के इटैला निवासी बेनीलाल शुक्ल तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। रविवार की शाम वह बाइक से घर जा रहे थे। नोती गांव के समीप एक तेज रफ्तार आटो ने बाइक मे टक्कर मार दी। इससे अधिवक्ता को गंभीर चोटें आ गयीं। इलाज कराने के बाद पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर सौपी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में 127 अभ्यर्थी सफल

श्रावस्ती। रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण की दो दिवसीय प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह की अध्यक्षता में 15 और 16 जून को यह प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया में कुल 128 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। दोनों दिनों में 64-64 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। 15 जून को उपस्थित सभी 64 अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन और शारीरिक मानक परीक्षण में सफल रहे। वहीं 16 जून को निर्धारित 64 अभ्यर्थियों में से 63 अभ्यर्थी सफल पाए गए, जबकि एक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा। इस प्रकार दो दिवसीय भर्ती प्रक्रिया में कुल 128 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 127 अभ्यर्थी सफल रहे तथा एक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा। भर्ती प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार संपन्न कराए। अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# राप्ती बैराज के पास 1.469 किलो चरस के साथ युवक गिरफ्तार



श्रावस्ती। जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मल्हीपुर पुलिस ने एक युवक को 1 किलो 469 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान के पर्यवेक्षण में थाना मल्हीपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर राप्ती बैराज के निकट पुलिया नंबर-1 के पास एक युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 469 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जाबिर पुत्र मुकद्दम, निवासी बढ़ईपुरवा, थाना मल्हीपुर, जनपद श्रावस्ती बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना मल्हीपुर में मु0अ0सं0 94/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विनायक सिंह, उपनिरीक्षक आलोक चन्द्रा, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मनीष शर्मा तथा कांस्टेबल प्रमोद कुमार शामिल रहे।

# गैरइरादतन हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



शोहरतगढ़ (सिद्धार्थनगर)। क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के निर्देशन में क्रियाशील प्र0नि0 नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, थाना शोहरतगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 101/2026, धारा 105, 115(2) एवं 352 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त दुर्गेश निषाद उर्फ गोलू (25 वर्ष) पुत्र रामजियावन उर्फ रामजीवन, निवासी वार्ड संख्या 13 बेनीमाधव नगर (नीबी दोहनी), कस्बा एवं थाना शोहरतगढ़ को मुखबिर की सूचना पर सेमरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव एवं पुलिस टीम द्वारा की गई। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।

## प्रेमिका के भाई की गोली मारकर हत्या

बरेली। जिले में एक युवक ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अपनी प्रेमिका के भाई की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार देर रात उस समय हुई, जब बारादरी थानाक्षेत्र के गोसाईं गौटिया गांव में रहने वाला अर्जुन (21) डेलापीर स्थित एक बारात घर में डीजे बजाने का अपना काम खत्म कर घर लौट रहा था कि तभी घात लगाए लोगों ने उसे घेर लिया और एक ने उसके सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने पाया कि अर्जुन की मौत हो चुकी थी। नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में चार लोग दिखाई दिये। इन चार लोगों में अर्जुन के अलावा तीन आरोपी कुश, अर्पित और कपिल की पहचान हो गयी है जबकि एक आरोपी की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

## खाद्य विभाग की छापेमारी, प्रोसेस्ड फूड उत्पादों के 7 नमूने जांच को भेजे गये



सिद्धार्थनगर। प्रोसेस्ड फ्रूट्स एवं वेजिटेबल प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 7 नमूने संग्रहित किए। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय आर.एल. यादव के नेतृत्व में अटलनगर, इटवा बाजार से मिक्स्ड पिकल एवं ग्रीन चिली पिकल, इटवा-बिस्कोहर रोड से मिक्स्ड फ्रूट जैम, टमाटो कैचअप एवं मिक्स्ड पिकल तथा नौगढ़ के साड़ी चौराहा से कांटिनेंटल सॉस का नमूना लिया गया। सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हीरा लाल एवं नीरज कुमार चौधरी भी शामिल रहे।

# बड़े मंगल पर हुआ भव्य भंडारा



पटना कोठार, श्रावस्ती। ज्येष्ठ मास के पावन सातवें बड़े मंगलवार के अवसर पर पटना कोठार श्रावस्ती चौराहे पर भव्य भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व विजय कुमार पाण्डेय ने क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, आरती एवं भजन-कीर्तन के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की उन्नति एवं जनकल्याण की कामना की। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जिसमें दूर-दराज से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन के दौरान सामाजिक सौहार्द, जनसहभागिता और धार्मिक आस्था की अनूठी मिसाल देखने को मिली। क्षेत्र के लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। इस अवसर पर केदारनाथ तिवारी, राजकुमार पाण्डेय, संजय शुक्ला, वीरेन्द्र पाण्डेय, बड़कऊ सिंह, मुन्ना सिंह, ददउ सिंह, संतोष शुक्ला सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बड़े मंगल के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक आरती संपन्न हुई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, एकता और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव देखने को मिला।

# संतोष कुमार द्विवेदी ने संभाला सिद्धार्थनगर के जिला सूचना अधिकारी का कार्यभार



सिद्धार्थनगर। निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क, लखनऊ के निर्देश के क्रम में श्री संतोष कुमार द्विवेदी का स्थानांतरण जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर के पद पर किया गया है। उन्होंने मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. के समक्ष जिला सूचना अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। वर्ष 2018 बैच के यूपीपीसीएस अधिकारी द्विवेदी इससे पूर्व अंबेडकरनगर, अयोध्या एवं बहराइच में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिला सूचना कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया।

नवागत जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार करना तथा जिला प्रशासन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें



सिद्धार्थनगर, । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 04 मामले मारपीट एवं विवाद से संबंधित तथा 02 अन्य प्रकार की शिकायतें थीं। एसएसपी ने सभी प्राप्त प्रार्थना पत्रों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## मजार हटाकर दूसरी जगह स्थानांतरित

आगरा। आगरा जिला प्रशासन ने मंगलवार को व्यस्त एमजी रोड पर स्थित एक मजार को हटाकर वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित कर दिया। यह कार्रवाई प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बातचीत के बाद की गई। पुलिस और प्रशासनिक टीमों ने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच आगरा कॉलेज के निकट यह कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार यह संरचना सड़क के बीच में स्थित थी, जिससे यातायात सुरक्षा और दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर चिंताएं पैदा हो रही थीं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त हिमांशु गौरव नेकहा कि इस मुद्दे को लेकर कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं, और कुछ निवासियों ने इसे हटाने की मांग करते हुए अदालत का रुख भी किया था। मामला उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संज्ञान में आने के बाद स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया गया कि मजार को बिना किसी विवाद के हटाया जाए।

# भारत-नेपाल सीमा सर्वेक्षण को लेकर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय बैठक संपन्न




जिला संवाददाता

श्रावस्ती। भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा सर्वेक्षण टीम-3 की दूसरी अंतर्राष्ट्रीय बैठक नेपाल के होटल पौआ में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में भारत और नेपाल के सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, वन एवं सर्वेक्षण अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बलरामपुर के जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी, बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहित बहराइच, सिद्धार्थनगर तथा नेपाल के बर्दिया, बाँके, डांग और कपिलवस्तु जिलों के मुख्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की विभिन्न बटालियनों के अधिकारियों और नेपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सहभागिता की। जिलाधिकारी श्रावस्ती अन्नपूर्णा गर्ग ने नेपाल के बर्दिया जिले के जिलाधिकारी एवं टीम लीडर गोगन बहादुर हमल को भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं जिलाधिकारी बर्दिया ने बैठक में शामिल अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बैठक में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तम्भों की मरम्मत, पुनर्स्थापना और जांच के कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज जिलों से नेपाल की सीमा जुड़ी हुई है। इन क्षेत्रों में स्थापित सीमा स्तम्भों का रखरखाव उत्तर प्रदेश भू-स्थानिक निदेशालय, लखनऊ तथा भारत-नेपाल की संयुक्त सर्वेक्षण टीम द्वारा किया जाता है। शासन द्वारा जिलाधिकारी श्रावस्ती को टीम-3 का नोडल अधिकारी एवं टीम लीडर नामित किया गया है, जो सीमा सर्वेक्षण संबंधी कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे। बैठक में नेपाल के जिलाधिकारी दिल कुमार तमंग (बाँके), निच्छल राज पाण्डेय (डांग), भबिश्वर घिमिरे (कपिलवस्तु), नेपाल पुलिस के एसपी सरोज पौढेल, एपीएफ के एसपी दिनेश कुमार महात, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अपूर्व कुमार दीक्षित, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दूबे, उपजिलाधिकारी अमिता यादव, रामदयाल, कर्मेन्द्र कुमार तथा सर्वे ऑफ इंडिया के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई तथा भारत-नेपाल सीमा सर्वेक्षण कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर सहमति बनी।

## चार वर्षीय मासूम सकुशल बरामद, मां को सौंपा गया



सिद्धार्थनगर। क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए गुमशुदा 4 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। 16 जून 2026 को ग्राम भवारी में एक अज्ञात बालक के मिलने की सूचना प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष अभय सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक अवधेश यादव व मिशन शक्ति टीम की महिला कांस्टेबल पूनम पाल ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने बालक को सुरक्षित संरक्षण में लेकर क्षेत्र में लगातार पूछताछ की, जिसके बाद कस्बा जोगिया उदयपुर में उसकी मां अंजली देवी का पता चल गया। विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालक अरदेश को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया। अपने पुत्र को सकुशल पाकर मां की आंखें खुशी से नम हो गईं और उन्होंने जोगिया उदयपुर पुलिस, विशेषकर थानाध्यक्ष अभय सिंह एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह सराहनीय कार्य थाना जोगिया उदयपुर पुलिस की सतर्कता, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

संक्षेप

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बतायीं उपलब्धियां



पाटन, उन्नाव। मोदी का सपना 2047 तक विकसित भारत हम सबको मिल कर पूरा करना है। विश्व पटल पर देश नई बुलंदियों पर पहुँच रहा है। उक्त उदगार तहसील क्षेत्र के रघुराजा रामगोपाल डिग्री कॉलेज सुमेरपुर में क्लियर सिक्योर सर्विसेज लिमिटेड द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित गोष्ठी में भगवंतनगर चेयरमैन आशीष कुमार शुक्ला राकू ने व्यक्त किया। शुक्ला ने कहा वर्तमान सरकार द्वारा सैकड़ो जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है । जिसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है।भाजपा सरकार गरीब,किसान ,नौजवान व मातृशक्ति को मुख्य आधार माना है। कौशल विकास कार्यक्रम के तहत क्लियर सिक्योर सर्विसेज क्षेत्र के दो डिग्री कालेजो में हेल्थ केयर क्षेत्र में छात्राओं के लिए 6 माह का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रबंधक शिव बोधन मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके प्रधान अभिषेक वर्मा, प्रधान शिवदर्शन, मुफीद, सुधांशू मिश्रा, सहित नर्सिंग कोर्स कर रही छात्राएं उपस्थित रही।

## तीन दिन से लापता युवती प्रेमी संग थाने पहुंची

जसवन्तनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के एक गांव से लापता हुई 20 वर्षीय युवती ने अपने प्रेमी के साथ थाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। युवती की गुमशुदगी उसकी मां ने तीन दिन पूर्व थाने में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी।

पुलिस के अनुसार गुमशुदगी दर्ज होने के बाद विभिन्न संभावित स्थानों पर युवती की तलाश की जा रही थी। इसी बीच युवती अपने प्रेमी के साथ स्वयं थाना पहुंच गई। पूछताछ के दौरान युवती ने अपने परिजनों के साथ घर जाने से साफ इनकार कर दिया। थाना पुलिस ने युवती के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कराई तथा उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। इसके साथ ही न्यायालय में भी उसके बयान दर्ज कराए गए। पुलिस का कहना है कि मामले में अग्रिम कार्रवाई युवती के न्यायालय में दिए गए बयानों और विधिक प्रक्रिया के अनुसार की जा रही है।

# योग स्वस्थ जीवन का संदेश

## योग सप्ताह में सांसद रवि किशन ने किया योगाभ्यास



गोरखपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रमों के तहत गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने मंगलवार को विभिन्न योग शिविरों में सहभागिता कर लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सांसद रवि किशन ने सबसे पहले विंध्यवासिनी पार्क में आयुष विभाग द्वारा आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए तथा उपस्थित नागरिकों के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन में संतुलन, ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। नियमित योग करने से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव होता है। सांसद ने लोगों से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को वैश्विक पहचान मिली है और पूरी दुनिया भारतीय योग परंपरा का अनुसरण कर रही है। इसके बाद सांसद रवि किशन ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर में आयोजित योग शिविर में भी सहभागिता की। यहां उन्होंने चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को निरोग रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। योग शिविर में उपस्थित लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग एवं एम्स के अधिकारियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से नियमित योग करने की अपील की। सांसद रवि किशन ने कहा कि स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नागरिकों से आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने तथा योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## एलपीएम परिवार ने शीतल पेय जल व मिष्ठान का राहगीरों में किया वितरण



गोला,गोरखपुर। मौसम में भारी तपन और भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए मंगलवार को श्री सेठ लक्ष्मी प्रसाद सेवा ट्रस्ट एवं लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पश्लिक स्कूल के तरफ से स्थानीय उपनगर गोला के मुख्य चौराहे पर एक विशाल निशुल्क शीतल जल पेय ( शिविर ) का आयोजन मंगलवार को किया गया।जहा आने जाने वाले सैकड़ों राहगीरों को बोतल बंद ठंडा पानी और मिठा के साथ स्वच्छ जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई।

इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तथा लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संरक्षक गिरधारी लाल स्वर्णकार तथा स्कूल के प्रबंधक भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इस भीषण गर्मी को देखते हुए हमारे ट्रस्ट ने यह छोटा सा प्रयास किया है ताकि कोई भी राहगीर प्यासा न रहे। यह जल सेवा आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगी। स्कूल प्रबन्ध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने कहा कि मानव सेवा ही नारायण सेवा है।

इस अवसर पर सभासद श्रवण कुमार वर्मा डा रवि वर्मा शुभम स्वर्णकार सूरज जायसवाल किशन वर्मा तथा स्कूल के शिवशंकर पंडित सुशील शुक्ला राहुल चन्द शुभम मिश्रा अभिषेक यादव आकाश सिंह दिनेश मिश्रा राजेन्द्र राय विष्णु प्रजापति दीपक कन्नौजिया अखिलेश सिंह अमरेश चन्द मिहिर जिन्होंने इस पुण्य कार्य में अपना सराहनीय और सक्रिय योगदान रहा।

## शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री अखिलेश तिवारी को मिली जिम्मेदारी



इटावा। उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी गुप्ता की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक होटल ग्रांड एम्पीरियम पंजाबी कालोनी में सम्पन्न हुई जिसमें उ. प्र. उद्योग व्यापार मंडल के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए जनपद के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से शहर के प्रमुख व्यापारी मनोज गुप्ता को शहर अध्यक्ष का दायित्व दिया व महामंत्री के पद पर अखिलेश तिवारी व वरिष्ठ व्यापारी सुबोध जैन को जिलाउपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष व जनपद के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि उक्त समस्त पदाधिकारियों से संगठन को बल मिलेगा व व्यापारी हितों में उनके कुशल नेतृत्व में व्यापारी समाज की समस्याओं का समाधान होगा। उक्त बैठक में सदाशिव श्रीवास्तव, विनीत अग्रवाल, जयप्रकाश जैन, शिवाकान्त दुबे, राजेश गुप्ता, गोविंद दुबे, रिंकू यादव, गुड्डी बाजपेई, मंजू पांडेय, हैप्पी जैन, कुलदीप गुप्ता, कपिल गुप्ता, राजीव अग्रवाल, तेजपाल राजपूत, अंजू ठाकुर, अखिलेश वर्मा, संतोष सोनी, राजीव वर्मा उर्फ कल्लू, डा. हर्षित, अमित जैन, अरविंद पोरवाल आदि मौजूद रहे।

## जामुन के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चदेठी में मंगलवार को एक 20 वर्षीय युवक का शव अपने ही खेत में जामुन के पेड़ पर लटका मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। युवक हरियाणा में नौकरी करता था और मंगलवार सुबह ही घर लौटा था। घटना की सूचना मिलने के बाद पूरा गांव शोक में डूब गया। चदेठी निवासी सनी यादव 20 पुत्र मदन गोपाल यादव बीएससी का छात्र था साथ ही हरियाणा में प्राइवेट नौकरी भी करता था। परिजनों के मुताबिक वह मंगलवार सुबह हरियाणा से घर आया था। करीब साढ़े 11 बजे वह घर से निकला और कुछ देर बाद उसका शव घर से 500 मीटर दूर स्थित निजी खेत में जामुन के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि घटना से पहले मृतक सनी ने किसी दोस्त या रिश्तेदार को वीडियो कॉल कर आत्महत्या करने की बात कही थी। इसके बाद संबंधित व्यक्ति ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार सनी की तलाश में जुट गए। काफी खोजबीन के बाद खेत में जामुन के पेड़ पर उसका शव लटका मिला। घटना की खबर मिलते ही मृतक की मां सुमन समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक का बड़ा भाई सचिन जो बाहर निजी नौकरी करता है, सूचना मिलने के बाद घर के लिए रवाना हो गया।

# सड़क किनारे मिला अलीगढ़ के युवक का शव

## हत्या की सूचना से दौड़ी पुलिस, खुली दूसरी कहानी

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में क्षेत्राधिकारी,प्रभारी निरीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची, लेकिन घटनास्थल पर जांच के दौरान मामला हत्या से अधिक सड़क दुर्घटना से जुड़ा नजर आया। हालांकि पुलिस ने मौत के कारणों की पुष्टि के लिए सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

चन्द्रपुरा-मानिकपुर मार्ग स्थित नगला पीपल मोड़ के पास सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली कि अलीगढ़ निवासी युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई है और उसका शव सड़क किनारे पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि नगला पीपल मोड़ से करीब 200 मीटर अंदर एक विद्युत पोल के पास 35 वर्षीय अजय उर्फ लालू पुत्र राधेश्याम निवासी खुशीपुरा थाना दादों जनपद अलीगढ़ का शव पड़ा हुआ था। शव के निकट उसकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली। बाइक के अगले,पिछले और बाएं हिस्से में नुकसान के निशान पाए गए। पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि जिस स्थान पर शव मिला,वहां बरसात का पानी भरा हुआ था। मृतक के बहनोई वीरेन्द्र यादव निवासी नगला पीपल के परिवार की महिलाओं ने शव को पानी से निकालकर सड़क किनारे रखा था। वहीं पुलिस रिकॉर्ड में यह भी पाया गया कि हत्या की सूचना से कुछ मिनट पहले ही इसी स्थान पर दुर्घटना होने की सूचना पीआरवी को दी गई थी। प्रारंभिक जांच में मामला सड़क हादसे की ओर इशारा करता दिख रहा है, लेकिन पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच का इंतजार कर रही है। मृतक अजय अपने रिश्तेदारों के यहां आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने इटावा आया था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और पुलिस हर पहलू की गहनता से पड़ताल कर रही है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में त्योहार मोहर्रम की तैयारियों एवं कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत केंद्रीय शांति समिति की बैठक पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी धर्म गुरुओं, महान्तो एवं मौलवियों आदि के साथ-साथ व्यापारी गण एवं नागरिकों आदि ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी ने जनपद के दूरदराज से आए लोगों से सफाई सुरक्षा आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि ताजिए की ऊंचाई तारों से ऊंची नहीं होनी चाहिए, जिससे कोई समस्या उत्पन्न ना हो, उन्होंने नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि ताजिए का जुलूस निकाला जाएगा इससे पहले नगर में भ्रमण कर साफ सफाई, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ताजिये की ऊंचाई मानक के अनुरूप ही होनी चाहिए, 10 फीट तक के ताजिए होंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस आरक्षियों की ड्यूटी लगाएं तथा स्वयं भ्रमण शील रहकर व्यवस्थाएं देखें जिससे किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था न होने पाए। उन्होंने कहा कि नशा करने तथा नशीली वस्तुओं की आपूर्ति करने वालों पर विशेष नजर रखें और उनके विरुद्ध कार्यवाही भी करें जिससे वह ऐसा कोई कार्य न कर सके जिससे किसी दूसरे की भावनाएं आहत हो और शांति व्यवस्था प्रभावित हो। बैठक में अपरजिलाधिकारी बिपिन कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क

## गीडा थाने में पीस कमेटी की बैठक



पिपरौली,गोरखपुर। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गीडा थाना परिसर में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी गीडा अश्विनी कुमार पांडेय ने की। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाए। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है तथा किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी ने पिपरौली, जैतपुर, गौसपुर कोलिया, नेवास समेत अन्य क्षेत्रों से आए गणमान्य लोगों से स्थानीय स्तर पर वालंटियर नियुक्त करने का सुझाव दिया, ताकि आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। साथ ही युवाओं से सामाजिक सौहार्द कायम रखने और क्षेत्र में शांति का वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में चौकी प्रभारी पिपरौली अमरेश कुमार सिंह, ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, शाहनवाज खान, अजीज अहमद, मेराज खान, फैजल खान, हाफिज अब्दुल कयूम, गुलजार अहमद सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल

इटावा। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छिमारा के पास बाइकों की भिड़ंत में पिता पुत्र व तीन बच्चे घायल हो गए। सूचना पर सरकारी एंबुलेंस के चालक ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छिमारा के समीप बाइकों की भिड़ंत में सूरज सिंह व पिता लालाराम सहित पुत्र शुभ 6 वर्ष पुत्री वैष्णवी 9 वर्ष, पुत्री कृष्णा 13 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गयी। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।

## लाल केसरिया गमछा दिखाकर इंटरसिटी रोकी, आरपीएफ पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की



इटावा। थाना जसवंतनगर के सरायभूपत के मध्य एक व्यक्ति द्वारा लाइन नार्थ साइट खड़े होकर आगरा लखनऊ इंटरसिटी 12180 खंभा नंबर 1163/32 पर अपना लाल (केसरिया) गमछा घुमा देने पर चालक द्वारा देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को खड़ा कर दिया। सूचना पर उक्त व्यक्ति को गााड़ी में मौजूद आरपीएफ स्काट द्वारा पकड़कर गाड़ी के गार्ड के भेजकर कार्रवाई की गई। पकड़े गए व्यक्ति का नाम शंभू सिंह पुत्र हाकिम सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी रमी का वर चकरनगर रोड थाना बढ़पुरा व हाल पता कृष्णापुरम कालोनी रूद्र अस्पताल के पास का रहने वाला बताया गया है। आरपीएफ पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजने की कार्रवाई की। परिजनों के मुताबिक आरोपी शंभू सिंह पुत्र मानसिक रूप से बीमार रहता था। अस्पताल इमरजेंसी डाक्टर राहुल बाबू ने जांच हेतु सैफई हास्पिटल के लिए रिफर कर दिया। सैफई जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## कार की टक्कर में घायल बाइक सवार की मौत, चार घायल



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पाली माइनर सम्पर्क मार्ग पर ग्राम सुजीपुर के सामने बीती सोमवार की सुबह 10 बजे उस समय चीख-पुकार के साथ हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार ईको कार ने दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से भाग जाने में सफल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां से गम्भीर घायलों को सेंफई के पीजीआई रेफर कर दिया गया है। क्षेत्र के ग्राम पालीखुर्द निवासी शिवा पुत्र सुरेंद्र उम्र करीब 23 वर्ष अपनी बाइक पर सवार होकर भरथना से पाली जा रहा था। जैसे ही बाइक ग्राम सुजीपुर के सामने पहुंची इसी बीच ग्राम पाली की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ईको कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अमीनेंद्र उर्फ शिवा 20 बर्ष पुत्र सुरेन्द्र बाबू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं गांव सुजीपुर निवासी मनोज पुत्र दिनेश अपनी माता रेखा देवी तथा बहन नेहा के साथ बाइक पर सवार होकर भरथना जा रहे थे। उन्हें भी ईको कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रेखा देवी तथा उनकी बेटी नेहा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि मनोज को भी काफी चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल शिवा को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया, जहां गंभीर हालत होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सैफई पीजीआई रेफर कर दिया गया। वहीं रेखा देवी तथा नेहा को उपचार हेतु कस्बे के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। इलाज के दौरान सैफई पीजीआई में शिवा ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सामिया का जन्म दिनांक 16/02/2008 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सका। मेरी पुत्री सामिया का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना जनहित में आवश्यक है, जिसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। जमील पुत्र लियाकत निवासी गांधीनगर नगर पंचायत बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री साजिया का जन्म दिनांक 18/12/2005 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सका। मेरी पुत्री साजिया का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना जनहित में आवश्यक है जिसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। जमील पुत्र लियाकत निवासी गांधीनगर नगर पंचायत बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।

# रामनाथ सिंह चौहान कराटे इंस्टीट्यूट में ब्लैक बेल्ट टेस्ट संपन्न



नवाबगंज, उन्नाव। ब्लॉक की ग्राम पंचायत जनसार की रामनाथ सिंह चैहान कराटे इंस्टीट्यूट में ब्लैक बेल्ट व कलर बेल्ट का टेस्ट लिया गया। जिसमें चार बच्चों ने ब्लैक बेल्ट का टेस्ट दिया। रिंकू कुमार, साहिल कुमार, नंदनी, पिंगल कुमार, कलर बेल्ट में 10 बच्चों ने टेस्ट दिया कार्यक्रम के अतिथि रहे मोहान विधायक ब्रजेश कुमार रावत,दिलीप लश्करी अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज,ब्लाक प्रमुख प्र रवि प्रताप सिंह,धर्मेश प्रताप सिंह तहसील हसनगंज क्रीड़ा प्रभारी,अमन शांडिल दीक्षित जर्नलिस्ट सरस्वती माता का दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के प्रबंधक कैप्टन प्रफुल्ल सिंह ठाकुर ने सभी अतिथि को माला पहना कर अंगवस्त्र व प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। इस केंद्र में लगभग 120 बच्चे पढ़ते हैं क्लास 6 से 12 तक पढ़ाई कम्प्यूटर क्लास, कराटे क्लास सभी निशुल्क है पांच सालों से चल रहा है यहां का इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट 85 परसेंट आया था अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने सभी बच्चों को मैडल पहना कर सम्मानित किया और सभी को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम मौजूद लक्ष्मी प्रजापति ब्लैक बेल्ट नैशनल जज, राजेंद्र विमल जिला सचिव आभार फाउंडेशन, विकास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पिता गया प्रसाद पुत्र स्वर्गीय सूरज प्रसाद की मृत्यु दिनांक 30/04/2013 को निजी आवास घर में ही हुई थी। जानकारी के अभाव में मैं अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत नहीं कर सका। इसके पहले मैं कहीं से भी मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए कोई आवेदन नहीं किया। मेरे पिता गया प्रसाद का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना जनहित में आवश्यक है। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। उमाकांत पुत्र स्वर्गीय गया प्रसाद निवासी कृष्णा नगर पश्चिमी नगर पंचायत बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अरविन्द कुमार पुत्र राम कुमार व मनीष कुमार पुत्र राम कुमार व पुत्रबधू किरन देवी पत्नी अरविन्द कुमार निवासी-बांकेगंज रोड मो. गांधीनगर, थाना हैदराबाद, तहसील गोला, जिला लखीमपुर खीरी के गलत चाल-चलन से परेशान होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उक्त तीनों लोगो से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं होगा। भविष्य में इन तीनों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। राम कुमार पुत्र तेजराम नि.-बांकेगंज रोड मो. गांधीनगर, थाना हैदराबाद, तहसील गोला, जिला-लखीमपुर खीरी।

# बड़े मंगलवार पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन




मौरावा। बड़ा मंगलवार सातवां विशाल भंडारा का आयोजन हुआ सुगमेशवर मंदिर की तरफ से मंदिर समिति की ओर से दिव्य लोक यात्रा के लिए एक निशुल्क वाहन उपलब्ध कराया गया है इस अवसर पर जनसभा हुई संबोधित करते हुए पूर्व सदस्य विधान परिषद अरविंद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं जो समाज का चिंतन करते हैं उनके दुखों को बताते हैं असल में वही सच्चे होते मानो है सही मायने में यही सच्चा धर्म है सुगमेशवर मंदिर समिति सिर्फ धर्मार्थ कार्यों के अलावा सामाजिक कार्यों के लिए भी चर्चित है वहीं पर आपको बताते चलें कि धर्म के दर्शन के लिए आपको जाना है तो एक बस समिति की तरफ से आई है उसे बस को धर्म के कार्यों में भेजी जाएगी। मौरवा आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष कुवरविवेक सेठ ने कहा की सुगमेशवर मंदिर का एक सांकेतिक द्वारका निर्माण करवाउगा जल्दी नगर पंचायत में मीटिंग में प्रस्ताव रखूंगा अरविंद त्रिपाठी मंदिर समिति के अध्यक्ष हैं उन्होंने ही सारे कार्यक्रम संपन्न किया वक्ताओं के में नगर अध्यक्ष विवेक सेठ मोतीलाल लोधी प्रमोद दीक्षित आदि ने सभा को संबोधित किया नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी सतीश त्रिपाठी प्रदीप मिश्रा शिवम पांडे राजू शुक्ला दीपू अग्निहोत्री गुड्डू त्रिवेदी भूपेश कुमार दुर्गी सिंह आदि मौजूद रहे खास बात यह है कि भंडारे में मौरावासहित आसपास के हजारों लोगों ने बाबा का प्रसाद चखाआयोजन एसबी शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष भाजपा गंगा प्रसाद वर्मा ने वह संचालन क्षेत्र के प्रखर विद्वान एवं ज्योतिषाचार्य बाल शंकर त्रिपाठी ने किया।

## हनुमान जयंती पर भक्तों की उमड़ी भीड़

पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत जेष्ठ माह के सातवें मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। कस्बा बिहार में बैसवारा रेलवे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा मांगलिक कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस मौके पर जगह-जगह शरबत वितरण एवं भंडारों का आयोजन किया गया जहां लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में कस्बा पाटन, सुमेरपुर किरतपुरऊच गांव, बक्सर, बाबू खेड़ा सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने शरबत वितरण एवं भंडारा आयोजित किया जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T08, Date-15.06.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई निविदा आमंत्रित करते है। क्र.स.:- 1, कार्य का नामः- इज्जतनगर मंडल में गौशाला हाल्ट को 03 लाइन क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तन के दौरान ओ.एच.ई. से संबंधित कार्य हेतु।, टेंडर रेफरेंस नं.:- SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T08, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:- ₹ 2,03,94,222.51, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी:- ₹ 4,07,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:- 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः- 08.07.2026 11:00, कार्य पूरा करने की अवधिः- 12 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 08.07.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, मुजाधि/विद्युत-72 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संक्षेप

## डीएम एसपी से नाराज होकर चले गये उपाध्यक्ष, नहीं की बैठक

लखीमपुर खीरी। डीएम एसपी से नाराज होकर चले गए उपाध्यक्ष नहीं की बैठक। भारत सरकार के राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल मंगलवार को जिले में सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए संचालित योजनाओं तथा एमएस एक्ट-2013 की समीक्षा के लिए पहुंचे थे। उनकी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, डीपीआरओ, सभी नगर पालिकाओं के ईओ, बीएसए और सहायक श्रम आयुक्त के साथ बैठक प्रस्तावित थी। बताया जाता है कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जिले में मौजूद थे। सदर एसडीएम द्वारा डीएम के व्यस्त होने की जानकारी दिए जाने पर आयोग के उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई और बिना बैठक किए ही दिल्ली के लिए रवाना हो

## तालाब में मिला नग्न अवस्था में महिला का शव

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को कोतवाली लखीमपुर क्षेत्र के ग्राम छाउछ के तालाब में लगभग 23 वर्षीय महिला का नग्न अवस्था में शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीण ने महिला के शव की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली सदर पुलिस तालाब पर पहुंच कर शव को बाहर निकलवाया पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम में रखवा दिया। महिला का नग्न शव मिलने के पीछे दुष्कर्म या हत्या के पीछे की वजह पुलिस तलाश रही है। पुलिस कई पहलुओं पर घटना की जांच कर रही है। शव की पहचान कराई जाने के लिए आसपास के क्षेत्र में जानकारी ले रही है। इस सन्दर्भ में राजेश कुमार सिंह कोतवाल लखीमपुर ने बताया कि महिला के शव की पहचान कराई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। तालाब के आसपास सीसीटीवी कैमरे कंगाल जा रहे हैं।

## बड़े मंगल पर तहसील परिसर में पिलायी शर्बत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के पावन अवसर पर मंगलवार को तहसील परिसर में विशाल शर्बत भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन पूर्व बार अध्यक्ष प्रेम किशोर मिश्र, अधिवक्ता देवेंद्र भदौरिया और अधिवक्ता पारसनाथ मिश्र की ओर से किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों ने प्रसाद स्वरूप शरबत ग्रहण किया। भंडारे में तहसील परिसर पहुंचने वाले लोगों को शरबत वितरित किया गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं और उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बड़े मंगल के अवसर पर सेवा भाव से प्रसाद वितरण कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के.के. शुक्ला गुड्डू, पूर्व महामंत्री राकेश त्रिपाठी, बार अध्यक्ष रामकुमार गौतम, महामंत्री संदीप अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी लाल दीक्षित, पारस मिश्रा, नीरज मिश्रा, डी.डी. गिरी, राजेश गिरी, विमल श्रीवास्तव, रजनी सिन्हा, सत्यपाल विश्वकर्मा, अमन प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर होगी कार्रवाई



सीतापुर। बरसात से पहले शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को आवास विकास बी ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीवर टैंक और नालियों में गंदगी देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब किया। डीएम ने सीवर टैंक की पिछली सफाई की जानकारी मांगी तथा उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर (अतिरिक्त प्रभार) सीमा को निर्देश दिया कि सफाई एवं संबंधित कार्यों की पूरी पत्रावली शीघ्र उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। उन्होंने क्षेत्र की नालियों और जल निकासी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। वर्षा के दौरान जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मोहल्लेवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने नालियों पर किए गए अतिक्रमण को जलभराव की प्रमुख वजह बताते हुए ऐसे लोगों को नोटिस जारी कर तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। डीएम के सख्त तेवरों से संबंधित विभागों में हड़कंप मच गया। उन्होंने चेतावनी दी कि बरसात के दौरान जलभराव या सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने उर्वरक केंद्रों का किया निरीक्षण



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को महोली क्षेत्र स्थित आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र रिछही तथा एग्रीजंक्शन वन स्टॉप शॉप चमारबाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पॉश मशीन में दर्ज स्टॉक और भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरकों का मिलान कराया गया, जो सही पाया गया। जिलाधिकारी ने बिक्री रजिस्टर में दर्ज किसान सतीश निवासी सेमरहन से मोबाइल पर बातचीत कर यूरिया खरीद की जानकारी ली। किसान ने निर्धारित मूल्य पर उर्वरक मिलने और किसी प्रकार की टैगिंग न होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गन्ने की फसल के लिए दो बोरी यूरिया खरीदी गई है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि किसानों को उनकी आवश्यकता और फार्मर आईडी के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण किया जाए। साथ ही बिक्री पंजिका में किसानों का विवरण दर्ज करने, उर्वरकों की दर एवं अनुदान संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने, स्टॉक बोर्ड अपडेट रखने तथा प्रत्येक किसान को कैश रसीद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## चोरों ने एक लाख रुपये किये पार

सीतापुर। हरगांव कस्बे में चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच रविवार रात अज्ञात चोरों ने दो कमरों के ताले तोड़कर करीब एक लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पीड़ित राजेश शाह और लल्लूराम शाह, निवासी तीर्थ मोहल्ला हरगांव, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी चाट की दुकान सेल्फी प्वाइंट के पास है। उन्होंने सोनाटा बैंक के निकट दो कमरे किराये पर ले रखे हैं। रविवार देर रात चोरों ने दोनों कमरों के ताले तोड़ दिए और अंदर रखे बक्से से करीब एक लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह जब दोनों कमरे पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले और नकदी गायब थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। कस्बे में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में रोष और भय व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना प्रभारी के अवकाश पर जाने के बाद चोरी की वारदातों में बढ़ोतरी हुई है, जिससे पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## रालोद के फिर जिलाध्यक्ष बने शरद



सीतापुर। राष्ट्रीय लोकदल के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शरद पांडेय को पुनः सीतापुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की सहमति से किया गया है। शरद पांडेय के दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। प्रदेश महासचिव आर.पी. सिंह चौहान समेत कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शरद पांडेय को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को जिले में नई मजबूती मिलेगी। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए संकल्प लिया कि वे जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा सीतापुर में राष्ट्रीय लोकदल को और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## ई-पंजीयन मॉड्यूल के विरोध में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए जा रहे ई-पंजीयन मॉड्यूल के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप निबंधक के माध्यम से प्रेषित किया। अधिवक्ताओं ने इस व्यवस्था को अधिवक्ता समुदाय, दस्तावेज लेखकों, टाइपिस्टों और स्टाम्प विक्रेताओं के हितों के विपरीत बताते हुए आदेश पर पुनर्विचार की मांग की है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार गौतम और महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि ई-पंजीयन मॉड्यूल लागू होने से पंजीयन कार्यों से जुड़े हजारों लोगों के रोजगार और कार्यक्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह व्यवस्था पारंपरिक पंजीयन प्रक्रिया में उनकी भूमिका को सीमित करने वाली है, जिससे अधिवक्ता समुदाय में असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पंजीयन संबंधी कार्यों को निजी कंपनियों के माध्यम से संचालित किए जाने से आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की कि अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, टाइपिस्टों एवं स्टाम्प विक्रेताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए ई-पंजीयन मॉड्यूल संबंधी आदेशों पर पुनर्विचार किया जाए तथा संबंधित वर्गों के रोजगार और कार्यों को प्रभावित होने से बचाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष रामकुमार गौतम, महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी, संयुक्त मंत्री जगवीर सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, रजनी सिन्हा, विजय वर्मा, दाताराम, कामता प्रसाद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

## गांजा संग तस्कर गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीओ नगर कपूर कुमार ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई का खुलासा करते हुए बताया कि रामकोट पुलिस ने 14 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त एक होंडा सिटी कार भी बरामद की गई है। सीओ नगर ने बताया कि 15x16 जून की रात मिजापुर मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध होंडा सिटी कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक भागने लगा, लेकिन जल्दबाजी में उसकी कार सड़क किनारे गड्ढे में फंस गई। पुलिस ने घेराबंदी कर चालक आशीष अकेला निवासी शमशेर बाग, कोतवाली नगर को पकड़ लिया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कर नियमानुसार तलाशी ली गई। कार की पिछली सीट से बरामद प्लास्टिक की बोरी में 14 किलो 400 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गांजे की खेप सीतापुर, मैगलगंज और शाहजहांपुर में बेचने के लिए ले जा रहा था। सीओ नगर कपूर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। उन्होंने कहा कि जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## बड़े मंगल पर निकाली कीर्तनमयी पदयात्रा

धौरहरा खीरी। बड़े मंगल के अवसर पर ईसानगर में भव्य कीर्तनमयी श्री हनुमान पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर बजरंगबली के जयकारों से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ होता रहा। ईसानगर के सिद्धेश्वरनाथ मंदिर से मंगलवार सुबह सात बजे से प्रारंभ हुई हनुमत पद यात्रा में श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज और निशान लेकर जय श्रीराम व जय बजरंगबली के उद्घोष के साथ करीब सात किलोमीटर दूर सेमरिया स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के लिए रवाना हुए। भजन-कीर्तन और धार्मिक नारों से पूरा मार्ग गूंजता रहा। यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की बड़ी संख्या शामिल रही। भगवान श्रीराम और हनुमानजी की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। भजनों की धुन



पर भक्त झूमते और नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शरबत, पेयजल और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। ईसानगर बाईपास, चहलारि और सेमरिया मोड़ सहित कई स्थानों पर सेवा शिविर लगाकर पदयात्रियों का स्वागत किया गया। हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बजरंगबली के दर्शन किए और प्रसाद अर्पित किया। आयोजन को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। क्षेत्र को भगवा ध्वजों, तोरणद्वारों और धार्मिक सजावट से सजाया गया था। इस पदयात्रा में श्रीकांत मिश्रा, संतोष मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार, दीपू मौजूद रहे पदयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर गोला पहुंची अटेवा की जन जागरण यात्रा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण पर रोक और सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच की राज्यव्यापी जन जागरण यात्रा सोमवार को गोला पहुंची। यात्रा के नगर आगमन पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा का नेतृत्व अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी कर रहे हैं। कृषक समाज इंटर कॉलेज के गोवर्धन हाल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने बताया कि यह जन जागरण यात्रा 11 जून को महान क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर काकोरी से शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से प्रदेश भर में पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में जनसमर्थन जुटाया जा रहा है और शिक्षकों, कर्मचारियों, युवाओं तथा आम जनता का व्यापक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि निजीकरण और नई पेंशन योजना के कारण कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा प्रभावित हो रही है। सरकारी संस्थानों के निजीकरण से रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं, जिससे युवाओं के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। उन्होंने कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल किए जाने की मांग दोहराई। प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि कर्मचारियों की आवाज को सदन तक पहुंचाने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों से आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। लखनऊ मंडल अध्यक्ष डॉ. आशीष वर्मा ने सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता का विरोध किया। वहीं शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने नई पेंशन योजना और यूपीएस को कर्मचारियों के हितों के प्रतिकूल बताते हुए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की। अन्य वक्ताओं ने भी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को उठाया।

## जनगणना 2027 का मकान सूचीकरण कार्य समय से पहले पूर्ण



लखीमपुर खीरी। जनपद में जनगणना 2027 के अंतर्गत चल रहा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समय से पांच दिन पूर्व ही सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। यह कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक निर्धारित था, जिसे 15 जून 2026 को ही पूरा कर प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी अंजनी कुमार सिंह एवं अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में यह कार्य तय समय से पहले संपन्न हुआ। जनपद स्तर पर जनगणना कार्य को गति देने में जनगणना सेल की सक्रिय भूमिका रही, वहीं उपजिलाधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, फील्ड ट्रेनर्स, सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों की टीमों ने समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। पूरे अभियान के दौरान फील्ड स्तर पर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की गई तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य को आगे बढ़ाया गया, जिसके परिणामस्वरूप कार्य समय से पहले पूर्ण हो सका। प्रशासनिक स्तर पर बेहतर समन्वय और प्रभावी प्रबंधन इस सफलता की मुख्य वजह रहा। कार्य के सफल समापन पर जनगणना सेल के कार्मिकों द्वारा जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डीएम एवं एडीएम ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं फील्ड स्टाफ को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है, जिसे पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय बताया।

## महाविद्यालय को एम ए समाजशास्त्र की मिली मान्यता

पलियाकलां खीरी। श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज राजकीय महाविद्यालय पलिया कलाँ-खीरी को स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन हेतु सम्बद्धता लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ से 11 जून 2026 को प्राप्त हो गयी है। अब यह महाविद्यालय श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पलिया कलाँ खीरी के नाम से जाना जायेगा। प्राचार्य डा० सूर्यप्रकाश शुक्ल ने बताया कि वर्तमान सत्र 2026-27 में जुलाई से एम०ए० समाजशास्त्र की कक्षाएँ संचालित होंगी। एम०ए० समाजशास्त्र में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय ने कुल 50 सीटे आवंटित की है। स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन से इस क्षेत्र के गरीब छात्र/छात्राओं को एम०ए० करने के लिए अब कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## ई रजिस्ट्रेशन को लेकर अधिवक्ता हड़ताल पर

मोहम्मदी खीरी। तहसील बार एसोसिएशन के मंत्रिमंडल ने आपात बैठक कर उप निबंधन के निजीकरण का विरोध करने का निर्णय लिया गया जिसके चलते सभी अधिवक्ता ने कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी है। मंगलवार को सभागार में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चंद्र त्रिवेदी उर्फ बेटू और महामंत्री पंकज कश्यप ने मंत्रिमंडल और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ ई रजिस्ट्रेशन का विरोध करते हुए स्टांप विक्रेता और लेखक के कार्यों का छीना जाना उन पर कुठाराघात होने की बात कही है जिसको लेकर सभी अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी जिससे दूर दराज से रजिस्ट्री कराने आए लोगों को वापस बैरंग लौटना पड़ा है इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र नाथ गुप्ता, योगेश त्रिवेदी, आनंद गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी व भांजी की मौत

लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के नेशनल हाइवे 730 चपरतला के पास सोमवार - मंगल की देर रात करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में पत्नी -पत्नी और भांजी की मौके पर ही मौत हो गई, बल्कि बेटी, बेटा और साला गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा की सुलतानपुर जिले के शास्त्री नगर निवासी विमल सिंह पटेल अपनी पत्नी वंदना सिंह, भांजी अलिख्या वर्मा, साला विमल सिंह पटेल, बेटा वीर पटेल, बेटी रूबी पटेल, के साथ अपनी वैगनआर पर सवार होकर हरिद्वार गए हुए थे, जहां से वापस अपने घर लौटते समय मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे 730 पर चपरतला के पास पहुंचते ही अचानक उनकी कार आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्रॉली में जाकर घुस गई, टक्कर इतनी तेज थी कि कार ट्रॉली में फंस गई और ट्रैक्टर चालक कार को करीब दो किलोमीटर दूर तक घसीटता हुआ ले गया, हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें सवार पति विमल- पत्नी विमला और भांजी अलिख्या वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, बल्कि बेटा वीर पटेल, बेटी रूबी पटेल और साला विमल सिंह पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मौका देखते ही ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पसगवां भेजा जहां डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। और मृतकों का शव कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं.-2 (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ**

पत्रांक - 1043/ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक-11.06.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (विज्ञप्ति)**

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-2, (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रु. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं.-21 में वाशिंग एरिया में शेड को लगाना, क्षतिग्रस्त अलमारी मरम्मत करना, लकड़ी की खिड़की/दरवाजों पर पालिश करना, क्षतिग्रस्त चौखट बदलने के साथ अन्य अति आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.36 | 33600.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) स्थित आवास स.-99 बी से 158बी में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 3.00 | 30000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) स्थित विभिन्न आवासों में रंगाई पुताई का कार्य। | 1.50 | 15000.00 | 680.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **20.06.2026** से **25.06.2026** तक उपलब्ध है जो दिनांक **25.06.2026** को समय दोपहर **12:00** बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक **25.06.2026** को दोपहर **12:30** बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक **20.06.2026** से वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल),**
**लो.नि.वि., लखनऊ**

ई-मेल: maintenancedivision2pwd@gmail.com


UPID-252642 Date: 16.06.2026 Website : www.upgov.nic.in


## डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में भसीन स्वीट्स सेमीफाइनल में



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए मुकाबलों में भसीन स्वीट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके अलावा लक्ष्मी मैरिज लॉन और एचटीसी ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर की राह मजबूत की। पीआईसी स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में दूधिया रोशनी के बीच खेले गए मुकाबलों का खेल प्रेमियों ने देर रात तक आनंद लिया। पहले मुकाबले में लक्ष्मी मैरिज लॉन ने गोलू के 31 और तौफीक के 22 रनों की मदद से 122 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में मृत्युंजय क्लब की ओर से बंटी ने 37 और दिव्य ने 12 रन बनाए, लेकिन टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। लक्ष्मी मैरिज लॉन ने 37 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरे मैच में एचटीसी ने दीपू की 46 और हर्षित की 21 रन की शानदार पारियों की बदौलत 110 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैंथर इलेवन की टीम एचटीसी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 45 रन पर सिमट गई। एचटीसी ने 65 रन के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। तीसरे और निर्णायक मुकाबले में भसीन स्वीट्स ने हिमांशु के 21 और विशेष के 14 रन की मदद से 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोला इंडियन की टीम शुरूआत से ही दबाव में रही और 49 रन पर सिमट गई। भसीन स्वीट्स ने 35 रन से जीत दर्ज कर अपनी पूल से सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। मैचों में अंपायरिंग सौरभ शुक्ल, अनवर और रोहित ने की। वहीं यूट्यूब चैनल ज्ञानको पर मुकाबलों का सीधा प्रसारण किया गया। मैच से पूर्व रोटरी क्लब के अरविंद गुप्त ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लक्ष्मी मैरिज लॉन के तौफीक, एचटीसी के दीपू और भसीन स्वीट्स के हिमांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान टूर्नामेंट कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## बीएसए ने किया विकास खंड के विद्यालयों और ब्लॉक संसाधन केंद्र का निरीक्षण



सीतापुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) गोरखनाथ पटेल ने मंगलवार को पिसावां विकास खंड के विद्यालयों और ब्लॉक संसाधन केंद्र का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय वजीरनगर में पांच शिक्षक एवं शिक्षामित्र तथा ब्लॉक संसाधन केंद्र पिसावां में चार कर्मचारी बिना अनुमति अनुपस्थित पाए गए। बीएसए ने सभी का एक दिन का वेतन एवं मानदेय रोकने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय वजीरनगर (कम्पोजिट) में 150 नामांकित छात्रों के सापेक्ष केवल 45 छात्र उपस्थित मिले। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक, तीन सहायक अध्यापक और दो शिक्षामित्र बिना स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय परिसर और शौचालयों में साफ-सफाई की स्थिति भी खराब मिली, जिस पर बीएसए ने नाराजगी जताई। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय गौरासी कला के निरीक्षण में 65 नामांकित छात्रों के मुकाबले केवल पांच छात्र उपस्थित मिले। विद्यालय परिसर में गंदगी और जर्जर भवन को देखते हुए बीएसए ने सुरक्षा के लिए तत्काल घेराबंदी कराने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय पिसावां-1 की स्थिति सबसे चिंताजनक रही। यहां 152 नामांकित छात्रों के बावजूद निरीक्षण के समय एक भी छात्र उपस्थित नहीं मिला। इस पर बीएसए ने शिक्षकों को अभिभावकों से संपर्क कर छात्र उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। ब्लॉक संसाधन केंद्र पिसावां में भी नौ कर्मचारियों में से चार कर्मचारी अनधिकृत रूप से अनुपस्थित मिले। बीएसए ने कार्यालय की रंगाई-पुताई, स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेखों के अद्यतनकरण तथा पीबीएफ का दस दिन में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा रहा।

संक्षेप

## पूर्व सपा विधायक के खिलाफ दायर अर्जी पर सुनवाई टली

**सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत तीन आरोपितों पर दर्ज सुनील यादव की हत्या के मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हुई। पूर्व विधायक के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि पुलिस की फाइनल रिपोर्ट पर मृतक की पत्नी सरिता यादव की प्रोटेस्ट अर्जी खारिज होने के खिलाफ दायर निगरानी अर्जी पर 17 जुलाई को सुनवाई होगी। चांदा थाने के मदारडीह गांव के सुनील यादव की हत्या करने के आरोप में उनकी पत्नी सरिता यादव ने आठ जुलाई 2025 को लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, उनके साले विवेक मिश्र व सह आरोपित सुशील उर्फ मुन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। इसके खिलाफ मृतक की पत्नी सरिता यादव की ओर से दायर प्रोटेस्ट अर्जी बीते दिनों एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने खारिज कर दी थी।

## 17 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही

**रायबरेली।** डीएम के निदेर्शानुसार अवैध खनन परिवहन के रोकथाम हेतु तहसील स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा 17 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिन पर लगभग 7 लाख रु. जुर्माने की धनराशि आरोपित कर वसूली की कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर एसडीएम लालगंज राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी लालगंज अमित सिंह, खनन निरीक्षक सुरेश, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) उमेश कटियार मौजूद रहे।

## एमवीडीए के जेसीबी चालक पर हमला

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के रुक्मणी विहार के समीप दबंगों ने मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के एक जेसीबी चालक पर लाठी-डंडों और सरियों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। सुनरख निवासी पीड़ित चालक महेश चौधरी ने बताया कि मंगलवार को ड्यूटी के बाद जब वह साइट ऑफिस पर जेसीबी खड़ी कर लौट रहा था, तभी होटल व गेस्ट हाउसों में कमरा दिलाने का काम करने वाले 5-6 अज्ञात युवकों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। पीड़ित के मुताबिक उसका किसी से कोई पुराना विवाद नहीं था। घटना के बाद लहूलुहान हालत में पीड़ित ने वृंदावन कोतवाली पहुंचकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

### सेवा और श्रद्धा का संगम, सुबह से दोपहर तक चला भंडारा



प्रसाद वितरित करते विधायक राजबाबू उपाध्याय

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र के हनुमत नगर मंडा (बरौंसा) स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सहभागिता का अनूठा संगम देखने को मिला। समाजसेवी आनंद तिवारी तथा जयसिंहपुर प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिनिधि रमन सिंह के नेतृत्व में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के साथ-साथ सड़क मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भी प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे की तैयारियां सोमवार देर रात से ही शुरू हो गई थीं। भक्तगण पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रसाद बनाने में जुटे रहे। मंगलवार सुबह करीब छह बजे से प्रसाद वितरण का सिलसिला शुरू हुआ, जो दोपहर लगभग तीन बजे तक लगातार चलता रहा। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राज प्रसाद उपाध्याय श्राजबाबूश, मोतिगरपुर ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रकाश सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा आयोजकों के सेवा कार्य की सराहना की। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। चैकी प्रभारी गुलाब चंद्र पाल पुलिस बल के साथ पूरे समय मौजूद रहे और व्यवस्था संभालते रहे। आयोजन को सफल बनाने में अंबुज सिंह, मन्नू सिंह, चंदन सिंह, दीपेंद्र सिंह, आदर्श शर्मा, विक्रम, रौनक सिंह, नवीन सिंह सहित अनेक युवाओं और श्रद्धालुओं ने सेवाभाव के साथ सक्रिय योगदान दिया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता और जनसेवा की भावना भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## सातवें बड़े मंगल पर ग्रामीण क्षेत्रों में दिखा भक्ति -श्रद्धा का संगम

**महराजगंज, रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के सातवें बड़े मंगल के अवसर पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन एवं विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से गुंजायमान रहा। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में हलुआ-पूड़ी, सब्जी, बूंदी, शरबत, छोला-चावल एवं चने का वितरण किया गया। पंडालों में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

इसी क्रम में महराजगंज कस्बे के बछरावां रोड स्थित अस्तित्व केएसके फिलिंग स्टेशन पर सातवें बड़े मंगल के अवसर पर स्टेशन के प्रोपराइटर विमल रस्तोगी एवं उनकी पत्नी रश्मि रस्तोगी के संयोजकत्व में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी महाराज की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं हवन-पूजन के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए अनुष्ठान में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और बजरंगबली से सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

हवन-पूजन के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं को श्रद्धाभाव के साथ छोला-चावल एवं लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और देर शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही।

इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि शिवम तिवारी, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता प्रभात साहू, कमलेश रस्तोगी, विजय वैश्य, जगदीप वर्मा, सुधीर साहू, सुरेंद्र शुक्ला, संदीप तिवारी, विनय गुप्ता, पवन साहू, संजू वैश्य, विनय गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, शिव कैलाश सोनी, शिव भजन सोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू, व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल, वेद बाजपेई, अभिषेक सिंह, घनश्याम यादव, वीरेंद्र मौर्य, आरपी साहू, सांई सेवा समिति के पदाधिकारी, सीता शरण बाजपेई, जानकी शरण बाजपेई, देवी शरण बाजपेई, भाजपा नेता सरोज गौतम, संदीप वैश्य, सभासद नूरुल हसन, धर्मेंद्र वर्मा, काके सरदार समेत बड़ी संख्या में समाजसेवी, क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक, व्यापारी, सर्व स्वर्णकार समाज के सदस्य, जगजीवन मौर्य, छोटेलाल मौर्य, भल्लू ठेकेदार एवं पत्रकार मौजूद रहे।

# लालगंज ओम होटल ओयो पर प्रशासन का छापा, होटल सील



**लालगंज, रायबरेली।** अवैध गतिविधियों की शिकायत पर सोमवार को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने कस्बे के ओम होटल ओयो बृजेंद्र नगर में औचक छापेमारी की। जांच में कई अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से होटल को सील कर दिया। एसडीएम राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान होटल में कमरों का सत्यापन, रजिस्टर और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में कई अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से होटल को सील कर दिया। मौके पर होटल से चार जोड़ें पकड़े गए जिन्हें बालिग मानकर प्रशासन ने छोड़ दिया। मैनेजर को पुलिस अपने साथ ले गई। मौके पर होटल के मालिक मौजूद नहीं थे। एसडीएम राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि बिना उचित अनुमति, रजिस्ट्रेशन और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने पर होटल के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि होटल का सराय एक्ट के तहत लाइसेंस नहीं है। अवैध रूप से स्विमिंग पूल भी चलता पाया गया। क्षेत्र में संचालित अन्य होटलों की भी जांच कराई जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। छापेमारी के दौरान नायब तहसीलदार ऋतुराज नागर और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह कोतवाली पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। होटल सील होने से आसपास के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रशासन का कहना है कि कानून का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि पुलिस और प्रशासन ने होटल के औचक निरीक्षण में मात्र औपचारिकता ही निभाई। वैसे तो लालगंज के आधा दर्जन होटल में अवैध गतिविधियां संचालित हैं।

## अंधा मोड़ दे रहा हादसे को दावत, सांकेतिक बोर्ड भी गायब

**परशदेपुर, रायबरेली।** सड़क सुरक्षा के बड़े-बड़े दावों के बीच परशदेपुर-अठेहा मार्ग पर निनावां और दोस्तपुर बुढ़बारा में बने अंधे मोड़ राहगीरों के लिए दिन ब दिन काल बनते जा रहे हैं। अचानक बने घुमावदार मोड़ पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। स्थिति यह है कि मोड़ पर सड़क के दोनों ओर पटरियों पर कटीली घनी झाड़ियां उगी हुई हैं, जिसके कारण सामने से आने वाले वाहन बिल्कुल दिखाई नहीं देते। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों के अनुसार, इस अंधे मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसमें लोग अपनी जान तक गंवा चुके हैं। झाड़ियों के अनियंत्रित फैलाव ने सड़क की पटरियों को अपने कब्जे में ले लिया है सिर्फ सड़क ही बची है। दुपहिया और चार पहिया वाहन चालक जब तक मोड़ पर पहुंचते हैं, तब तक सामने से आ रहा वाहन बेहद नजदीक आ चुका होता है। ऐसे में अचानक ब्रेक लगाने से वाहन अनियंत्रित होकर एक दूसरे से टकरा जाते हैं। स्थानीय लोगों व राहगीरों द्वारा इस समस्या को लोक निर्माण विभाग और जिम्मेदार प्रशासन की बड़ी लापरवाही की बात कही जा रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में जनपद में चलाये जा रहे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त टीबी सूचकांको की समीक्षा करते हुए कार्यकम में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा द्वारा अवगत कराया गया कि अभियान के दौरान अब तक 27146 व्यक्तियों की जांच हेतु इनरोलमेंट करते हुए 14848 एक्सरे तथा 8261 नाट जांचे करायी गयी है।

## द्वारिकाधाम में हुआ विशाल भंडारा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज स्थित द्वारिकाधाम मंदिर परिसर में मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन परिसर में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं।



युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। आयोजक एवं समाजसेवी संदीप मिश्र ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारे और सेवा की भावना को सशक्त करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों और उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रांजल मिश्र, दीपक शुक्ला, आनंद मिश्रा, अंश मिश्र, सार्थक मिश्र, अभिजीत यादव, अभिनव यादव, प्रिंस यादव, शिवम मिश्र, नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# महाराज का दिया गया प्रशस्ति पत्र' मेरे लिए अमूल्य धरोहर : अदिति सिंह



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह मुंशीगंज स्थित श्रीवरदायिनी वैष्णवी माता मंदिर, कैलासपुर मठ परिसर में आयोजित 'विराट विष्णु महायज्ञ एवं कथा' के समापन पर आयोजित विशाल भंडारे में सम्मिलित हुईं। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर पूज्य महाराज श्री श्री 1008 स्वामी देवेन्द्रानन्द गिरि महाराज का आशीर्वाद एवं सानिध्य प्राप्त हुआ। महाराज द्वारा प्रदान किया गया 'प्रशस्ति पत्र' मेरे लिए अमूल्य धरोहर है। विधायक अदिति सिंह ने भगवान श्री हरि विष्णु जी से सभी क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की मंगल कामना की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण तथा विशाल भंडारे में शामिल लोगों ने सदर विधायक अदिति सिंह मुलाकात कर अपनी समस्याएं भी बतायी। इसके निराकरण के लिए उन्होंने तत्काल आश्वासन देते हुए जनता के प्रति अपना भरोसा जताया।

## तुलसी नगर में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह न्ने डूडा विभाग के अंतर्गत 67.55 लाख रुपये की लागत से तुलसी नगर फेस-2 में बनने वाली इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया। आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन पर लोगों ने सदर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया तथा लोगों ने सदर विधायक का स्वागत करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए जा रहे हैं विकास कार्यों की सराहना जितनी की जाए कम है लोगों ने इस अवसर पर सदर विधायक का जोरदार स्वागत किया। भूमि पूजन क्षेत्रीय नागरिकों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण प्रारम्भ होने पर विधायक का आभार व्यक्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में लगा योग शिविर



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में मंगलवार को पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग वेलनेस सेंटर, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय खैंचिला के मास्टर ट्रेनर सुनील दत्त तिवारी ने जिला क्रीड़ाधिकारी राजेश सोनकर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों को योगाभ्यास कराया। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, ओम नाद, यौगिक जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, वज्रासन, पद्मासन, उत्थित पद्मासन, गौमुखासन, शशांकासन, मंडूकासन, सिंहासन, हास्यासन, भुजंगासन एवं हस्त उत्तानासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस दौरान योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही खिलाड़ियों को संतुलित आहार-विहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी भी दी गई। योग शिविर में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

# पं.दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान का सफलतापूर्वक समापन

- दिनेश प्रताप सिंह ने भी शिरकत कर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग के लिए बधाई दी
- लक्ष्मीकांत बाजपेई ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को 'कार्यकर्ता विकास और संभाल' के मंत्र दिये



**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के रायबरेली जिले में चल रहे प्रशिक्षण वर्ग का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न सत्रों में वैचारिक और संगठनात्मक मार्गदर्शन दिया। विभिन्न सत्रों में कार्यकताओं का मार्गदर्शन करने वालों में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, प्रदेशमंत्री डॉ. शिवभूषण सिंह, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री नीरज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला सहित आईटी सेल संयोजक कामेश्वर मिश्रा शामिल रहे। दूसरे दिन के प्रथम सत्र में प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी शिरकत कर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग के लिए बधाई दी। राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को 'कार्यकर्ता विकास और संभाल' के मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को बूथ स्तर तक ले जाना ही प्रशिक्षण का उद्देश्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भाजपा की पांच निष्ठा राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, सकारात्मक धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और मूल्य आधारित राजनीति को जनता के बीच मजबूती से रखें। प्रदेश मंत्री डॉ. शिवभूषण सिंह ने संगठनात्मक अनुशासन और बूथ प्रबंधन पर सत्र लिया। वहीं प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने सोशल मीडिया और संवाद कला पर कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र सिंह, शरद सिंह जन्मेजय सिंह सहित भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह, सुशील शर्मा, सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, सुशील शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी, विनय शुक्ला, निखिल पांडे, प्रोफेसर अविनाश सिंह, विजय सिंह टप्पू, शिवेंद्र सिंह, जेपी सिंह, नंद कुमार सिंह, प्रदीप लोधी, राधेश्याम पाल, सुधा अवस्थी, प्राची शालू, सरोज गौतम ,राजेंद्र चतुर्वेदी, विवेक शुक्ला, संतोष पासवान आदि लगभग दो सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 2.145 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र में अवैध गांजा कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 2 किलो 145 ग्राम अवैध गांजा, 2300 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन तथा पेटीएम क्यूआर कोड बरामद किया गया है। कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के बाद की गई, जिसमें दोस्तपुर क्षेत्र में खुलेआम गांजा बिक्री का दावा किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपनिरीक्षक जगदीश सिंह ने पुलिस टीम के साथ जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 155 स्थित खालिसपुर दुर्गा अंडरपास के नीचे दबिश देकर दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्य नारायण पाल निवासी दोस्तपुर और अशोक कुमार निषाद निवासी मालीपुर, अंबेडकर नगर के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि सत्य नारायण पहले भांग का ठेका चलाता था। ठेका बंद होने के बाद उसने साथी अशोक के साथ मिलकर अवैध गांजा बेचने का धंधा शुरू कर दिया। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि आरोपी 50, 100 और 200 रुपये की पुड़िया बनाकर गांजा बेचते थे। ग्राहक नकद के साथ-साथ पेटीएम से भी भुगतान करते थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



## टायर फटने से सहायक अध्यापिका के परिवार की कार पलटी

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय जा रही एक सहायक अध्यापिका का परिवार मंगलवार सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गया। टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बौरा जगदीशपुर गांव के पास कार का अगला टायर अचानक फटने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाईनुमा गड्ढे में पलट गया। हादसे में सहायक अध्यापिका समेत परिवार के चार लोग घायल हो गए। आजमगढ़ के अतरौलिया थाना क्षेत्र के बेलसड़ी गांव निवासी मनीषा यादव सुलतानपुर के राजकीय हाईस्कूल पिपरी में सहायक अध्यापिका हैं। मंगलवार की सुबह वह अपने पति सुनील यादव तथा बच्चों प्राची और प्रखर के साथ कार से डीआईओएस कार्यालय जा रही थीं। सुबह करीब 10 बजे बौरा जगदीशपुर गांव के पास पहुंचते ही कार का अगला टायर फट गया। इससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से उतरकर खाई में पलट गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना में मनीषा यादव को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उनके पति और दोनों बच्चे भी घायल हुए हैं। सभी का उपचार चल रहा है। सूचना पर सेमरी चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। चैकी प्रभारी सुबोध त्यागी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा टायर फटने के कारण हुआ है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

- राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा टला, टायर फटने से कार पलटी, शिक्षिका समेत चार घायल

## सेंध काटकर ज्वेलर्स की दुकान से सोने, चांदी के आभूषण चोरी

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मिश्रौली चैराहे पर स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर करीब लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत है। मिश्रौली चैराहा निवासी अनिल सोनी पुत्र शिवप्रसाद सोनी की अनिल ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। मंगलवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा मिला। जांच करने पर पता चला कि चोर दुकान के पीछे की दीवार में सेंध काटकर अंदर घुसे और पांच लॉकेट, पांच जोड़ी पायल, पुरानी चांदी तथा करीब दो ग्राम सोना चोरी कर ले गए। पीड़ित ने चोरी गए सामान की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सुनील सिंह, थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा, पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य पहलुओं के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# सीएचसी जयसिंहपुर में पोर्टेबल डिजिटल एक्स-रे सुविधा शुरू

- मरीजों को अब तत्काल डिजिटल एक्सरे रिपोर्ट मिलने से इलाज में मिलेगी सहूलियत

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जयसिंहपुर में पोर्टेबल डिजिटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया गया। आधुनिक तकनीक से लैस इस सुविधा के शुरू होने से अब सामान्य एक्स-रे जांच के लिए मरीजों को जिला अस्पताल या निजी जांच केंद्रों का रुख नहीं करना पड़ेगा। मशीन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राज प्रसाद उपाध्याय श्राजबाबूश ने फीता काटकर किया। राजबाबू उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। डिजिटल एक्स-रे मशीन शुरू होने से मरीजों को समय पर जांच और उपचार मिल सकेगा, जिससे इलाज में होने वाली अनावश्यक देरी भी कम होगी। नई पोर्टेबल डिजिटल एक्स-रे मशीन से जांच की रिपोर्ट पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट और कम समय में उपलब्ध होगी। यह मशीन विशेष रूप से सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों, हड्डी संबंधी बीमारियों, सीने की जांच तथा अन्य चिकित्सकीय परीक्षणों में उपयोगी साबित होगी। डिजिटल तकनीक होने के कारण एक्स-रे फिल्म की आवश्यकता भी कम होगी और रिपोर्ट को सुरक्षित रखने के साथ जरूरत पड़ने पर अन्य चिकित्सकों से आसानी से साझा किया जा सकेगा। सीएचसी अधीक्षक एसके पटेल का कहना है कि यह सुविधा शुरू होने से सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। अब मरीजों को अनावश्यक भागदौड़, अतिरिक्त खर्च और समय की बर्बादी से राहत मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, अस्पताल कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



संक्षेप

## शिवानंद का शव मंगाने को लेकर कांग्रेसियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**देवरिया।** ईरान - अमेरिका युद्ध में ओमान के निकट अमेरिका द्वारा मालवाहक जहाज पर किए गए हमले में मारे गए जनपद के सुरौली निवासी शिवानंद चौरसिया के शव को समय से मंगाने व परिवार को सरकार द्वारा उचित सहायता प्रदान करने को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को नगर के टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय पर जाकर तीखी बहस के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि जिलाधिकारी जनपद के सबसे बड़े जिम्मेदार अधिकारी हैं वही इस प्रकरण में सही बात बता सकते हैं।वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने अन्य किसी अधिकारी को ज्ञापन देने की बात कही तो प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि हम केवल जिलाधिकारी से ही अपनी बात रखेंगे। इसके बाद जिलाधिकारी ने अपने कक्ष में बुलाकर ज्ञापन लिया इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि हम शिवानंद चौरसिया के शव को समय से लाने व परिवार को उचित सहायता प्रदान करने के लिए आज ज्ञापन सौंपे हैं।जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। अगर न्याय नही मिला तो न्याय के लिए कांग्रेस अंतिम दम तक लड़ेगी।

## ट्रांसफार्मर जलने से गर्मी से बेहाल लोग

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम गोपालपुर में ट्रांसफार्मर जल जाने से रात दिन की गर्मी से बेहाल गाँव अंधेरा में डुबा विद्युत विभाग बेखबर। घाँटी बाजार प्रतिनिधि के अनुसार गाँव में लगे 25के बी ए का ट्रांसफार्मर दो दिन पहले जल जाने से गाँव के लगभग 100घरो में विद्युत की आपूर्ति ठप हो गयी है. ।भीषण गर्मी के कारण घर की महिलाओं बच्चों व बुजूर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है ।साथ ही घर मे.पेयजल का संकट भी उत्पन्न हो गया है । ट्रांसफार्मर जलने की सूचना उसी दिन विभागीय अधिकारियों व सम्बन्धित कर्मचारियों को दी जा चुकी है । विद्युत आपूर्ति हो जाने लोगो की दिनचर्या प्रभावित हो गयी है । मोबाईल फोन के चार्ज करने की गम्भीर सम्स्या उत्पन्न हो गयी है ।

## तीन बीडीओ व एक एडीओ को चेतावनी

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण की फीडबैक समीक्षा के दौरान पाई गई खामियों पर तीन खंड विकास अधिकारियों एवं एक सहायक विकास अधिकारी को चेतावनी जारी की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा त्रुटिपूर्ण निस्तारण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिन अधिकारियों को चेतावनी दी गई है, उनमें खंड विकास अधिकारी गौरी बाजार, भटनी एवं रामपुर कारखाना तथा सहायक विकास अधिकारी पथरदेवा शामिल हैं। इन अधिकारियों द्वारा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप न करते हुए अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आख्या अपलोड की गई थी। संबंधित शिकायतकताओं द्वारा भी निस्तारण पर असहमति व्यक्त की गई है।

# बिजली विभाग में 'पावरफुल' लूट

## काम बिना पूरा किये डकार गये करोड़ों, अधिशासी अभियंता के ट्रांसफर के बाद भी निकले 70 लाख रुपये

जिला संवाददाता (vol)




**कुशीनगर।** घर-घर बिजली पहुंचाने वाले विभाग में ही अगर भ्रष्टाचार का हाई-वोल्टेज करंट दौड़ने लगे तो जनता को अंधेरे में रहने से कौन बचाएगा? सेवरही विद्युत वितरण खंड में सामने आए कथित करोड़ों रुपये के महाघोटाला ने पूरे महकमे को कटघरे में खड़ा कर दिया है। आरोप है कि जहां जमीन पर ट्रांसफार्मर नहीं लगे, वहां फाइलों में विकास पूरा दिखा दिया गया और करोड़ों रुपये का भुगतान भी कर दिया गया। इतना ही नहीं, अधिकारी के स्थानांतरण के बाद भी लाखों रुपये की रकम जारी होने के आरोप हैं। ओटीएस योजना से लेकर बिजनेस प्लान तक, हर फाइल में सवालों का ऐसा जाल दिखाई दे रहा है जिसने ऊर्जा विभाग की जीरो टॉलरेंस नीति पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।मामला ऊर्जा मंत्री के दरबार तक पहुंच चुका है और पूरे बिजली महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। यह कोई साधारण अनियमितता नहीं, बल्कि सरकारी धन की ऐसी संगठित लूट का आरोप है जिसने पूरे विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है।इस कथित महाघोटाले के केंद्र में तत्कालीन अधिशासी अभियंता अरुण कुमार यादव हैं, जिन पर ठेकेदारों के साथ मिलकर सरकारी धन और राजस्व को नुकसान पहुंचाने के गंभीर आरोप लगे हैं। इनके कार्यकाल की कई फाइलें अब सवालों के घेरे में हैं।

**फाइल खुली तो निकलेगा 'भूतिया ट्रांसफार्मर**

बिजनेस प्लान 2023-24 के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि और नए ट्रांसफार्मर लगाने की योजना बनाई गई। कागजों में काम पूरा हो गया, भुगतान भी हो गया, लेकिन जब मीडिया ने पडताल किया तो कई जगह ट्रांसफार्मर के नट-वोल्ट भी नही मिला, ट्रांसफार्मर तो दूर की बात रही। ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर नहीं दिखे, लेकिन विभागीय रिकॉर्ड में वे पूरी शान से खड़े है। सवाल यह है कि जब ट्रांसफार्मर लगा ही नहीं तो माप किसका हुआ? सत्यापन किसने किया? भुगतान किस आधार पर हुआ? और सबसे बड़ा सवाल क्या सरकारी धन को योजनाबद्ध तरीके से ठिकाने लगाया गया?

**ओटीएस योजना बनी उगाही योजना :** गरीब उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गयी ओटीएस योजना भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि योजना के नाम पर उपभोक्ताओं से धन वसूली किया गया और राजस्व के आंकड़ों में ऐसा खेल खेला गया कि सरकार का भी नुकसान हुआ और जनता भी ठगी गई। जिस योजना का उद्देश्य गरीबो को राहत पहुताना था, वह कथित तौर पर अधिशासी अभियंता अरुण यादव व कारखास लोगों के लिए कमाई का साधन बन गया।

**जमीन पर ठेंगा, कागजों पर विकास :**

बिजनेस प्लान 2024-25 को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कई कार्य फाइलों में पूरे दिखा दिए गए जबकि धरातल पर उनकी मौजूदगी तलाश पर भी दिखाई नही पड़ रही है। ऐसा प्रतीत होता है मानो विभाग में एक नया फामूर्ला चल रहा हो बिना काम कराये सरकारी धन की लूट की होड मची हुई है। मामले का सबसे सनसनीखेज पहलू वह भुगतान है जो संबंधित अधिकारी के स्थानांतरण के बाद भी जारी रहा। लगभग 70 लाख रुपये का भुगतान आखिर किस हड़बड़ी में किया गया? क्या यह महज संयोग था या फिर किसी बड़े खेल का आखिरी किस्त।

**साहब! जवाब चाहिए, सफाई नहीं:-**

विभाग से ताल्लुकात रखने वाले जानकारों का का कहना है कि आरोप सही हैं तो यह सनसनीखेज मामला सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि जनता की जेब पर डाका और सरकारी व्यवस्था के मुंह पर तमाचा है।ऐसे मे सवाल ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन और शासन से लाजमी है क्या इस गंभीर प्रकरण की निष्पक्ष जांच होगी? क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी?

क्या सरकारी धन की रिकवरी होगी? या फिर करोड़ों रुपये का यह कथित खेल भी अन्य फाइलों की तरह टेबल पर धूल फांकता रह जाएगा?क्योंकि यहा करोडो रुपये सरकारी खजाने से गायब हुई है जवाबदेही गायब हुई है जो योगी सरकार की ईमानदारी की प्रतिष्ठा बनी हुई है।

## गौ तस्करी व अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त पांच वाहन जब्त

**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने गौ तस्करी/अवैध परिवहन एवं अवैध शराब तस्करी में संलिप्त पाए गए पांच वाहनों को जब्त करने का आदेश पारित किया है। उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम, 1955 के अंतर्गत गोवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी एवं परिवहन में प्रयुक्त पाए जाने पर पिकअप वाहन संख्या UP 53 FT 6694, UP 32 BT 6199, UP 50 DT 9068 तथा UP 52 AT 4241 से संबंधित वादों की सुनवाई उपरांत जिलाधिकारी ने उक्त चारों वाहनों को जब्त किए जाने का आदेश पारित किया है।ये वाहन अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं के परिवहन एवं तस्करी में प्रयुक्त पाए गए थे। इसी प्रकार, उप्रआबकारी अधिनियम, 1910 की धारा 72 के अंतर्गत पंजीकृत वाद उत्तर प्रदेश सरकार बनाम विकास शाह, निवासी पंडित के हरपुर, थाना थावे, जनपद गोपालगंज (बिहार) में अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन संख्या इफ28 ढ0601 के संबंध में सुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी ने उक्त वाहन को भी जब्त करने का आदेश पारित किया है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि गौ तस्करी, अवैध पशु परिवहन एवं अवैध शराब तस्करी जैसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## आज आयेंगे उप मुख्यमंत्री, जिलाध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के प्रस्तावित देवरिया आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने मंगलवार को देवरिया क्लब पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग, स्वागत कक्ष, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का देवरिया आगमन जनपद के लिए महत्वपूर्ण है। उनके स्वागत एवं कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी गंभीरता और संगठनात्मक दृष्टि से की जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, मुकुल मणि त्रिपाठी, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। भाजपा संगठन की ओर से बताया गया कि उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं ।

## किसान मोर्चा ने बांटा उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम का निमंत्रण

**देवरिया ।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया के पदाधिकारियों ने किसानों और व्यापारीयो से सम्पर्क कर देवरिया क्लब में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि देवरिया क्लब सभागार में 17 जून को दिन में 11.30 बजे विकसित भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमे मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रबुद्धजन से संवाद करेंगे, किसान मोर्चा किसानों व्यापारियो और युवाओं से मिलकर निमन्त्रण पत्र देकर अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रबुद्धजन से चर्चा करेंगे।इस अवसर पर मुख्य रुप से अम्बिकेश पांडेय , अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, डॉ विनोद पांडेय, वीरेंन्द्र पाठक, विजय कुशवाहा, सोनू सिंह उपस्थित रहे।

## सुरौली पहुंचे युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिल दिलाया न्याय का भरोसा

**देवरिया।** अमेरिकी हमले में मारे गए युवा शिवानंद चौरसिया के गांव युवा कांग्रेस कार्यकताओं के साथ सुरौली पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह ने चालक दल के सदस्य शिवानंद चौरसिया के पिता रामजी चौरसिया व भाई रामप्रवेश चौरसिया से मिलकर शव को समय से मंगाने व परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए हर संघर्ष करने का आश्वासन दिया। विशाल सिंह ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है, जहां भी न्याय दिलाने की लड़ाई लड़नी होगी हम पीछे नही हटेंगे। भाई रामप्रवेश चौरसिया ने बताया कि अपने बल पर ही भाई का शव लाने का हर संभव प्रयास कर रहा हूँ।सरकारी तंत्र से केवल आश्वासन दिया जा रहा है।शोकाकुल परिवार से मिलने वालों में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अरविंद शाही, हर्षित सिंह,गोविन्द मिश्र जेपी यादव, सत्यम पांडेय, अशोक कुमार, प्रियेश पांडेय, विपिन राय,जगरनाथ यादव, धर्मेन्द्र पांडेय, विराट यादव, रजत सिंह, सूरज यादव, बृजेश यादव, प्रांजल त्रिपाठी, सूफी सलीम, रोहित मिश्र, छोटेलाल, नीरज कुमार सहित सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का ब्लॉक पर हुआ आयोजन

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड कार्यालय के प्रांगण में केन्द्र सरकार के 12वर्ष पुरे होने पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया । समापन के अवसर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया।वहां मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से केन्द्र व प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। शिविर के समापन के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सकों की टीम ने किया उचित सुझाव व दवा भी दी गयी इसके स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)समाजिक सुरक्षा कृषि शिक्षा महिला बाल विकास और रोजगार विभाग के तरफ से भी स्टाल लगाये गये थे ।इन स्टालो के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं दी गयी और पात्र लोगों का पंजीकरण भी किया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के 12वर्ष के कार्यकाल में देश में विकास सुशासन आत्मनिर्भरता गरीब कल्याण महिला सशक्तीकरण और किसानो के हितो में ऐतिहासिक कार्य हुआ ।पात्र लाभार्थियों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया ।

खण्ड विकास अधिकारी साबिर अनवर ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केन्द्र व प्रदेश सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व पात्र लोगो को उसका लाभ एकही स्थान पर मिल जाय ।कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायतों सदस्य सुमेश्वरनाथ तिवारी बबुआ जी कृष्णदत्त मिश्र विश्वम्भरनाथ तिवारी चतुरानन शुक्ल राजेश चौरसिया सतीश शाही अजय कुशवाहा राजन गुप्ता जितेन्द्र यादव सुनील मिश्र जयप्रकाश जनरंजन धन्नजय शिखा मल्ल त्रयमबक मणि त्रिपाठी अजय मिश्र के अलावे ब्लाक के सभी कर्मचारी अधिकारी विकास क्षेत्र के ग्रामीणों क्षेत्रों से अधिक संख्या में किसान नौजवान व महिलाएं उपस्थित रहे ।

# यूरिया की कालाबाजारी पर डीएम का बड़ा एक्शन, खाद भंडार और दो गोदाम सील




**कुशीनगर।** किसानों की जेब पर डाका डालकर यूरिया की कालाबाजारी करने वालों पर आखिरकार प्रशासन का शिकंजा कस गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई छापेमारी में जटहा बाजार (विशुनपुरा) स्थित किसान खाद भंडार पर किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया बेचने का बड़ा खेल उजागर हुआ। जांच में यूरिया की बिक्री निर्धारित दर से करीब 300 रुपये अधिक पर किए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर प्रशासन ने प्रतिष्ठान सहित उसके दो गोदामों को सील कर दिया। संयुक्त जांच टीम में सहायक निबंधक एवं सहायक आयुक्त सहकारिता के साथ जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सिंह शामिल रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में जब प्रतिष्ठान और उससे जुड़े गोदामों की जांच हुई तो पूरे मामले की परतें खुलने लगीं। कार्रवाई के दौरान कुल 459 बोरी यूरिया बरामद हुई, जिसे प्रशासन ने अपने कब्जे में लेते हुए गोदामों को सील कर दिया।

बतादे कि खाद की जरूरत के समय किसानों को निर्धारित दर पर यूरिया उपलब्ध कराने के बजाय अधिक कीमत वसूलने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। बताया जा रहा है कि कई किसान मजबूरी में ऊंची कीमत देकर खाद खरीदने को विवश थे। शिकायत जिलाधिकारी तक पहुंची तो तत्काल जांच के आदेश दिए गए और छापेमारी में बड़ा खुलासा हो गया।

किसानों से वसूली गई अतिरिक्त रकम का हिसाब कौन देगा? कालाबाजारी का यह खेल कब से चल रहा था? क्या इस नेटवर्क में अन्य लोग भी शामिल हैं? जिले के अन्य खाद विक्रेताओं की भी होगी जांच? जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि किसानों के हक पर डाका डालने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से खाद कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि किसानों ने राहत की सांस ली है।

# पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले जदयू नेता शैलेन्द्र सिंह गहरवार



**कुशीनगर।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जदयू नेता शैलेन्द्र सिंह गहरवार ने शिष्टाचार भेंट कर मोमेंटो भेंट किया और उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उनसे उप्र चुनाव 2027 को देखते हुए संगठन की मजबूती और पार्टी की गतिविधियों से अवगत कराया।

प्रदेश उपाध्यक्ष और सह प्रभारी कुशीनगर, देवरिया, कन्नौज, फरूर्खाबाद, इटावा, मैनपुरी, औरैया, हरदोई व जनपद के सखवनिया निवासी श्री गहवार बीते रविवार को पटना में हुई बैठक में जेडीयू सुप्रीमो से मिले और उनका अभिवादन किया तथा उनसे वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव तथा उत्तर प्रदेश में जनता दल यूनाइटेड के संगठनात्मक विस्तार एवं मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीतीश ने कहा कि पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। जन हित के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर जनता के बीच ले जाएं। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी की सांगठनिक मजबूती, बूथ और यूथ को मजबूत करने, संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त और सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। श्री गहवार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेरणा और मार्ग दर्शन से पार्टी पूरे दम खम के साथ उप्र चुनाव में प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराएगी। इस अवसर पर जदयू कार्यकर्ता रजनीश पटेल, डॉ. विजेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे।

## विधायक ने सड़क का शिलान्यास किया

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के घांटी बाजार-बग ईचा टोला -अलावलपुर की 75लाख की लागत से बनने वाली सडक मार्ग का एक भव्य समारोह के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया शिलान्यास साथ ही प्रबुध्द जनो को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित । घाँटी बाजार प्रतिनिधि के अनुसार भाटपाररानी के विधायक सभाकुँवर कुशवाहा ने सबसे पहले प्रबुद्ध वर्ग सम्मान के तहत घाँटी खास निवासी सेवानिवृत शिक्षक योगेंद्र नाथ दुबे छितरौली निवासी सेवनिवृत शिक्षक श्यामदेव पाण्डेय गणेश मिश्र अवध बिहारी तिवारी राजाराम चौरसिया अन्य प्रबुद्ध जनो को भी पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित । घाँटी बाजार -बग ईचा टोला-अलावलपुर के सडक मार्ग का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शिलान्यास किया ।जिसमें क्षेत्रीय लोगो ने माल्यार्पण कर स्वागत किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक सभाकुँवर कुशवाहा ने कहा कि समाज के निर्माण मे.शिक्षकों व प्रबुद्धजनो की महत्वपूर्ण भुमिका होती है ।इनके योगदान को सम्मान देना हम सभी का दायित्व है 75लाख की लागत से बनने वाली सडक के बनवाने की माँग क्षेत्रीय जनता द्वारा लम्बे समय से किया जा रहा था ।इस सडक के निर्माण को लेकर विधानसभा के प्रश्नकाल में उठाया था । जिसके बाद सड़क परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गयी । विधायक ने कहा कि सडक के निर्माण से घाँटी बाजार अलालवलपुर डेमुशा बलुआ अफगान खोरीबारी छितरौली सहित आस पास के गाँव के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी ।इस अवसर पर भुमि विकास सहकारी बैंक सलेमपुर के अध्यक्ष सुमेश्वरनाथ तिवारी पूर्व जिपं सदस्य अनिल चौरसिया संजय सिंह सैठवार बृजेश कुमार शर्मा विद्याभूषण श्रीवास्तव अरुण गुप्ता भोला मध्देसिया बाबूलाल चौरसिया पारस चौरसिया सहित अधिक संख्मा में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही ।

## पहले ही दिन बच्चे नदारद , स्कूल में सफाई भी नहीं



**जौराबाजार, कुशीनगर।** गर्मी के छुट्टियो के बाद मंगलवार पहले दिन स्कूल खुलने पर कही बच्चे आए तो कहीं एक दम नहीं। कहीं आए भी तो बहुत कम, विभागीय आदेश की मानें विद्यालय सोमवार को खुल गये थे। सोमवार को केवल अध्यापकों को आकर विद्यालय की साफ सफाई को दुरुस्त करना था और मंगलवार से पढ़ाई का काम शुरू करना था। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुरा में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं रहा न ही विद्यालय की साफ सफाई हुईं थीं ।संविलियन विद्यालय जौरा गोबिंद टोला में साफ सफाई की व्यवस्था एकदम सही देखी गई। अध्यापकों की उपस्थित सही रही। लेकिन बच्चों की उपस्थिति कम रही। इस संबंध विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम नाथ गौंड ने कहा कि अभी पहला दिन है इसलिए बच्चों की उपस्थिति कम है। दो तीन दिन बाद सभी बच्चे विद्यालय आने लगेंगे। संविलियन विद्यालय जौरा बाजार में साफ सफाई ठीक-ठाक थी। सभी अध्यापक उपस्थित रहे। लेकिन बच्चों की उपस्थिति कम रही। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंभू कुशवाहा ने कहा कि एक से दो दिन में बच्चों की उपस्थिति सामान्य हो जाएगी।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन में प्रेस वार्ता आयोजित

**देवरिया।** भूमि विकास बैंक के पूर्व सभापति संतराज यादव ने आज विकास भवन के गांधी सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार की उपलब्धियों, नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश की तस्वीर ही नहीं, बल्कि तकदीर भी बदली है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी ताकत जनता का अटूट विश्वास एवं सेवाभाव रहा है। सेवा, संस्कार, सम्मान व जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ-साथ देश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया गया है। योजनाओं का लाभ शोषित, वंचित, पीड़ित एवं असहाय वर्ग तक पहुंचाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का कार्य किया गया है। श्री यादव ने कहा कि जनहित एवं राष्ट्रहित में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। जनविश्वास के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह प्रेस वार्ता आयोजित की गई है। किसानों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, प्रत्येक घर तक शौचालय, बिजली एवं गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने जैसे कार्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किए गए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मंत्र के साथ कार्य किया गया है। गौ-सुरक्षा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, श्रमिक कल्याण तथा रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। पुलिस भर्ती में निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास एवं सुशासन के बल पर आज एनडीए देश के विभिन्न राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है।

**● अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा योजनाओं का लाभ**



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल की शुरूआत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की फाइल पर हस्ताक्षर कर की थी। सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों का परिणाम है कि लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। तकनीक एवं डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से सीधे बैंक खातों में धनराशि भेजकर 4.31 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से रोके गए हैं। यह 12 वर्ष केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक हैं।

**जनकल्याण एवं समावेशन**

जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए। कोरोना महामारी के कठिन समय से अब तक 81 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। 60 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत करोड़ों लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया गया। 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान, 11 करोड़ महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन तथा 16 करोड़ से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया गया। 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाखों लोगों को ऋण उपलब्ध कराया गया। मुद्रा योजना के अंतर्गत करोड़ों लाभार्थियों को ऋण वितरित किए गए तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से लाखों कारीगरों को लाभान्वित किया गया। जनजातीय समाज के विकास के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया गया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लखपति दीदी योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य किए गए। सुरक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई गई तथा एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर सिस्टम स्थापित किए गए।

**12 वर्षों की उपलब्धियां**

वर्ष 2014 से अब तक जनपद में 7,74,334 आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड बनाए गए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5,46,509 लाभार्थियों को 74.32 करोड़ की सहायता प्रदान की गई। 570 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण 42.34 करोड़ से कराया गया। शिक्षा विभाग के माध्यम से 10,12,329 छात्रों को डीबीटी के जरिए 117.26 करोड़ धनराशि हस्तांतरित की गई। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 1,07,506 लाभार्थियों को 118.26 करोड़ रुपये, निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत 63,702 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई। दिव्यांग पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजना से हजारों लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

## हत्या के प्रयास मामले में दो वांछित गिरफ्तार दुष्कर्म केस का वारंटी भी दबोचा

**देवरिया।** जिले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में सफलता मिली है। एकौना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि भलुअनी पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को पकड़ लिया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सतेंद्र कुमार राय के पर्यवेक्षण में एकौना पुलिस ने कार्रवाई की। थाना एकौना में दर्ज हत्या के प्रयास से संबंधित मुकदमे में वांछित चल रहे शेषनाथ पुत्र विसर्जन और साहब पुत्र शोभी, निवासी हौली बलिया थाना एकौना को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी बरहज राजेश कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में भलुअनी पुलिस ने वर्ष 2016 के एक चर्चित मामले में कार्रवाई करते हुए वारंटी अभियुक्त कृष्णकांत यादव पुत्र राजदेव यादव निवासी सिंहपुर, थाना भलुअनी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म, धमकी और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है तथा न्यायालय से उसके विरुद्ध वारंट जारी था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया है। अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# यूएस-ईरान पीस डील!

अमरीका और ईरान के बीच स्थायी युद्ध विराम और बात चीत के जरिए मुद्दों के समाधान की सहमति बनने के बाद अर्थव्यवस्था के सामने उत्पन्न हुईं अनेक चुनौतियां कमजोर पड़ गयी हैं। सहमति की खबर सामने आते ही तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई और शेयर बाजारों में उछाल देखने को मिला। यह समझौता 108 दिनों से जारी शत्रुता को समाप्त कर सकता है जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर कठिनाइयों में डाल दिया था। इस समझौते पर 19 जून को जिनेवा में हस्ताक्षर होना है। इसका विस्तृत विवरण अभी प्रकाशित नहीं हुआ है लेकिन उपलब्ध जानकारी कुछ प्रमुख मुद्दों पर सहमति का संकेत देती है। यद्यपि अमेरिकी राष्ट्रपति के उत्साही सोशल मीडिया संदेशों, ईरानी अधिकारियों के सतर्क बयानों और एक ठोस समझौते के बीच कई बाधाएं अभी भी मौजूद हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को शुल्क मुक्त रूप से खोलने और तत्काल अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने की अनुमति दी है। उन्होंने उत्साहपूर्वक लिखा, ह्यतेल को बहने दो। ईरानी उप विदेश मंत्री ने सरकारी टीवी पर स्पष्ट किया कि दोनों पक्षों ने एक समझौता पत्र पर सहमति जताई है। यह समझौता पत्र एक अंतरिम समझौता है और 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने की शुरूआत है। समयसीमा को आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है। ईरान ने पुष्टि की है कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोला जाएगा लेकिन इसकी समय सीमा अभी स्पष्ट नहीं है। अमेरिका ने जहां इसे तत्काल पुनः खोलने की बात की है वहीं ईरान का कहना है कि अमेरिका नाकाबंदी हटाकर 30 दिनों में नौवहन को पूर्ण क्षमता तक ले जाएगा। शर्तों के अनुसार अमेरिका और उसके क्षेत्रीय साझेदार ईरान के लिए पुनर्निर्माण कार्यक्रम शुरू करेंगे। अमेरिका नये प्रतिबंध नहीं लगाएगा और तय समय-सारणी के अनुसार मौजूदा प्रतिबंध हटाएगा तथा ईरान की 25 अरब डॉलर की जब्त की गई परिसंपत्ति मुक्त करेगा। हालांकि यह अंतिम शर्त अमेरिकी संस्करण में अनुपस्थित बताई जा रही है। मसौदे के अनुसार परमाणु कार्यक्रम पर बाद में बातचीत होगी। ईरान ने दोहराया कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा या हासिल नहीं करेगा और आगे संवर्धन से परहेज करेगा। अमेरिका ने कथित तौर पर ईरान को अपने ही क्षेत्र में यूरेनियम भंडार को कम करने की अनुमति दी है। समझौते में सभी सैन्य अभियानों को रोकने की बात कही जा रही है जिसमें इजरायल का हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान को भी शामिल बताया जा रहा है। लेकिन इजरायल ने कहा है कि उसकी सेनाएं वहीं रहेंगी। यह असहमति समझौते में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। हम पहले भी यह देख चुके हैं कि समझौते पर विफलता ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की ओर से शत्रुता को दोगुना कर दिया था। 11 अप्रैल को युद्धविराम के बाद नई वार्ताएं हुईं लेकिन 21 घंटे तक चली लंबी वार्ता विफल रही। इस बीच अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट पर नौसैनिक नाकाबंदी लागू कर दी। इजरायल ने अमेरिका द्वारा कराए गए युद्धविराम का पालन नहीं किया। अब उसका कहना है कि वह अमेरिका-ईरान वार्ता का हिस्सा नहीं है। इस बीच पश्चिम एशिया की एकमात्र परमाणु शक्ति के रूप में उसकी स्वतंत्र कार्रवाइयां ईरान की चिंताओं को बढ़ा रही हैं जो परमाणु अप्रसार संधि का हस्ताक्षरकर्ता है जबकि इजरायल ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इससे संकेत मिलता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल को नाराज करके समझौता किया है। अमेरिकी राजनीति में मौजूद मजबूत द्विदलीय इजरायल समर्थक लॉबी के बीच वह अपने शक्तिशाली सहयोगी को कितने प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर पाते हैं यह देखने वाली बात होगी। अमरीका में इजराइल का बहुत तगड़ा प्रभाव है और उसकी अवहेलना करके कोई भी राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में चैन से नहीं रह सकता।



**अमरीका और ईरान के बीच संभावित समझौते में इजराइल शामिल नहीं है, इससे मध्य पूर्व में युद्ध का खतरा बना रहेगा।**

# अनावश्यक युद्ध ने खोल दी अमरीका की पोल



शाहिद ए चौधरी



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक प्रचलित प्राचीन कहावत है कि जाट मरा तब जानो जब तेहरवीं हो जाये। इसी प्रकार अमेरिका व ईरान के बीच जो शांति के एमओयू पर सहमति बनी है, वार्ता के लिए 60-दिन की खिड़की खोली है और जिस पर 19 जून 2026 को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर होने तय हुए हैं, इसे तब तक एक 'ठोस समझौते' के रूप में देखना बड़ी भूल होगी, जब तक कि शब्दशः व भावना के मुताबिक यह डील लागू न हो जाए। यह निष्कर्ष अकारण नहीं। इससे पहले दोनों अमेरिका व ईरान दो बार ऐसी ही सहमति बनाने के कगार पर पहुंच चुके थे, हस्ताक्षर भी होने को तैयार थे, लेकिन अमेरिका व इजरायल ने पहले 12 जुलाई 2025 को और फिर 28 फरवरी 2026 को हमले कर दिये।

युद्ध फिर शुरू नहीं होगा इसकी कोई गारंटी नहीं है विशेषकर इसलिए कि इजरायल ने कहा है कि उसकी सेना लेबनान, सीरिया व गजा के कब्जे किये हुए क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बनाये रखेगी और यही मध्य पूर्व में विवाद व जंग की असल जड़ है। बहरहाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प की इस घोषणा को कि वाशिंगटन व तेहरान ने 'महान समझौता' पूर्ण कर लिया है, उस क्षेत्र में शांति लाने के लिए जो तीन माह से अधिक युद्ध में फंसा हुआ था, भले ही सार्वभौमिक प्रशंसा न मिली हो, लेकिन फिलहाल के लिए वैश्विक राहत अवश्य मिली है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझौते का स्वागत करते हुए पुनः शांति बहाली की उम्मीद व्यक्त की है। इस बीच 15 जून 2026 को भारत आने वाले एलएनजी कैरियर दिशा ने सुरक्षित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार किया, जिससे यह आशा मजबूत हुई है कि जो अन्य 34 भारतीय व विदेशी झंडों वाले जहाज फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं, वह भी जल्द व सुरक्षित भारतीय बंदरगाहों पर आ जायेंगे। लेकिन चिंता का विषय यह है कि समझौते की घोषणा के बाद भी भारतीय क्रू वाली चैथी शिप (एमटी बोकएम जिस पर हांगकांग का झंडा था) को टारगेट किया गया, हालांकि किसी नाविक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। समझौते की घोषणा के बाद ब्रेंट आयल के दाम गिरकर 83 डॉलर प्रति बैरल हो गये, जोकि पिछले तीन माह के दौरान सबसे कम हैं, लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि इस युद्ध से अमेरिका को हासिल क्या हुआ? जवाब से पहले समझौते की बुनियादी शर्तों को संक्षेप में जान लेते हैं, जिनकी विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई हैं और जिन पर दोनों पक्षों ने अभी सिर्फ.डिजिटल हस्ताक्षर किये हैं। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका व ईरान ने युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते के फ्रेमवर्क पर अभी तक सहमति व्यक्त की है, लेकिन मेमोरेंडम की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान का कहना है कि दोनों पक्ष तुरंत प्रभाव से सभी सैन्य ऑपरेशनों को बंद करने पर सहमत हो गये हैं और मेमोरेंडम पर 19 जून 2026 को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किये जायेंगे।

> प. एशिया में दशकों से जो विस्फोटक स्थिति बनी हुई है, उसको मद्देनजर रखते हुए कहा जा सकता है कि समझौते पर हस्ताक्षर के बाद भी खतरा कम नहीं हुआ है, इसलिए अभी से अपने तेल के बैरल गिनना शुरू मत कीजिये।

### यूएस-ईरान पीस डील

मेमोरेंडम पर हस्ताक्षर होते ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोल दिया जायेगा और अमेरिका भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी को हटा लेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री ट्रैफिक को ईरान व ओमान विनियमित करेंगे। अमेरिका का कहना है कि वह होर्मुज में 'टोल-फ्री' समुद्री ट्रैफिक के लिए प्रयास करेगा, जबकि ईरान का कहना है कि वह 'समुद्री सेवा फीस' चार्ज करेगा, जिसे टोल नहीं कहना चाहिए। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर तकनीकी वार्ता के लिए 60-दिन की खिड़की खोली गई है। तेहरान इस बात पर सहमत हो गया है कि वह न तो परमाणु हथियारों का उत्पादन करेगा और न ही उन्हें हासिल करेगा। पूर्ण समझौता होने तक ईरान अपनी परमाणु गतिविधियों को फ्रीज कर देगा। अमेरिका ईरान के फ्रोजेन एसेट्स (25 बिलियन डॉलर) को रिलीज करेगा और ईरान पर कोई नई पाबंदी नहीं लगायेगा (यूरोपीय देशों ने भी ईरान से अपनी पाबंदी हटाने की घोषणा की है)। एक निश्चित अवधि के लिए अमेरिका ईरान पर से तेल पाबंदी को हटायेगा। वाशिंगटन ईरान के लिए एक पुनर्निर्माण योजना तैयार करेगा, जिस पर 60-दिन के भीतर समझौता होगा। जहां तक लेबनान की समस्या है तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि सभी सैन्य ऑपरेशन बंद करने में लेबनान भी शामिल है, जिससे इजराइल सहमत नहीं है, जबकि ईरान का कहना है कि मेमोरेंडम को लागू करने की जिम्मेदारी अमेरिका की है। समझौते की जितनी बातें सार्वजनिक की गई हैं, उनमें सिर्फ. तीन बातें ही महत्वपूर्ण हैं। एक, होर्मुज को खोला जायेगा। दो, ईरान न परमाणु हथियारों का उत्पादन करेगा और न उन्हें किसी अन्य देश से हासिल करेगा। तीन, ईरान पर कोई नई पाबंदी नहीं लगायी जायेगी, पुरानी पाबंदियां हटायी जायेंगी और उसके 25 बिलियन डॉलर के फ्रोजेन एसेट्स रिलीज किये जायेंगे। यह सवाल है कि इस बेमकसद व बेमतलब के युद्ध से हासिल क्या हुआ? होर्मुज तो 28 फरवरी 2026 से पहले सबके लिए खुला ही हुआ था और वह भी बिना किसी निगरानी व फीस के। अब उसका संचालन ईरान व ओमान करेंगे और वह 'सर्विस फीस' भी लेंगे। इससे अमेरिका को तो कुछ हासिल नहीं हुआ, ईरान व ओमान दरोगा जरूर बन गये और अन्य देशों का व्यापार खर्च बढ़ गया। जहां तक ईरान द्वारा परमाणु हथियार बनाने की बात है तो वह अपने दिवंगत नेता आयातुल्ला अली खामेनई (जिनका 9 जुलाई 2026 को अंतिम संस्कार किया जायेगा) के फतवे को मद्देनजर रखते हुए पहले से ही कहता आ रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए शांतिपूर्ण है, वह परमाणु बम नहीं बनायेगा। गौरतलब है कि जिनेवा में जब अमेरिका व ईरान के बीच दूसरी वार्ता हुई, तो उसमें शामिल ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल को 'आश्चर्य' हुआ था कि तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर वाशिंगटन की हर बात मानने को तैयार हो गया था व विएना में तकनीकी वार्ता के लिए तिथि पर भी सहमति बन गई थी, तो अमेरिका व इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी 2026 की सुबह बेमतलब व बेमकसद का पुनः युद्ध थोप दिया था, मिनाब में 168 स्कूलों बच्चियों की हत्या करके। अब भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर कोई नई बात तो हुई नहीं है बल्कि अब तेहरान अधिक मजबूत स्थिति में होकर वार्ता कर रहा है। ईरान को अपने 25 बिलियन डॉलर भी वापस मिल जायेंगे और उस पर से पाबंदियां भी हटेंगी।

कुल मिलाकर तथ्य यह है कि इस युद्ध व समझौते से अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ बल्कि उसकी वैश्विक दादागीरी की पोल जरूर खुल गई कि एक छोटा सा मुल्क ईरान, जिस पर 4 दशक से भी अधिक की आर्थिक पाबंदियां लगी हुई थीं, भी अमेरिका व इजरायल की संयुक्त ताकत को चुनौती दे सकता है व अपनी बात मनवा सकता है। ट्रम्प की बेवकूफी ने अमेरिका की ताकत व हथियारों का जो भ्रम बना हुआ था, उसे पूरी तरह से तुड़वा दिया है। अरब देशों में जो अमेरिकी बेसों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है, उससे अरब में भी वाशिंगटन का प्रभाव कम हुआ है और सऊदी अरब, ओमान, कतर आदि अब अपनी सुरक्षा के लिए तुर्की, पाकिस्तान व ईरान की तरफ झुकते जा रहे हैं। यह अलग बात है कि बीच-बीच में भ्रामक बयान देकर ट्रम्प ने अपने करीबियों को स्टॉक्स के जरिये जबरदस्त मुनाफा कमवाया।

### सोशल मीडिया

चिनाब ब्रिज जैसी इंजी. की मिसाल व मिजोरम को रेल मानचित्र पर से जोड़ने वाली बैराल सैरांग रेल परियोजना ने सिद्ध किया कि विकास अंतिम छोर तक पहुंच रहा है। सीएम योगी.



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संकल्प से सिद्धि तक पिछले 12 वर्षों में भारत का इन्फ्रा-स्ट्रक्चर विकास एक नयी पहचाना बनकर उभरा है। सुधांशु त्रिवेदी.



12 वर्षों में पेपर लीक, परीक्षा की चोरी, टेंडर में धांधली को संरक्षण देकर इसे अपराध का संगठित सिंडीकेट बना दिया है, जब तक है मोदी सरकार तब युवाओं का भविष्य नीलाम। राहुल गांधी



### विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।
-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।
-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।
-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।
-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

# वैचारिक चेतना

### अंतर्दृष्टि

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़्तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

# मैं सिद्धान्तों पर अडिग हूं...

### व्यंग्यलोक

बचपन से ही मेरी चरित्रवान बनने की इच्छा थी। पिताजी ने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था यानि मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा-बेटा ! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा ! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विड्रा करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा ! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है-मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।



पूरन सरमा

# ब्रेन हेल्थ में कारगर और उपयोगी है नियमित योग



### स्वास्थ्य

शरीर को स्वस्थ रखने की प्राचीन भारतीय पद्धति योग सिर्फ बदन को लचीला बनाने या फिट रखने का तरीका भर नहीं है बल्कि यह ब्रेन हेल्थ के लिए भी बेहद कारगर है। कुछ दशक पहले तक योग को ब्रेन हेल्थ के लिए बहुत महत्वपूर्ण नजर से नहीं देखा जाता था। लेकिन हाल के दशकों में जब तनाव, अवसाद, चिंता, अनिद्रा, स्मरणशक्ति में कमी, आदि समस्याएं जीवनशैली की बीमारियों के रूप में इंसान को अपने शिकंजे में कसा है, तब विज्ञान और चिकित्सा जगत यह समझ पाने और स्वीकार करने को तैयार हुआ है कि इन तमाम स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से छुटकारा पाने में योग की जबर्दस्त भूमिका है।

स्ट्रोक, डिमेंशिया, अल्झाइमर और स्मृतिक्षरण को रोकने में योग बहुत कारगर है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अब इस संदर्भ की पूरी दुनिया में व्यापक चर्चा होती है। दरअसल आज की तारीख में मस्तिष्क हमारे शरीर का वो अंग है, जो सबसे ज्यादा तनाव भुगतता है। सूचनाओं की अनाप-शनाप बाढ़, चौबीसो घंटे सक्रिय डिजिटल दुनिया, सामाजिक प्रतिस्पर्धा और भविष्य की चिंताएं हमारे दिमाग को लगातार व्यस्त रखती हैं। परिणाम स्वरूप मानसिक थकान, तनाव और स्मरणशक्ति से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। इन सबमें योग बहुत कारगर बनकर उभरा है। विश्व स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक स्वस्थ मस्तिष्क केवल सोचने और याद रखनेभर के लिए जरूरी नहीं है बल्कि यह हमारा व्यवहार, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है।

आज मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे की तरह-तरह की मानसिक स्वास्थ्य तथा मस्तिष्क समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। योग इन सभी स्थितियों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभदायक है। मस्तिष्क का सबसे बड़ा शत्रु है तनाव। तनाव की स्थिति में शरीर कार्टिसोल जैसे हार्मोन बढ़ जाते हैं और यदि यह स्थिति लंबे समय बनी रहे तो हमारी स्मरणशक्ति, ध्यान और भावनात्मक संतुलन की शक्ति प्रभावित हो सकती है। योग की विशेषता यह है कि यह शरीर को आराम और पुनर्निर्माण की अवस्था में ले जाने में मदद करता है। जब व्यक्ति नियंत्रित श्वांस, ध्यान और योगासन करता है तो शरीर की तनाव प्रतिक्रिया धीरे-धीरे कम होने लगती है। परिणामस्वरूप मन शांत होता है और मस्तिष्क को विश्राम मिलने के कारण वह स्वस्थ और मजबूत होता है। आज तमाम लोग ऐसे हैं जो एकाग्रता नहीं बना पाते, जिससे किसी चीज को याद करना उनके लिए काफी मुश्किल होता है। योग में ध्यान और प्राणायाम के अभ्यास मस्तिष्क को वर्तमान क्षण में केंद्रित करना सिखाते हैं। हमारी ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ जाती है और नियमित अभ्यास से मानसिक स्पष्टता और निर्णय क्षमता में सुधार महसूस होता है। यही कारण है कि विद्यालय और विश्वविद्यालय योग तथा ध्यान को सहायक गतिविधि के रूप में अपनाते हैं।

स्ट्रोक की समस्या के बाद मरीज को शारीरिक कमजोरी, संतुलन संबंधी समस्या और आत्मविश्वास की कमी तथा मानसिक तनाव की स्थिति से गुजरना पड़ता है। विशेषज्ञों की निगरानी में किया गया योग पुनर्वास प्रक्रिया का पूरक साधन बन सकता है। सरल योगासन, नियंत्रित श्वांस और ध्यान, मरीज को शारीरिक तथा मानसिक रूप से बेहतर महसूस कराने में सहायता करते हैं। हालांकि यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि योग चिकित्सा उपचार का विकल्प नहीं है बल्कि उसके साथ चलने वाला सहयोगी उपाय है। अच्छी नींद मस्तिष्क के लिए इतनी ही आवश्यक है, जितना भोजन शरीर के लिए। नींद के दौरान मस्तिष्क दिनभर की सूचनाओं को व्यवस्थित करता है और स्वयं को पुनर्स्थापित करता है। इससे नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है, जिसका सीधा लाभ हमारे मस्तिष्क के स्वास्थ्य को मिलता है। आज जब हम साल 2026 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं, तो हमें यह जानना भी बहुत जरूरी है कि डिजिटल युग में मस्तिष्क की सुरक्षा बेहद जरूरी है। हमारी जिंदगी आज अधिक से अधिक मस्तिष्क पर निर्भर हो गई है। इसलिए हर उस व्यक्ति को नियमित योग करना जरूरी है, जो दिलो-दिमाग से स्वस्थ रहना चाहता है।

- हर रोज 10 मिनट अनुलोम-विलोम करना मानसिक शांति के लिए जरूरी है। प्रतिदिन 5 मिनट भ्रामरी प्राणायाम करें, इससे मन शांत होता है।
- दिन में कम से कम 15 मिनट तक ध्यान करें, इससे एकाग्रता बढ़ती है, भावनात्मक संतुलन बेहतर होता है और मानसिक स्पष्टता मजबूत होती है। जो लोग अनिद्रा से पीड़ित हैं, उन्हें योग निद्रा के जरिये अपनी नींद की कमी को पूरा करना चाहिए। मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए, नियमित योग जरूरी है।

**डॉ. माजिद अलीम.**

## आप की बात

### रोजगार की शिक्षा

देश के हरेक युवा को रोजगार एवं काम-धंधे से जोड़ने के लिए यह जरूरी है कि ऐसी शिक्षा दी जाये जो युवाओं में कौशल विकसित करे। देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार कौशल विकास मिशन चला रही है लेकिन एक लंबे समय से इसकी गतिविधियां ठप हैं। कोरोना काल में दो वर्ष तक सब कुछ ठप रहा। ऐसे में रोजगार सृजन बहुत जरूरी है इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए और सबको प्रशिक्षण का अवसर देना चाहिए। शिक्षा और प्रशिक्षण की सुविधाएं जैसे-जैसे बढ़ रही हैं उसी गति से देश में कुशल एवं शिक्षित श्रम तैयार हो रहा है और देश के श्रमबल में हर साल बड़े पैमाने पर नये युवा जुड़ रहे हैं लेकिन इनके रोजगार के लिए कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बेरोजगारी बड़ रही है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाना और सबके लिए काम की व्यवस्था करना भारत और राज्यों के सरकारों की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास मिशन और मुद्रा योजना चला रही है लेकिन देखने में यह आया है कि बैंक बड़े-बड़े लोन तो आसानी से दे देते हैं और डूबा भी बैठते हैं लेकिन बेरोजगार युवाओं को कारोबार शुरू करने के लिए एक-दो लाख का लोन देने में बड़ी अनाकानी करते हैं। बहरहाल अब इन स्थितियों को बदलने की जरूरत है। अब युवाओं को कौशल के साथ ही वित्तीय देकर उनको रोजगार में स्थापित करना होगा तभी देश में पूरी तरह से बेरोजगारी को खत्म किया जा सकता है।

**आलोक कुमार भट्ट, लखनऊ.**

### श्रमिक कल्याण की नीतियां

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### विकास से बढ़ेंगे अवसर

प्रदेश में निवेश के जो प्रयास हो रहे हैं उससे प्रगति तेज होगी और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन भी चल रहा है।

**राकेश कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

संक्षेप

## ग्रेट निकोबार में पेड़ों की कटाई के विरोध में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

ललितपुर। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार क्षेत्र में प्रस्तावित विकास परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व एवं नगर अध्यक्ष के संचालन में शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए बैनरों पर हजारों लोगों ने हस्ताक्षर कर पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि ग्रेट निकोबार में प्रस्तावित विकास परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र के उपयोग और पेड़ों की कटाई को लेकर पर्यावरणविदों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत बंदरगाह, हवाई अड्डा, टाउनशिप तथा अन्य आधारभूत ढांचों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा लगभग 130.75 वर्ग किलोमीटर वन भूमि के उपयोग की मंजूरी दी गई है। इससे लाखों पेड़ प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक संख्या सरकारी आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। ग्रेट निकोबार के घने वर्षावनों में पेड़ों का घनत्व अत्यधिक होने के कारण बड़े पैमाने पर जैव विविधता, वन्यजीवों और स्थानीय आदिवासी समुदायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कांग्रेस पार्टी और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने परियोजना की पुनः समीक्षा की मांग करते हुए इसे द्वीपों के नाजुक पारिस्थितिक तंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया है। वक्ताओं ने कहा कि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह अपनी समृद्ध जैव विविधता, दुर्लभ वनस्पतियों और आदिवासी समुदायों के लिए विश्वभर में जाना जाता है। विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना आज के सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई होती है तो इसका सीधा असर वन्यजीवों, पक्षियों और स्थानीय समुदायों के जीवन पर पड़ेगा। मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान का यह अंतिम दिन था। इससे पूर्व घंटाघर, कचहरी, स्टेशन रोड, कंपनी बाग सहित शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर अभियान चलाकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, शशिकांत दीक्षित, रामसिंह यादव, राजा राजपाल सिंह, खलक सिंह राजपूत, उपदेश सेन, समरथ कुशवाहा, राहुल सेन, जगभान सिंह बुंदेला सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

# दबंगों ने आदिवासी महिला के घर में लगायी आग

### गृहस्थी का सामान जलकर राख



ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महर्रा में एक आदिवासी महिला के मकान पर अवैध कब्जे के प्रयास और आगजनी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने उसके घर में आग लगा दी, जिससे घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना के विरोध में पीड़िता ग्रामीणों के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंची और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की। ग्राम महर्रा निवासी माना आदिवासी पत्नी स्व.देवेन्द्र आदिवासी द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि गांव की सीमा पर उसका एवं उसकी सहयोगी सरोज काफी समय से उसके मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रही थीं। आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे दोनों महिलाएं 10 से 12 अज्ञात लोगों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर पहुंचीं और मकान पर जबरन कब्जा करने का प्रयास करने लगीं। पीड़िता के अनुसार जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता और गाली-गलौज की। इसके बाद सभी ने मिलकर उसके मकान में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा घरेलू सामान, कपड़े, बर्तन एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं जलकर नष्ट हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक पीड़िता को भारी नुकसान हो चुका था। पीड़िता ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस के पहुंचने की जानकारी मिलते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। जाते समय उन्होंने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने गांव की सहरिया बस्ती के मुख्य निकास मार्ग पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। बस्ती के लोग जब इसका विरोध करते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है और उनके मकानों पर बुलडोजर चलाने की बात कही जाती है। इससे पूरी बस्ती के लोग भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। पीड़िता ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई कराने तथा हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। ज्ञापन पर माना आदिवासी के साथ महेन्द्र, हीरालाल, शिवम, देवेन्द्र, कृष्णा, केसर, रामवती सहित कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर एवं अंगूठे के निशान कर अपना समर्थन दर्ज कराया।

# महिलाओं ने कहा गांव से हटायी जाये शराब की दुकान

### कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम सतगता में गांव के बीच संचालित देशी शराब के ठेके को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीण महिलाओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि शराब ठेके के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है तथा महिलाओं और छात्राओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि जनवरी 2025 से अब तक कई बार प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बीच स्थित शराब ठेका सामाजिक वातावरण को प्रभावित कर रहा है और इसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब की दुकान की आड़ में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब, बीयर एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री भी की जाती है। विरोध करने पर ठेका संचालकों द्वारा अभद्र व्यवहार एवं धमकियां देने की शिकायत भी की गई है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे बहन-बेटियों एवं बुजुर्गों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मई माह में आबकारी विभाग द्वारा दुकान पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई थी, लेकिन इसके बावजूद ठेका यथास्थान संचालित हो रहा है। महिलाओं का आरोप है कि कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने शीघ्र ठेका हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीण महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शराब का ठेका गांव से बाहर स्थानांतरित नहीं किया गया तो वे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने के साथ ही मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाएंगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, आयुक्त झांसी मंडल, सांसद झांसी-ललितपुर एवं सदर विधायक को भी भेजी गई है। ज्ञापन पर गीता, रूपवती, रानी, मुन्नी, बिटिया, सुगीता, राजकुमारी, उमेदीबाई, अवधकुंवर, मचु सहित दर्जनों महिलाओं के हस्ताक्षर एवं अंगूठे के निशान दर्ज हैं।

# जनजागरुकता अभियान का बबेरू ब्लॉक में लगा शिविर

बांदा। केंद्र मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बबेरू विकासखंड परिसर में समेकित जनकल्याण एवं जनजागरुकता अभियान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे, मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डा. विवेकानंद गुप्ता ने की। कार्यक्रम के संयोजक आनंद साहू जिला उपाध्यक्ष रहे। स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास, कृषि विभाग, समाज कल्याण व आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग सहित तमाम अन्य विभागों की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। कई विभागों के स्टाल लगाए गए। पशु विभाग का शिविर नहीं लगाए जाने पर खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी ने बबेरू के उप पशु चिकित्साधिकारी के खिलाफ उच्चाधिकारियों पत्र भेजकर कार्यवाही को लिखा हैं। मुख्य अतिथि चेयरमैन डा. विवेकानंद गुप्ता, संयोजक आनंद कुमार साहू, अजय कुमार पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने देश के प्रत्येक गांव में विकास की नींव रखी है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख रमाकांत पटेल, सुधीर कुशवाहा आनंद साहू, विष्णु प्रताप सिंह, सौरभ शिवहरे आदि मौजूद रहे।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



बांदा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि चंद्र दर्शन के अनुसार 17 से 26 जून तक जनपद के विभिन्न मार्गों से मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों की सफाई, सड़क मरम्मत कराई जाए। ताजियों की ऊंचाई मानक के अनुरूप रखी जाए। विद्युत एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर खुले, लटके विद्युत तारों को ठीक कराए। जल संस्थान जुलूस मार्गों पर नियमित जलापूर्ति करे। पाइपलाइन लीकेज ठीक कराए जाएं। केन नदी के किनारे ताजिया विसर्जन के लिए गड्ढे खोदकर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद को दिए। डीएम ने कहा कि लाउडस्पीकर की ध्वनि मानक सीमा में रखी जाए। जुलूस पारंपरिक एवं परंपरागत ढंग से ही निकाले जाएं। सभी विभागों के अधिकारी जुलूस मार्गों का भ्रमण कर अपने-अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करायें। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सुझाव दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुमार धर्मेंद्र, नगर मजिस्ट्रेट संदीप अकेला, अपर पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के विरूद्ध आबकारी विभाग का अभियान हुआ तेज

### जनपद के दूरस्थ ग्रामों में दी गई दबिश, बरामद हुई अवैध शराब



ललितपुर। जनपद के युवाओं एवं गरीब लोगों को अपनी गिरफ्त में ले चुका अवैध शराब का कारोबार खूब फल फूल रहा है। अमूमन जनपद के प्रत्येक हिस्से में अवैध शराब का धंधा चल रहा है। कबूतरा जाति के लोगों द्वारा निर्मित की जाने वाली कच्ची अवैध शराब काफी घातक होती है, क्योंकि यह शराब अनेकों प्रकार के रसायन सहित बिना किसी डिग्री की होती है। वहीं दूसरी ओर आसानी से 20 से लेकर 30 रूप्ये में मिलने वाली इस शराब को सस्ते के चक्कर में गरीब मजदूर वर्ग ज्यादा पसंद करता है, जिससे सरकारी देशी एवं विदेशी शराब की बिक्री भी प्रभावित होती है, और राजस्व में कमी आती है। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए आबकारी विभाग अक्सर ही अवैध शराब के विरूद्ध अपना अभियान छेड़े रहता है। सोमवार को जिला आबकारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में आबकारी विभाग की टीम द्वारा गाँव-झांकर, तहसील-मडावरा,ललितपुर में अवैध शराब बिक्री की रोकथाम हेतु छापेमार कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इस दौरान कुल 9.6 लीटर अवैध शराब जिसमें 6.2 लीटर देशी शराब रसभरी ब्रांड व 3.4 लीटर देशी शराब रसरंग ब्रांड की बरामद करते हुए टीम द्वारा आरोपी जग्गू पुत्र नन्नू यादव निवासी-गांव-झांकर को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत थाना-गिरार में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। संयुक्त टीम में आबकारी निरीक्षक मडावरा, प्रशांत कुमार मय आबकारी हमराह उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री का भय दिखाकर महिला की जमीन पर कब्जे का प्रयास

### रिवॉल्वर तानकर दी जान से मारने की धमकी

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महर्रा में एक महिला की पुश्तैनी भूमि पर जबरन कब्जा करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि स्वयं को एक राज्यमंत्री का पुत्र एवं पुत्री बताने वाले दो लोग 10 से 15 हथियारबंद साथियों के साथ उसकी भूमि पर पहुंचे और बाउंड्रीवाल निर्माण कराकर कब्जा करने का प्रयास किया। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से कर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम महर्रा निवासी प्रेमबाई पत्नी रामसेवक द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि वह ग्राम महर्रा स्थित आराजी संख्या 201मि, रकबा 0.121 हेक्टेयर की वैध भूमिधर हैं। उक्त भूमि उन्होंने वर्ष 2016 में पंजीकृत बैनामे के माध्यम से क्रय की थी और तब से उस पर उनका कब्जा चला आ रहा है। पीड़िता के अनुसार 14 जून को दोपहर करीब तीन बजे वह अपने पति रामसेवक के साथ भूमि पर मौजूद थीं। इसी दौरान एक युवक और एक महिला अपने साथ 10 से 15 लोगों को लेकर वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी लोग हथियारों से लैस थे और आते ही भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू करा दिया। जब प्रेमबाई और उनके पति ने निर्माण कार्य का विरोध किया तो आरोपितों ने कथित रूप से स्वयं को राज्यमंत्री का पुत्र और पुत्री बताते हुए सत्ता का प्रभाव दिखाया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें धमकाया गया तथा रिवॉल्वर दिखाकर वहां से हट जाने को कहा गया। साथ ही पूरी जमीन पर कब्जा करने की बात भी कही गई। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण और भूमि के अन्य हिस्सेदार भी मौके पर पहुंच गए। पीड़िता का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीणों को भी धमकाया गया तथा झूठे मुकदमों में फंसाने की चेतावनी दी गई। मामले से भयभीत पीड़िता ने जिलाधिकारी से अपनी भूमि को अवैध कब्जे से बचाने, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने परिवार की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है।

## सिंचाई अभियंताओं ने किया जनजागरुकता व गोष्ठी का आयोजन




बांदा। सिंचाई विभाग के सभी खंडों में मंगलवार को निरीक्षण भवन तिंदवारी में केंद्र सरकार के 12 वर्ष व राज्य सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर जनसंपर्क एवं जनजागरुकता अभियान का आयोजन कर गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रामकेश निषाद व विशिष्ट अतिथि पदमश्री उमाशंकर पांडेय रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यमंत्री रामकेश निषाद के पहुंचने पर पौधारोपण किया गया। दीप प्रज्वलन के उपरांत अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्यमंडल उस्मान अली केन नहर प्रखंड के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार पांडेय ने विभाग के कार्यों की उपलब्धि व योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कई ग्राम प्रधानों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विभाग के सेवा निवृत्त कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि उमाशंकर पांडेय ने जल संचयन पर प्रकाश डाला। जल संचय करने की नसीहत दी। राज्य मंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार के कराए गए बीते वर्ष के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब हमारा किसान उन्नति करेगा तभी देश विकास करेगा। सिंचाई विभाग की अनेकों योजना प्रगति पर हैं। इस दौरान अधीक्षण अभियंता उस्मान अली, अधीक्षण अभियंता केन बेतवा लिंक नहर, निर्माण मंडल संदीप खरे, अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड तृतीय राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड जितेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता केन बेतवा लिंक नहर निर्माण खंड द्वितीय, सहायक अभियंता, अवर अभियंता व किसान मौजूद रहे। संचालन मुंशी अरुण खरे ने किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का शुभारंभ



ललितपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को चंद्रशेखर आजाद पार्क (कंपनी बाग ) में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ सदर विधायक राम रतन कुशवाहाएवं मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ विनीता भारती के द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सदर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने जीवन में योग को शामिल करते हुए शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए योगा को महत्व देने पर बल दिया जिससे कर्मयोगी बनकर हम अपने जीवन में चेतना के उच्च स्तर तक पहुंच सकते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान द्वारा योग के द्वारा स्वस्थ रहने पर जोर दिया जिससे हम अपने परिवार समाज एवं राष्ट्र की सेवा भली-भांति कर सकें। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ विनीता भारती, योग नोडल अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र दत्त एवं डॉ राहुल जायसवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह एवं डॉ राजेश भारती जिला संक्रामक रोग नियन्त्रण अधिकारी द्वारा आमंत्रित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों एवं प्रतिभागियों को जनपद के योग प्रशिक्षक अर्पित शर्मा एवं मास्टर योग ट्रेनर रामू कांत द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में सहयोगी योग संस्थानों में पतंजलि योग समिति के अरविंद जैन अनुराग चतुवेर्दी अशोक सेन एवं योगदा समिति के योगाचार्य फूलचंद रजक, राजेंद्र श्रीवास्तव ब्रह्माकुमारी आश्रम से दीदी प्रेरणा शर्मा, आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान से सुबोध शर्मा आदि उपस्थित रहे।

योग प्रशिक्षक अर्पित शर्मा ने कम से कम समय में भी योगासन प्राणायाम को अपने जीवन में शामिल करने पर महत्व दिया।

इस अवसर पर आयुष विभाग, चिकित्सा विभाग,पुलिस विभाग नगर पालिका,तहसील एवं विकासखंड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित योग प्रशिक्षकों ने सहभागिता निभाई योग संस्थान के साधकों सहित नगर के बड़ी संख्या में योग प्रेमियों ने कार्यक्रम में प्रतिभा कर इसे सफल बनाया।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत 15 जून से 21 जून तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इस दौरान योग शिविरों के माध्यम से कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा साथ ही योग गोष्ठी ,निबंध लेखन स्लोगन लेखन भाषण एवं योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को पुलिस लाइन ललितपुर में प्रातः साढे पांच बजे से सात बजे के बीच किया जाएगा।

## राहगीरों को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने किया शर्बत वितरण



बांदा। भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बांदा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने शहर के जजी चैराहे पर जिलाधिकारी अमित आसेरी की प्रेरणा से स्थापित सेवा शिविर में शरबत एवं शीतल जल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। राहगीरों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को शीतल पेय एवं पानी वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष संतन ओमर, महामंत्री अमित सेठ, चेयरमैन बाबूलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, संगठन मंत्री कुलदीप सेठ, कुलदीप शुक्ला सहित शरद गुप्ता, सूरज गुप्ता, शिवम शुक्ला, रामजी गुप्ता, कृपा शंकर सेठ, प्रमोद ओमर, अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी, सहायक औषधि आयुक्त, सहायक खाद्य आयुक्त, वरिष्ठ अधिवक्ता, समाजसेवी अमित सेठ, सुनील सक्सेना आदि रहे।

# लोकतंत्र कमजोर राजतंत्र हावी : निषाद

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री विशम्भर प्रसाद निषाद ने देश की वर्तमान स्थिति और विदेश नीति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। अपने ससुराल देवीगंज में एक वैवाहिक कार्यक्रम में आयोजित विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि देश 'नाजुक दौर' से गुजर रहा है और केंद्र सरकार ने विदेश नीति को विदेशी दबावों के हवाले कर दिया है ।निषाद का आरोप है कि केंद्र सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निदेर्शों पर काम कर रही है और प्रधानमंत्री कुछ दोस्तों को बचाने के लिए विदेश नीति अपना रही हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण पड़ोसी देशों बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, तिब्बत, भूटान और म्यांमार–से भारत के संबंध प्रभावित हुए हैं, जिसका असर सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है ।देश में लोकतंत्र कमजोर होने का भी आरोप लगाते हुए निषाद ने कहा कि वर्तमान सरकार ने संविधान से हटकर 'राजतंत्र' जैसे शासन की शुरूआत कर दी है और देश व नागरिक संकट में हैं। उन्होंने आरबीआई के सोने की बिक्री और विश्व बैंक में संपत्तियों को गिरवी रखने का आरोप लगाया, जिसे उन्होंने देश के भविष्य के लिए खतरनाक बताया ।भ्रष्टाचार के मामले में निषाद ने केंद्र सरकार की निंदा की और कहा कि बड़े घोटालों के आरोपियों को सजा देने के बजाय मंत्री व मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। उन्होंने आम जनता के सामने शिकायतों का सुनवाई न होने और प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचार बढ़ने का उदाहरण देते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के दफ्तरों में फरियादियों की भीड़ होने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निवारण करने के बजाय प्रभावित लोगों से धन वसूली की जा रही है ।आरक्षण को निष्क्रिय करने का आरोप लगाते हुए निषाद ने कहा कि संविधान में दिए गए आरक्षण के अधिकारों को दरकिनार कर सामान्य वर्ग के लोगों को जबरन सुविधाएं दी जा रही हैं और पिछड़े, दलित तथा आदिवासी वर्गों के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने अपने गृह जनपद बांदा के एक संस्थान में भर्ती में एक विशेष जाति को वरीयता दिए जाने का हवाला दिया ।अपराधों में वृद्धि पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें अब किसी का भय नहीं रहा। कई ऐसे अपराधी जो जेल में होने चाहिए थे, आज प्रशासन में अपनी पैठ बना चुके हैं और प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। निषाद ने कहा कि सरकार बदलने पर इन सबका हिसाब लिया जाएगा और भाजपा तथा उसकी सरकारें जवाबदेह रहेंगी।

## जानवर से टकराकर बाइक सवार घायल, रेफर

बांदा। राष्ट्रीय राजमार्ग बदौदा रोड तहसील के पास बाईक सवार युवक की जानवर से टक्कर लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। सुधीर पुत्र देवीशरण उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सरस्वाह सोमवार रात अपनी बहन की ससुराल फतेहगंज क्षेत्र के ग्राम कदवारा से अपनी शादी का कार्ड दे कर वापस आ रहा था। अतर्रा तहसील के पास अचानक सामने से जानवर आ जाने के कारण टक्कर हो गई। इससे बाईक सवार बुरी तरह घायल होकर जमीन में गिर गया। स्थानीय लोगो ने एंबुलेंस को फोन कर बुलाया। सीएचसी अतर्रा में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। घायल के बुआ के लडके ने बताया कि सुधीर की स्वयं की शादी 21 जून को है।

## विद्युत अभियंता नहीं उठाते फोन, डीएम से कार्यवाही की मांग

बांदा। चिल्ला पावर हाउस से संचालित जारी फीडर की लचर व्यवस्था के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाइन खराब होने पर एसडीओ और अवर अभियंता उपभोक्ताओं का फोन उठाकर सही जवाब देना भी मुनासिब नहीं समझते। कुलकुम्हारी गांव के राजा त्रिवेदी, कुरौली के शिवगोपाल व आनंद द्विवेदी आदि ने बताया कि इस फीडर में तैनात लाइन मैन मनमाने तरीके से काम करते हैं। विद्युत लाइन खराब होने की जानकारी देने के लिए यदि कोई फोन लगाता है तो इनका फोन स्विच आफ रहता है। बीते दिनों बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। विधायक की शिकायत के बाद तीन अभियंताओं को निलंबित किया गया था। लेकिन इसके बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारी सुधरने का नाम नही ले रहे। क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी से अकर्मण्य अभियंताओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# बड़े मंगल पर भंडारे में बांटी शर्बत



फतेहपुर ज्येष्ठ माह के सातवें बड़े मंगल के अवसर पर शहर के विभिन्न चौराहा एवं मंदिरों में भंडारा एवं शरबत वितरण का कार्य संपन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम मुराईन टोला हनुमान मंदिर में हनुमान प्रतिमा पर माला फूल अर्पित किय गए उसके बाद शरबत वितरण का कार्य संपन्न हुआ। वही पत्थर कटा चौराहा में राहुल मेडिकल स्टोर के संचालक नर सिंह गुप्ता सोनू मौर्य श्रवण कुमार पाल सरफराज हुसैन प्रधान निशु जूस कॉर्नर शुभम मौर्य संजय मौर्य जोशी मोर गोलू गुप्ता के द्वारा शरबत वितरण का कार्य संपन्न हुआ वही स्टेट बैंक के समीप रवि दीक्षित शेषनाग दीक्षित रवि दुबे एवं रज्जन दुबे कोराई के द्वारा शरबत वितरण का कार्य किया गया क्रम में पटेल नगर चौराहा में बड़े मंगल के अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता अदिल भाई रवि प्रांशु द्वारा शरबत वितरित किया गया किसी क्रम में आईटीआई रोड स्थित एक मैरिज हॉल में लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन द्वारा शरबत वितरण का कार्य किया गया इस मौके पर अमित मिश्रा नीटू लालचंद त्रिपाठी संजय लाल धनंजय द्विवेदी अनिल दुबे रत्नेश मिश्रा कल्लू तिवारी मुन्ना सहित अन्य लोग ने सहयोग किया। वही कलेक्टर गंज स्थित नाइस मोबाइल सेंटर के संचालक अवशेष जायसवाल नगर पालिका सभासद के द्वारा पूड़ी-सब्जी , बूंदी एवं शरबत वितरण का कार्य किया गया इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य असोथर ब्लॉक प्रमुख नीरज सिंह रोजगार सेवक के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह चौहान राजन तिवारी विकास सभासद राहुल मनोज जायसवाल मनीष जायसवाल श्रवण कुमार गुप्ता श्याम जी गुप्ता सुंदरलाल गुप्ता सारंग कुमार गुप्ता संतोष कुमार गुप्ता शीलू गुप्ता अवनीश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में चौक हनुमान मंदिर में कमेटी के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया इस मौके पर जगन्नाथ प्रसाद कालका गांधी वीरेंद्र पांडे पप्पन रस्तोगी अमित रस्तोगी उज्जवल गुप्ता डीलू रस्तोगी उत्तम रस्तोगी साल्टू रस्तोगी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला लेखपाल की तैनाती पर सवाल

फतेहपुर। सदर तहसील में एक महिला लेखपाल की कथित रूप से 10 से 12 वर्षों से एक ही क्षेत्र में तैनाती को लेकर राजस्व विभाग और तहसील परिसर में चचाओं का दौर तेज हो गया है। लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत रहने को लेकर कर्मचारी, अधिवक्ता और स्थानीय लोगों के बीच कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि संबंधित महिला लेखपाल का प्रभाव इतना मजबूत है कि राजस्व विभाग के अंदर होने वाली कई प्रशासनिकगतिविधियों में उनकी भूमिका को लेकर भी चर्चा होती रहती है ।सूत्रों के अनुसार शासन की स्थानांतरण नीति का उद्देश्य प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता बनाए रखना होता है। इसके बावजूद यदि कोई कर्मचारी वर्षों तक एक ही क्षेत्र में बना रहता है तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में सवाल पैदा होते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों के नियमित तबादले होते हैं, तो फिर एक ही कर्मचारी लंबे समय तक एक ही स्थान पर कैसे कार्यरत रह सकता है ?तहसील परिसर में यह चर्चा भी आम है कि संबंधित महिला लेखपाल की पहुंच उच्च स्तर तक है, जिसके कारण उनके स्थानांतरण का मामला वर्षों से लंबित बना हुआ है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन लगातार उठ रहे सवाल प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न अवश्य लगा रहे हैं ।सूत्रों का यह भी कहना है कि राजस्व विभाग में कार्यक्षेत्र निर्धारण, हल्का परिवर्तन और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी संबंधित महिला लेखपाल का प्रभाव बताया जाता है। कुछ लोगों का आरोप है कि कई महत्वपूर्ण मामलों में उनकी राय को प्राथमिकता दी जाती है।

संक्षेप

## मानसून में लिवॉन से करें बालों की देखभाल

नई दिल्ली। मानसून में घर से बाहर निकलते ही बालों में फ्रिज की समस्या आम हो जाती है। विटामिन ई और आर्गन ऑयल से युक्त लिवॉन एंटी-फ्रिज सीरम की कुछ बूंदें बालों को तुरंत स्मूद और चमकदार बनाती हैं। इसे इस्तेमाल करने के लिए बाल धोने या स्टाइलिंग टूल्स की जरूरत नहीं होती। इसकी नॉन-स्टिकी फॉर्मूला बालों को आसानी से सुलझाता है और इसका कॉम्पैक्ट पैक इसे कहीं भी साथ ले जाने के लिए सुविधाजनक बनाता है। ऑफिस मीटिंग हो या शाम की पार्टी, यह मात्र 30 सेकंड में बालों को नया लुक देने में मदद करता है। बारिश और बढ़ी हुई नमी बालों की प्राकृतिक नमी को धीरे-धीरे कम कर देती है, जिससे बाल रूखे और फ्रिजी हो जाते हैं। 3.5 प्रतिशत हाइड्रेटिंग कॉन्सट्रेंट, हायलूरोनिक एसिड और प्रोटीन स्मूद टेक्नोलॉजी से युक्त लिवॉन हायलूरोनिक मॉयस्चर शैम्पू बालों को गहराई से पोषण प्रदान करता है। यह पहले ही वॉश से बालों को मुलायम बनाने और फ्रिज को नियंत्रित करने में मदद करता है तथा 72 घंटे तक हाइड्रेशन बनाए रखने का दावा करता है। मानसून के दौरान बालों की देखभाल के लिए यह एक प्रभावी घरेलू समाधान है।

## माइंडमाइन समिट 2026 में एक साथ आये शीर्ष नेता

नई दिल्ली। हीरो एंटरप्राइस के मुख्य चिंतन नेतृत्व आयोजन दि माइंडमाइन समिट का 16वां संस्करण आज नई दिल्ली के ताज पैलेस में संपन्न हुआ जिसमें भारत के प्रमुख नीति निमार्ता, उद्योगपति, अर्थशास्त्री, राजनयिक, निवेशक, स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ और बुद्धिजीवी भारत की उभरती वृद्धि यात्रा पर बातचीत के लिए एक साथ आए। अनिश्चित समय, भरोसेमंद फैसलेः भारत ने दिशा बदलीह्व विषय पर केंद्रित इस समिट में यह संभावना तलाशी गई कि भारत किस प्रकार से अपने आर्थिक आधारों, संस्थानों, नवप्रवर्तन पारितंत्र और विकास प्राथमिकताओं को मजबूत करते हुए तेजी से बदले वैश्विक परिदृश्य पर नजर रख रहा है। सरकार नीतिगत सहयोग के जरिए मुद्रा से जुड़े जोखिम की चिंता घटाते हुए बांड बाजार और विदेश से फंड जुटाकर विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए सक्रियता के साथ रूपरेखा तैयार कर रही है। सीतारमण ने इस बात पर भी जोर दिया कि आर्थिक प्रतिस्पर्धी क्षमता महज केंद्र सरकार की कहानी नहीं रह गई, बल्कि राज्य भी जीसीसी, डेटा सेंटर और टेक्नोलॉजी निवेश आकर्षित करने के लिए एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## हीरो फिनकॉर्प ने सेल्सफोर्स संग मिलकर लोन प्रोसेसिंग तेज की

नई दिल्ली। Hero FinCorp ने salesforce.com के साथ साझेदारी कर अपनी टू-व्हीलर लोन प्रोसेसिंग को और तेज बना दिया है। कंपनी का दावा है कि एजेंटफोर्स आधारित ऑटोमेशन से लोन टर्नअराउंड टाइम में 72 प्रतिशत सुधार हुआ है। अब 92 प्रतिशत लोन आवेदन एजेंटफोर्स-सक्षम वर्कफ्लो के जरिए प्रोसेस हो रहे हैं, जिससे ग्राहकों और डीलर्स को पहले से ज्यादा तेज और आसान अनुभव मिल रहा है। इस तकनीक के जरिए डॉक्युमेंट एक्सट्रैक्शन, आवेदन सत्यापन, पैन-आधार वेरिफिकेशन, क्रेडिट और बैंक चेक, ई-सिग्नेचर और लोन डिस्बर्सल जैसी प्रक्रियाएं ऑटोमेट की गई हैं। हीरो फिनकॉर्प के एमडी और सीईओ Abhimanyu Munjal ने कहा कि यह साझेदारी भारत में वित्तीय समावेशन को मजबूत करने और ग्राहकों तक तेजी से क्रेडिट पहुंचाने की दिशा में अहम कदम है। फिलहाल यह समाधान देशभर के 6,461 डीलर्स को सपोर्ट कर रहा है।

## तमिलनाडु की सरकार ने श्वेत पत्र जारी किया

चेन्नई। तमिलनाडु के वित्त मंत्री मैरी विल्सन ने मंगलवार को राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करते हुए एम के स्टालिन की अगुवाई वाली पिछली द्रमुक सरकार की आलोचना की। विल्सन ने राज्य सचिवालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तमिलनाडु पर प्रत्यक्ष ऋण का बोझ 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि राजस्व घाटा 78,324 करोड़ रुपये पर है, जो अब तक का रिकॉर्ड उच्च स्तर है। उन्होंने कहा कि राज्य के अपने कर राजस्व (एसओटीआर) और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के प्रमुख मानकों के संदर्भ में अनुपात 5.45 प्रतिशत रहा, जो काफी कम है।

# सेंसेक्स में 544 अंकों की उछाल



मुंबई। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 544 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 135 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 544.15 अंक यानी 0.71 प्रतिशत चढ़कर 76,808.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 582.41 अंक यानी 0.76 प्रतिशत चढ़कर 76,846.74 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 135.25 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,989.15 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 148.7 अंक या 0.62 प्रतिशत चढ़कर 24,002.60 अंक तक चला गया था। यह घरेलू बाजारों में तेजी का लगातार तीसरा दिन रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,975.93 अंक यानी चार प्रतिशत की बढ़त हुई है जबकि निफ्टी 827.55 अंक यानी 3.57 प्रतिशत चढ़ गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के शुद्ध खरीदार बनने से भी कारोबारी धारणा को समर्थन मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में से एचसीएल टेक में सर्वाधिक 3.59 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। अमेरिका-ईरान समझौते की घोषणा के बाद वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड लगभग दो प्रतिशत गिरकर 81.45 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू बाजारों में तेजी का रुख जारी रहा, जिसे अमेरिका-ईरान तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से समर्थन मिला। आईटी, रियल्टी, एफएमसीजी और तेल एवं गैस क्षेत्र में व्यापक खरीदारी देखी गई। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.64 प्रतिशत बढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.59 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड ने 2.27 प्रतिशत, फोकस आईटी खंड ने 1.72 प्रतिशत, आईटी खंड ने 1.66 प्रतिशत, एफएमसीजी खंड ने 1.12 प्रतिशत और ऊर्जा खंड ने एक प्रतिशत की तेजी हासिल की। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,368 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि I,886 शेयरों में गिरावट रही और 153 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# रुपया पांच पैसे मजबूत होकर 94.53 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में मजबूत होता हुआ पांच पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.53 (अस्थायी) पर रहा।

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका-ईरान संघर्ष में तनाव कम होने और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर हुए कूटनीतिक समझौतों के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर तत्काल खतरा काफी हद तक घट गया है। इसके अलावा वैश्विक बाजारों में अमेरिकी डॉलर में नरमी और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट ने भी डॉलर-रुपये की जोड़ी को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.69 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.48 से 94.71 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंततः यह 94.53 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को 60 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.58 पर बंद हुआ था। पिछले तीन कारोबारी सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 132 पैसे चढ़ा है। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं में नरमी और विदेशी पूंजी प्रवाह की उम्मीदें रुपये को समर्थन दे सकती हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.10 से 94.90 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.61 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स 544.15 अंक चढ़कर 76,808.48 अंक पर जबकि निफ्टी 135.25 अंक बढ़त के साथ 23,989.15 अंक पर बंद हुआ। अंतराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.77 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 200.05 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी बाजार विविधीकरण से निर्यात वृद्धि को मदद

नयी दिल्ली। देश के वस्तु निर्यात में 18 प्रतिशत की वृद्धि भारतीय कंपनियों के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी और निर्यात बाजारों के विविधीकरण को दर्शाती है।

विशेषज्ञों ने मंगलवार को यह बात कही। मई में भारत का निर्यात 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब डॉलर के छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब डॉलर हो गया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय निर्यात समिति के सह-प्रमुख और पैटन इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया ने कहा कि निर्यात में वृद्धि भारतीय उद्योग की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता तथा वैश्विक बाजारों द्वारा भारतीय उत्पादों पर बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि 2026-27 के पहले दो महीनों में निर्यात में हुई स्वस्थ वृद्धि भारतीय उद्यमों के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी और अंतरराष्ट्रीय मांग में बदलाव के अनुरूप खुद को ढालने की उनकी क्षमता को भी दर्शाती है। वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-मई अवधि में निर्यात 16.09 प्रतिशत बढ़कर 88.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि आयात 15.14 प्रतिशत बढ़कर 145.35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

## राज्यों का कुल व्यय 131 प्रतिशत बढ़ाः कैग



नयी दिल्ली। राज्यों का कुल व्यय 2015-16 से 2024-25 के बीच 131 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान राज्यों ने आर्थिक वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखते हुए कल्याण और विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया। कैग की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के. संजय मूर्ति द्वारा जारी राज्य वित्त 202425 रिपोर्ट में कहा गया कि राजस्व व्यय बजट में हावी रहा और कुल खर्च का औसतन 83 प्रतिशत से अधिक हिस्सा गया, जबकि पूंजीगत व्यय में वृद्धि तो हुई, लेकिन उसका हिस्सा अपेक्षाकृत कम रहा। रिपोर्ट के अनुसार, सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं पर कुल व्यय का लगभग दो-तिहाई हिस्सा खर्च हुआ, जो राज्यों की कल्याण और विकास पर ध्यान देने की नीति को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया कि प्रतिबद्ध व्यय और सब्सिडी ने लगातार राजस्व व्यय का आधे से अधिक हिस्सा गया। 2024-25 में यह 53.31 प्रतिशत तक पहुंच गया, जिसमें सब्सिडी में विशेष रूप से तेज वृद्धि देखी गई। विभिन्न व्यय श्रेणियों में राज्यों का खर्च आठ प्रमुख मदों में केंद्रित रहा। इनमें तीन प्रकार के अनुदान, वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान, सब्सिडी और बड़े कार्य शामिल हैं जो कुल खर्च का लगभग 78.46 प्रतिशत और संयुक्त सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का लगभग 12.38 प्रतिशत रहे। रिपोर्ट ने कहा कि यह राज्यों के बजट में प्रतिबद्ध और अनिवार्य व्यय के वर्चस्व को दर्शाता है। कुल राज्य व्यय 2015-16 के 22.18 लाख करोड़ रुपये से 131 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 51.20 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान खर्च की संरचना में अधिक बदलाव नहीं हुआ और वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान, सब्सिडी तथा अनुदान मिलकर बड़ा हिस्सा लेते रहे।

## कुल निर्यात में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़कर हुई 49 प्रतिशत

नयी दिल्ली। भारत के कुल निर्यात में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी 2014-15 के 33.8 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 48.8 प्रतिशत हो गई है।

यह वृद्धि आईटी क्षेत्र के तेज विस्तार, वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) में बढ़ोतरी और वैश्विक महामारी के बाद सेवाओं की डिजिटल आपूर्ति की ओर बदलाव के कारण हुई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सेवा निर्यात 2014-15 के 158.1 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 421.3 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, देश का कुल निर्यात (वस्तु व सेवाएं मिलाकर) 2014-15 के 468 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 863 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। सेवा निर्यात में पिछले 12 वर्षों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। केवल 2020-21 में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण इस पर असर पड़ा। कुल सेवा निर्यात में 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रमुख वृद्धि चालक बनी हुई हैं। पेशेवर एवं प्रबंधन परामर्श दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बनकर उभरा। पिछले 12 वर्षों में सेवा निर्यात में 9.3 प्रतिशत की वार्षिक दर दर्ज की गई है। वस्तु निर्यात भी 2014-15 के 310 अरब डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 442 अरब डॉलर हो गया।

# ईंधन कीमतों में लंबे समय तक रहेगा उतार-चढ़ाव



नयी दिल्ली। अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति समझौते और होर्मुज जलडमरूमध्य के दोबारा खुलने के संकेतों के बीच कच्चे तेल तथा तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतों में नरमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

हालांकि, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि आपूर्ति बाधित होने, ऊर्जा ढांचों को हुए नुकसान और सीमित भंडार के कारण वैश्विक ईंधन बाजारों में आने वाले कई महीनों तक उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक सेहुल भट्ट ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने की संभावना से ईंधन बाजारों में तनाव जोखिम में भारी गिरावट आई है। भट्ट ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, घरेलू ईंधन की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी और उत्पादन शुल्क में कमी ने पेट्रोल तथा डीजल पर होने वाले नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर दी है। कच्चे तेल की कीमतों को युद्ध से पहले के स्तर पर वापस आने में छह महीने से एक साल तक का समय लग सकता है, क्योंकि पश्चिम एशिया में हर दिन लगभग एक करोड़ बैरल से अधिक तेल उत्पादन प्रभावित हो गया है और कुछ सुविधाओं को नुकसान भी पहुंचा है। अगर ईरानी कच्चे तेल पर लगा प्रतिबंध हटता है तो भारत को फ़ायदा होगा, क्योंकि भौगोलिक नज़दीकी और ईरान की ओर से ऐतिहासिक रूप से मिलने वाली बेहतर भुगतान शर्तें इसके पक्ष में हैं। समझौते की घोषणा के तुरंत बाद कच्चे तेल की कीमत लुढ़ककर लगभग 82-84 डॉलर प्रति बैरल हो गई, क्योंकि बाजार में जोखिम घट गया है। वैश्विक स्तर पर तेल का भंडार पहले से काफी कम है और आपूर्ति में लगातार रुकावटों की वजह से तेल की कीमतें संकट से पहले के स्तर यानी 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास वापस आने की संभावना कम है। इक्रिरस का अनुमान है कि निकट भविष्य में कच्चे तेल की कीमतें 75-80 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में स्थिर हो जाएंगी, भले ही इस साल के आखिर में होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से खुल जाए, फिर भी कीमतों के 60-70 डॉलर के दायरे में लौटने की संभावना कम है। भारत के लिए खाड़ी क्षेत्र में जहाज ढुलाई मार्ग फिर से खुलने से कच्चे तेल की आपूर्ति बेहतर होने और माल ढुलाई का खर्च कम होने की उम्मीद है। हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि व्यापार के सामान्य होने में समय लगेगा।

# सार्वजनिक बैंकों का हरित जमा 2025-26 में तेजी से बढ़ा



मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान हरित जमा जुटाने में तेज वृद्धि दर्ज की जो जमाकर्ताओं में बढ़ती जागरूकता और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हरित जमा ढांचे के परिपक्व होने का संकेत है।

हरित जमा वह बैंक जमा है जिसका इस्तेमाल नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन और जल संरक्षण जैसी पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं के वित्तपोषण में किया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की वार्षिक रिपोर्ट (2025-26) के पीटीआई-भाषा द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि आठ सरकारी बैंकों ने आलोच्य अवधि में 3,733.11 करोड़ रुपये के हरित जमा जुटाए, जो एक साल पहले के I,831.79 करोड़ रुपये का दोगुना से भी अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि हरित जमा में यह बढ़ोतरी बैंकों और जमाकर्ताओं के बीच टिकाऊवित्त की तरफ बढ़ते रुझान को दर्शाती है, जहां बैंक अपनी देनदारियों को पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं में ऋण वितरण से जोड़ रहे हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च, 2026 तक 317.39 करोड़ रुपये के हरित जमा जुटाए, जबकि इसका बकाया ग्रीन जमा 218 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष में बैंक ने 189.08 करोड़ रुपये जुटाए, जिसे पूरी तरह स्वच्छ परिवहन, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के वित्तपोषण में लगाया गया। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 2025-26 में I,164.44 करोड़ रुपये जुटाए, जो 2024-25 के I,083.09 करोड़ रुपये से अधिक है। बैंक ने अपनी समूची हरित जमा राशि नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ परिवहन क्षेत्रों में लगाई। सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों ने भी अपनी हरित जमाओं से मिली राशि का उपयोग मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, सौर ऊर्जा पहल और स्वच्छ परिवहन में किया है।

## पेज एक का शेष

### नीट-यूजी

द्वारा टेलीग्राम मंच के संगठित इस्तेमाल पर रोक लगाना है। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह कार्वाई प्रश्नपत्र लीक की किसी खबर की वजह से की गई है, तो एनटीए प्रमुख ने कहा कि ऐसी कोई वजह नहीं थी, बल्कि अधिकारी ऑनलाइन फैल रहे फर्जी संदेशों से निपट रहे थे। उन्होंने कहा नहीं, ये सभी फर्जी संदेश थे। कल भी अहमदाबाद पुलिस ने एक ऐसा मामला सुलझाया जिसमें फर्जी संदेश फैलाए जा रहे थे। सिंह ने कहा कि ऐसे संदेश फैलने से उम्मीदवारों में घबराहट हो रही थी। उन्होंने कहा, चूंकि ऐसा हो रहा था, इसलिए बहुत से लोग घबरा रहे थे और विद्यार्थियों को काफ़ी मानसिक तनाव हो रहा था। हमें यह कदम उठाना पड़ा। इस सवाल पर कि क्या यह निर्णय लेने से पहले कोई ख़ास बैठकें हुई थीं, सिंह ने कहा कि परीक्षा की सुरक्षा को लेकर नियमित रूप से चर्चा होती रहती है। उन्होंने कहा, हर दिन कई बैठकें होती हैं। तीन मई को चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये आयोजित की गयी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था। अब यह परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। एनटीए ने छात्रों के हित में की गई इस त्वरित कार्वाई के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे 21 जून को सुरक्षित और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाला भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), नीट अभ्यर्थियों को निशाना बनाने वाले टेलीग्राम आधारित धोखाधड़ी और भ्रामक सूचनाओं के खिलाफ अभियान में मुख्य नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है। एजेंसी के अनुसार एनटीए, बिहार, गुजरात और राजस्थान की पुलिस सहित राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से मिली सूचनाएं और खुद की निगरानी के आधार पर आई4सी ने उन बड़ी संख्या में टेलीग्राम चैनल, समूहों (ग्रुप) और बॉट्स को तुरंत हटाना सुनिश्चित किया है, जो खुलेआम धोखाधड़ी और भ्रामक दावों का प्रचार कर रहे थे।

### नीट अभ्यर्थियों

कहा कि 21 जून को प्रदेश के 59 जनपदों में आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में लगभग साढ़े तीन लाख अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में प्रवेश पत्र दिखाने पर किराये में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाए। साथ ही अन्य जनपदों में परीक्षा देने पहुंचने वाले ऐसे अभ्यर्थियों के लिए, जिनके पास ठहरने की व्यवस्था न हो, आवश्यक अस्थायी आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

मुख्यमंत्री ने एनटीए के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर अफवाह, भ्रामक अथवा गलत सूचनाएं प्रसारित करने के प्रयासों पर कड़ी निगरानी रखते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति एवं ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है तथा इस वर्ष स्वस्थ आयु के लिए योग थीम के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का प्रदेशभर में सीधा प्रसारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग दिवस कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रदेश की सभी 58 हजार ग्राम पंचायतों एवं 762 नगरीय निकायों में योग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवरों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास को प्राथमिकता देने तथा नगरीय क्षेत्रों के 14 हजार वार्डों में कार्यक्रम स्थलों का चिन्हांकन करने को कहा।

### जी-7 सम्मेलन

देश कहा जाता है। इनमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी शामिल हैं।

फ्रांस के नीस शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ रविवार को द्विपक्षीय बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के बीच 13 बड़े समझौते हुए। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है, लेकिन दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था और महत्वपूर्ण वैश्विक भूमिका के कारण उसे अक्सर विशेष आमंत्रित देश (गेस्ट नेशन) के रूप में बुलाया जाता है। आमतौर पर भारत के प्रधानमंत्री को समिट का न्यौता मिलता है। इसकी शुरूआत 1975 में जी-6 के रूप में हुई थी। 1976 में कनाडा के जुड़ने के बाद यह जी-7 बन गया। 1998 में रूस को शामिल कर इसका नाम जी-8 कर दिया गया, लेकिन 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया क्षेत्र पर रूस के कब्जे के बाद उसे समूह से बाहर कर दिया गया। इसके बाद यह फिर से जी-7 कहलाने लगा।

### दिल्ली में

आपराधिक या आतंकवाद-संबंधी गतिविधियों को अंजाम देने की संभावित साजिश को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। पुलिस के मुताबिक, मई में मिली खुफिया जानकारी से संकेत मिला कि भट्टी और गुज्जर स्थानीय गुर्गों के जरिए दिल्ली-एनसीआर में बड़ी आपराधिक और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। सूचना पर कार्वाई करते हुए, पुलिस ने जांच शुरू की और जाल बिछाया, जिससे गिरोह के एक प्रमुख सदस्य मोहित उर्फ योगी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि मोहित के पास से अवैध हथियार और पाकिस्तान स्थित आकाओं के साथ उसके कथित संबंधों की ओर इशारा करने वाले डिजिटल सबूत बरामद किए गए हैं। पूछताछ और उसके बाद की जांच के दौरान, अधिकारियों ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक व्यापक नेटवर्क का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल करके युवाओं को हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल किया और इसके लिए उन्हें जल्दी पैसे कमाने का लालच दिया। पुलिस के अनुसार, गिरोह को पाकिस्तान से पंजाब में कथित तौर पर ड्रोन से गिराए गए हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप मिली। फिर इन खेपों को गुर्गों की एक श्रृंखला के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर लाया गया।

अभियान के दौरान पांच पिस्तौल, 41 कारतूस, सात मोबाइल फोन और एक एसयूवी कार बरामद की गई। पुलिस ने कहा कि अभियान ने कई संभावित आपराधिक और आतंकवाद-संबंधी साजिशों को विफल कर दिया और पाकिस्तान स्थित आकाओं द्वारा चलाए जा रहे साजो समान मुहैया कराने वाले अहम गिरोह को बाधित कर दिया।

### ग्रीष्मकालीन

प्रारंभ होगा। योगी सरकार का उद्देश्य बच्चों को भीषण गर्मी से सुरक्षित रखते हुए नए शैक्षणिक सत्र की बेहतर और व्यवस्थित शुरूआत सुनिश्चित करना है। प्रदेश सरकार ने यह निर्णय पिछले वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए लिया है, जब हीट वेव की स्थिति के कारण जिलाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर बार-बार अवकाश बढ़ाना पड़ता था। नई व्यवस्था से पूरे प्रदेश में एकरूपता सुनिश्चित होगी और विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को स्पष्ट शैक्षणिक कैलेंडर उपलब्ध हो सकेगा। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि विद्यालय खुलने से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। इसके लिए 22, 23 और 24 जून को सभी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस अवधि में लेसन प्लान तैयार करने, मध्याह्न भोजन व्यवस्था को अंतिम रूप देने, पाठ्यपुस्तक वितरण की तैयारी, विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक, बाल वाटिका संचालन की तैयारी, विद्यालय परिसर, रसोईघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई, खेल सामग्री की उपलब्धता तथा स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब को क्रियाशील बनाने जैसे कार्य संपन्न किए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में न्यूनतम 220 कार्यदिवस और नियमित पठन-पाठन सुनिश्चित किया जाए।

### टिन्नू यादव

सामने आया है। उनके पास रामलला के आभूषणों को संभालने की मुख्य प्रशासनिक जिम्मेदारी थी। सुरक्षा अधिकारियों ने उनके आवास पर भी छापेमारी की थी। केडी तिवारी द्वारा हाल ही में खरीदी गई डेढ़ करोड़ रुपये की जमीन का सौदा जांच के दायरे में है। उन्होंने मीडिया से कहा, ‘मेरी ड्यूटी महज श्रद्धालुओं द्वारा दान किए गए आभूषणों को तौलकर उन्हें रसीद देने तक सीमित थी, उसके बाद मैं उसे ट्रस्ट के वरिष्ठों को सौंप देता था; आगे गहनों के साथ क्या खेल होता था, मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

### टीईटी उत्तीर्ण

टीईटी परीक्षा नियमित रूप से तथा अधिमानतः वर्ष में दो बार आयोजित कराई जाए, ताकि पात्र शिक्षकों को आवश्यक योग्यता प्राप्त करने का पर्याप्त अवसर मिल सके। बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार उच्चतम न्यायालय ने अपने पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए समय-सीमा में एक वर्ष का विस्तार प्रदान किया है तथा इस संबंध में दायर सभी पुनर्विचार याचिकाओं का निस्तारण कर दिया है। इसके साथ ही शासन स्तर पर कार्यरत शिक्षकों के लिए विशेष टीईटी परीक्षा आयोजित किए जाने की संभावना पर भी विचार किया जा रहा है। इस उद्देश्य से शिक्षा निदेशक (बेसिक) को निर्देशित किया गया है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में कार्यरत ऐसे शिक्षकों का जनपदवार विवरण एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराया जाए।

### गृह मंत्री अमित

उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा सुविधाएं और डिजिटल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में बढ़ती निवेश संभावनाओं और औद्योगिक विकास के लिए तैयार किए जा रहे अनुकूल वातावरण की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास, उद्यमिता और नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### हनुमान जी

आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल से हमारे परिवार द्वारा बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की ओर से हर साल हनुमान जी के सबसे प्रिय ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन से आत्मिक संतोष तो मिलता ही है, धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि भी बढ़ती है। ईश्वर के प्रति आस्था प्रगाढ़ होती है। यह धार्मिक और सामाजिक रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने इस मौके पर हनुमान जी से प्रार्थना की कि राजधानी लखनऊ, प्रदेश और देश के हर नागरिक के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार हो। सभी स्वस्थ व सानंद रहें तथा निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ते रहें। इसके साथ ही सागर सोना, एल्डिको ग्रीन गोमती नगर लखनऊ में भी भण्डारे का आयोजन किया गया।




# सीरीज पर कब्जा करने उतरेगा भारत

## अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में कुलदीप और जायसवाल को मिल सकता है मौका

एजेंसी



लखनऊ । भारतीय टीम प्रबंधन अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता है और इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल को खेलने का मौका मिल सकता है। भारत ने धर्मशाला में बारिश से प्रभावित मैच में आसान जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में I-0 से बढ़त बना रखी है और दूसरे मैच में जीत हासिल करने पर उसे अजेय बढ़त मिल जाएगी।

भारतीय टीम हालांकि इससे कहीं आगे की सोच रही है। भारत को विश्व कप पहले से पहले लगभग दो दर्जन मैच खेलने हैं और टीम प्रबंधन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह विभिन्न संयोजनों को आजमाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहले मैच से पहले कहा, हमारा सारा ध्यान अलग-अलग संयोजन आजमाने और यह देखने पर है कि हमारे लिए वास्तव में क्या कारगर साबित होगा। कुलदीप की हाल की फॉर्म अच्छी नहीं रही है लेकिन उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें मौका दिया जा सकता है क्योंकि वह बीच के ओवरों में खेल पर नियंत्रण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। बाएं हाथ का यह स्पिनर दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में नियमित रूप से खेला, लेकिन उसके बाद से उनके फॉर्म में गिरावट आई है। कुलदीप आईपीएल में भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे तथा अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे। इसके अलावा आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के साथ-साथ एशियाई खेलों के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी उनका चयन नहीं हुआ। मुख्य कोच गौतम गंभीर बहुमुखी प्रतिभा वाले क्रिकेटरों को प्राथमिकता देते हैं। वह ऑलराउंडर की बल्लेबाजी क्षमता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और ऐसे में स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का टीम में होना निश्चित हो जाता है।

इसका मतलब है कि पिछले मैच में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हर्ष दुबे की जगह कुलदीप को मौका मिल सकता है। दुबे ने पिछले मैच में तीन विकेट लिए थे। भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच में अनुशासित प्रदर्शन किया था और वह इसे जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेज गेंदबाजी विभाग में पदार्पण करने वाले एक और खिलाड़ी गुरनूर बराड़ ने प्रभावित किया और उन्हें संभवतः एक और मैच खेलने का मौका दिया जाएगा। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रिंस यादव को ऐसे में अपनी बारी के लिए इंतजार करना होगा। विराट कोहली के मांसपेशियों में खिंचाव के कारण श्रृंखला से बाहर होने के बाद तीसरे नंबर का स्थान खाली पड़ा है। पहले मैच में इस नंबर पर ईशान किशन को प्राथमिकता दी गई थी, लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने भी पिछले कुछ महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम प्रबंधन उन्हें मौका दे सकता है।

पहले मैच में सस्ते में रन आउट होने वाले अनुभवी रोहित शर्मा बड़ा प्रभाव डालने की कोशिश करेंगे। जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों को सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पहले वनडे में सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने आक्रामक शतक लगाया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से खास सहयोग नहीं मिला। स्पिन गेंदबाजी अफगानिस्तान की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन राशिद खान, एएम गजनफर और मोहम्मद नबी की तिकड़ी धर्मशाला में भारतीय बल्लेबाजों को खास परेशानी में नहीं डाल पाई। लखनऊ की पिच उनके लिए अधिक अनुकूल हो सकती है। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर भारत के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने मंगलवार को कहा कि भले ही यह पता लगाना मुश्किल है कि श्रीलंका ए के खिलाड़ी के साथ मैदान पर वैभव सूर्यवंशी की बहस किस वजह से हुई लेकिन युवा बल्लेबाज इस घटना से सीखेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचेगा। सोमवार को दाम्बुला में त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच में श्रीलंका ए के खिलाफ सुपर ओवर में भारत की हार के बाद 15 साल के इस खिलाड़ी की तीखी बहस हुई थी जो लगभग हाथापाई में बदल गई थी।

भारत और अफगानिस्तान के बीच दूसरे एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर बहुतुले ने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी लेकिन हमें नहीं पता कि उसे कैसे उकसाया गया क्योंकि मैं उसे जानता हूं और वैभव बहुत शांत स्वभाव का लड़का है। लेकिन मुझे यकीन है कि वहां अनुभवी कोच हैं जो उसका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, श्रीलंकाई खिलाड़ियों को भी सिखाया जाना चाहिए कि कैसा व्यवहार करना चाहिए। बहुतुले ने अलग-अलग भारत अंडर-19 टीम और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफएक्सीलेंस में आयु वर्ग के स्तर पर सूर्यवंशी के साथ काम किया है। उन्होंने 2025 आईपीएल सत्र के दौरान राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर भी काम किया जब सूर्यवंशी ने टूर्नामेंट में पदार्पण किया। मुंबई के पूर्व कप्तान ने कहा, वह सीखेगा। वह एक युवा खिलाड़ी है जिस पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की बड़ी जिम्मेदारी है।

# अफगानिस्तान ए के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में उतरेगा भारत ए



दाम्बुला। लगातार दो हार के बाद आईपीएल सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को यहां अफगानिस्तान ए के खिलाफ होने वाले त्रिकोणीय श्रृंखला के करो या मरो के मुकाबले में जीत के साथ वापसी की कोशिश करेगी। टूर्नामेंट में मेजबान श्रीलंका ए सहित सभी तीन टीम एक दूसरे के खिलाफ दो-दो मैच खेलेंगी जिसके बाद फाइनल में पहुंचने वाली दो टीम तय होंगी। दो हार ने भारतीय टीम पर दबाव जरूर बढ़ाया है लेकिन अफगानिस्तान ए के खिलाफ जीत से फाइनल में पहुंचने की टीम की उम्मीदें बढ़ जाएंगी। मेजबान श्रीलंका तीन मैच में दो जीत और एक हार से चार अंक तथा 0.494 के नेट रन रेट के साथ सबसे ऊपर है जिससे भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला काफी महत्वपूर्ण हो गया है। भारत और अफगानिस्तान दोनों के समान दो-दो अंक हैं।

भारत हालांकि अफगानिस्तान के माइनस 1.392 के मुकाबले 0.032 के बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम को अधिक मजबूती दिखानी होगी और उम्मीद करनी होगी कि खराब मौसम उनके मौकों में रुकावट नहीं डाले। अफगानिस्तान ए की टीम अगर कल जीत दर्ज करती है तो भारत ए का सफर टूर्नामेंट में खत्म हो जाएगा। हालांकि हार के बावजूद अफगानिस्तान के पास मौका होगा और अगर वह अगले मैच में मेजबान टीम को हरा देता है तो फिर तीनों टीम के चार अंक हो जाएंगे और ऐसी स्थिति में नेट रन रेट महत्वपूर्ण हो जाएगा। भारत ए ने अफगानिस्तान ए के खिलाफ पिछले मैच में नौ विकेट पर 349 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। अफगानिस्तान ए ने हालांकि 25.5 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाने के बाद डकवर्थ लुईस पद्धति से मैच चार रन से जीत लिया। भारतीय टीम अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने में नाकाम रही है। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में भी श्रीलंका ए के खिलाफ आठ रन की जीत के दौरान टीम को काफी संघर्ष करना पड़ा था। सोमवार को कम रोशनी के बीच हुए सुपर ओवर में हार के बाद युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंका ए के कुगाथस मथुलन के बीच हुई बहस ने टूर्नामेंट में रोमांच भर दिया है। सुपर ओवर में 17 रन का पीछा करते हुए भारतीय टीम सिर्फ नौ रन ही बना सकी। ओवर की आखिरी तीन गेंद का सामना सूर्यवंशी ने किया।

सूर्यवंशी जब अपने जोड़ीदार सूर्यांश शेडगे के साथ मैदान से वापस लौट रहे थे तो वह श्रीलंकाई खिलाड़ियों के उस समूह की ओर मुड़े जो जोर-शोर से जश्न मना रहा था और इसी वजह से बहस हो गई। सूर्यवंशी से उम्मीद थी कि वह आईपीएल की अपनी फॉर्म को त्रिकोणीय श्रृंखला में भी जारी रखेंगे लेकिन सूर्यवंशी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए हैं। अब तक उन्होंने 14, 44 और 21 रन बनाए हैं। बुधवार को होने वाला मुकाबला उन्हें अपनी छाप छोड़ने का एक और मौका देगा। ज्तुराज गायकवाड़ का प्रदर्शन भारत ए के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 68 की औसत से 204 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

उनके साथ कप्तान तिलक वर्मा (149) का योगदान भी जरूरी होगा जिन्होंने अब तक तीन मैच में दो अर्धशतक लगाए हैं। शेडगे, प्रभसिमरन सिंह और विपराज निगम ने भी एक-एक अर्धशतक लगाया है। अरशद खान, अनुकूल रॉय और आयुष बडोनी ने अब तक तीन मैच में चार-चार विकेट लिए हैं लेकिन इस प्रतियोगिता में विरोधी खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस बीच भारत ए ने चोटिल युद्धवीर सिंह की जगह तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को टीम में शामिल किया है। अफगानिस्तान ए ने भारत ए को हराया था लेकिन श्रीलंका ए के खिलाफ उसे आठ विकेट की बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। समयः मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।

## संक्षेप

### एशियाई तलवारबाजी : भारत की 24 सदस्यीय टीम घोषित

नयी दिल्ली। ओलंपियन सी ए भवानी देवी यहां 19 से 24 जून तक होने वाली सीनियर एशियाई तलवारबाजी चैम्पियनशिप में भारत की 24 सदस्यीय टीम का हिस्सा होगी। भारतीय टीम में 12 पुरूष और 12 महिला खिलाड़ी हैं। चैम्पियनशिप में 30 से अधिक देशों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे और यह जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिये सीधे क्वालीफाई करने का मौका होगा। भवानी देवी ने कहा , इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी करना भारतीय तलवारबाजी के लिये काफी महत्वपूर्ण है। घरेलू दर्शकों के सामने खेलना फख्र की बात है और इससे खेल की लोकप्रियता भी बढेगी। प्रतिस्पर्धा फॉइल, एपी और साबरे श्रेणियों में खेली जायेगी।

### एशियाई स्काश : अभय दबदबा बनाये रखने की करेंगे कोशिश

चेन्नई। अभय सिंह और वेलावान सेंथिलकुमार मलेशिया में बृहस्पतिवार से शुरू हो रही तीसरी एशियाई युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में उतरेंगे तो उनकी नजरें अपना दबदबा कायम रखने पर होंगी। गत चैम्पियन भारतीय जोड़ी को पूल ए में शीर्ष वरीयता मिली है जबकि राहुल बैथा और सूरज कुमार को आठवीं वरीयता मिली है जो पूल बी में हैं। पिछले साल अभय ने अनाहत सिंह के साथ मिश्रित खिताब भी जीता था। अनाहत ने जोशना चिनप्पा के साथ महिला युगल खिताब भी अपने नाम किया था। अनाहत इस सप्ताह मलेशिया में नहीं खेल रही है क्योंकि वह अगले महीने कनाडा में होने वाली विश्व जूनियर चैम्पियनशिप की तैयारी में व्यस्त है। जोशना और रथिका सीलान को दूसरी वरीयता मिली है जबकि जनत विधि और पूजा अरथी को सातवीं वरीयता दी गई है।

### लोगन रोजरसन न्यूजीलैंड की टीम में शामिल

इंगलवुड (अमेरिका)। मिडफील्डर मैट गार्बेट चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड ने ईरान के खिलाफ अपना पहला मैच 2-2 से ड्रॉ खेला लेकिन इससे कुछ घंटे पहले ही गार्बेट टीम से बाहर हो गए थे। अभ्यास सत्र के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

# रौनक चौहान मकाऊ ओपन के मुख्य ड्रॉ में

एजेंसी

मकाऊ। भारत के रौनक चौहान ने मंगलवार को यहां क्वालीफिकेशन मैच के बीच से म्यांमार के अपने प्रतिद्वंद्वी हेन टुट के चोटिल होने के कारण हटने पर मकाऊओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ियों ने एक-एक गेम जीता जिसके बाद जब चौहान 14-21, 21-15, 19-17 से आगे चल रहे थे तो टुट ने मैच से हटने का फैसला किया। चौहान बुधवार को मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 133वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के झी यिंग वू से भिड़ेंगे। अन्य क्वालीफिकेशन मुकाबलों में तुषार सुवीर को पुरुष एकल में इंडोनेशिया के क्रिस्टियन अदिनाता के खिलाफ 22-20, 13-21, 15-21। भारत के अलाप मिश्रा को इससे पहले टुट के खिलाफ 18-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी लेकिन म्यांमार का यह खिलाड़ी चौहान के खिलाफ रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर हो गया। महिला युगल में अश्विनी भट और शिखा गौतम को क्वालीफिकेशन मैच में अमालिया प्रातिव और सिति फादिया रमाधांती की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 8-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### विश्व टीम स्नूकर : चीन बी टीम ने भारत को पहले मैच में हराया

गुआंगडोंग (चीन)। पूर्व चैम्पियन भारत को विश्व टीम स्नूकर चैम्पियनशिप के पहले मैच में मंगलवार को चीन बी टीम ने 3-2 से हरा दिया। तीन टीमों के ग्रुप बी में इस हार के बाद भारत को बुधवार को तुर्किये के खिलाफ हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद आदित्य मेहता निर्णायक मुकाबले में झोउ जिन्हाओ से हार गए। इससे पहले जिन्हाओ ने पंकज आडवाणी को हराया था। झोउ और जिन्हाओ ने मिलकर आडवाणी और मेहता को युगल मुकाबले में हराकर 2-1 से बढत बनाई।

### पाकिस्तान के खिलाफ पारी से मेरा आत्मविश्वास बढा : रिचा घोष

लीड्स। पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक पारी खेलकर खराब फॉर्म को अलविदा कहने वाली भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने कहा कि इस पारी से उन्हें महिला टी20 विश्व कप के बाकी मैचों से पहले आत्मविश्वास मिला है। घोष ने 17 गेंद में 34 रन बनाकर भारत को 170 रन तक पहुंचाया था। भारतीय टीम ने बर्मिंघम में रविवार को हुए मैच में पाकिस्तान को 64 रन से हराया। घोष ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच से पहले कहा , पाकिस्तान के खिलाफ उस पारी से मुझे काफी मदद मिली क्योंकि इससे मेरा आत्मविश्वास बढा। उन्होंने कहा कि अभ्यास मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक जड़ने से भी उनका मनोबल बढा है। उन्होंने कहा , अभ्यास मैच से भी मेरा मनोबल बढा। बाकी मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहूंगी।

### विश्व कप का पहला मैच हारने के बाद ट्यूनीशियाई कोच बर्खास्त

मोंटेरी (मैक्सिको)। ट्यूनीशिया ने विश्व कप फुटबॉल के पहले मैच में स्वीडन से 1.5 से मिली हार के बाद कोच साबरी लामूची को बर्खास्त करके फ्रेंच कोच हर्वे रेनार्ड को नियुक्त किया। ट्यूनीशियाई फुटबॉल महासंघ ने सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 54 वर्ष के लामूची को जनवरी में ही कोच बनाया गया था। इस हार के बाद ट्यूनीशिया की अंतिम 32 में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। टीम को शनिवार को जापान से और 25 जून को नीदरलैंड से खेलना है।

# विंबलडन में खेलेंगी सेरेना व वीनस

एजेंसी



लंदन। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सेरेना और वीनस विलियम्स आगामी विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग में एक बार फिर जोड़ी बनाकर खेलेंगी। ऑल इंग्लैंड क्लब ने दो हफ्ते से कम समय में शुरू होने वाले इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम के लिए मंगलवार को विलिम्स बहनों को वाइल्ड कार्ड निमंत्रण देने की घोषणा की। सेरेना ने लगभग चार साल तक पेशेवर टेनिस से दूर रहने के बाद हाल में 44 साल की उम्र में प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की। सेरेना और वीनस महिला एकल के अलावा महिला युगल में भी दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही हैं। वीनस बुधवार को 46 बरस की हो गईं। सेरेना और वीनस ने महिला युगल में मिलकर 14 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं जिसमें छह विंबलडन खिताब भी शामिल हैं। उन्होंने अपना पहला विंबलडन खिताब 2000 में और आखिरी 2016 में जीता। उन्होंने 2000 और 2002 में विंबलडन में अपने शुरुआती दो खिताब वाइल्ड कार्ड धारक के रूप में जीते। हाल में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली माजा च्वालिंस्का को महिला एकल में वाइल्ड कार्ड मिला है। पुरुष एकल में तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका और ग्रिगोर दिमित्रोव वाइल्ड कार्ड हासिल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।

ऑल इंग्लैंड क्लब ने दो हफ्ते से कम समय में शुरू होने वाले इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम के लिए मंगलवार को विलिम्स बहनों को वाइल्ड कार्ड निमंत्रण देने की घोषणा की। सेरेना ने लगभग चार साल तक पेशेवर टेनिस से दूर रहने के बाद हाल में 44 साल की उम्र में प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की। सेरेना और वीनस महिला एकल के अलावा महिला युगल में भी दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही हैं। वीनस बुधवार को 46 बरस की हो गईं।

### दीप्ति शर्मा की बराबरी कोई नहीं कर सकता : अंजुम चोपड़ा

नयी दिल्ली। भारत की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने भारतीय क्रिकेट पर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के प्रभाव की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया में बहुत कम ऐसे क्रिकेटर हैं जिनमें बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग या इन तीनों के संयोजन से खेल को प्रभावित करने की क्षमता होती है। दीप्ति ने बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए महिला टी20 विश्व कप के मैच में मैच विजेता प्रदर्शन किया। उन्होंने पांच विकेट लेकर भारत को अपने पहले मैच में 64 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंजुम ने कहा, मुझे कोई ऐसा ऑलराउंडर याद नहीं है जिसने भारत के लिए खेलते हुए इतना प्रभाव डाला हो। हमारे पास ऑलराउंडर रहे हैं, लेकिन जब लगातार प्रभाव डालने की बात आती है, तो मुझे लगता है।

# विश्व कप : भारत व नीदरलैंड आमने-सामने



एजेंसी

लीड्स। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को यहां नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले महिला टी20 विश्व कप के अपने दूसरे ग्रुप मैच में बल्लेबाजी में और बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।

पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में स्मृति मंधाना ने शीर्ष क्रम में और ज्चा घोष ने निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी की थी जिससे भारत 64 रन से जीत हासिल करने में सफल रहा था। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित बाकी बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारती फुलमाली मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन पहले मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाई थी।

भारत को टूर्नामेंट में आगे और भी कड़े मैच खेलने है और इसलिए बल्लेबाजी में निरंतरता बेहद महत्वपूर्ण है। भारत को नीदरलैंड से किसी तरह की खास चुनौती मिलने की संभावना नहीं है लेकिन उसे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लीग चरण में ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका में से किसी एक को हराना होगा। पाकिस्तान के खिलाफ शुरू में फील्डिंग अच्छी नहीं थी, लेकिन पारी आगे बढ़ने के साथ भारतीय खिलाडियों ने कुछ अच्छे कैच लिए।

गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ कोई खास कमाल नहीं दिखा पाईं। लेकिन स्पिनरों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा और श्री चरणी की स्पिन जोड़ी ने मिलकर आठ विकेट लिए। दीप्ति शर्मा ने चार ओवर में केवल 10 रन देकर पांच विकेट लिए और फॉर्म में वापसी की। भारत के लिए दीप्ति का फॉर्म में लौटना काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि इससे पहले वह दो श्रृंखलाओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

नीदरलैंड की टीम अपने पहले मैच में बांग्लादेश से हार गई थी। भारत के सामने चुनौती पेश करने के लिए उसे खेल के सभी विभागों में सुधार करना होगा। कप्तान बैबेट डी लीड ने शुरुआती मैच में हार के बाद कहा, मुझे लगता है कि खेल के तीनों विभाग में हम वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए जैसी हमें उम्मीद थी। हम बल्लेबाजी में किसी भी समय लय में नहीं आ पाए। हमने कुछ ज्यादा ही विकेट गंवा दिए। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

### इंग्लैंड के डिफेंडर विश्व कप से बाहर, चालोबाह टीम में शामिल

लंदन। इंग्लैंड के फुल बैक टिनो लिवरामेंटो मंगलवार को पिंडली की चोट के कारण फुटबॉल विश्व कप से बाहर हो गए जिससे कोच थॉमस ट्यूशेल को क्रोएशिया के खिलाफ अपनी टीम के पहले मैच से ठीक पहले टीम में बदलाव करना पड़ा। चेल्सी के डिफेंडर ट्रेवो चालोबाह को उनकी जगह बुलाया गया है और वे कैनसस सिटी में इंग्लैंड के ट्रेनिंग शिविर में शामिल होने वाले हैं। इंग्लिश फुटबॉल संघ ने बताया कि न्यूकासल के डिफेंडर लिवरामेंटो रविवार को ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। एक बयान के अनुसार, सोमवार को हुए स्कैन और मेडिकल जांच से दुर्भाग्य से पुष्टि हुई कि वह (लिवरामेंटो) टूर्नामेंट में आगे इंग्लैंड की ओर से हिस्सा नहीं ले पाएंगे। लिवरामेंटो को मुख्य रूप से उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण चुना गया था क्योंकि वह राइट-बैक और लेफ्ट-बैक दोनों पोजीशन पर सहज थे। उन्हें मुख्य रूप से राइट-बैक पोजीशन पर अक्सर चोटिल होने वाले रीस जेम्स के बैकअप के तौर पर देखा जा रहा था। चालोबाह ने हाल के सत्र में चेल्सी के लिए अधिकतर सेंटर-बैक के तौर पर खेला है लेकिन उन्हें राइट-बैक के तौर पर खेलने का भी अनुभव है।

# वनडे में रोहित की मौजूदगी महत्वपूर्णः बहुतुल

एजेंसी



लखनऊ। स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने मंगलवार को कहा कि रोहित शर्मा भारतीय एकदिवसीय टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं और इसका कारण सिर्फ बल्लेबाजी नहीं बल्कि उनकी नेतृत्वक्षमता और अनुभव भी है जिसका कप्तान शुभमन गिल पर अच्छा असर पड़ता है। पिछले साल रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से ही एकदिवसीय प्रारूप में रोहित का भविष्य और 2027 विश्व कप के लिए उनकी तैयारी चर्चा का विषय रही है। इस प्रारूप में रोहित का प्रदर्शन हाल के दिनों में अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अपनी पिछली चार एकदिवसीय पारियों में सिर्फ 77 रन बनाए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय से पहले बहुतुले ने संवाददाताओं से कहा, रोहित शर्मा एक अनुभवी खिलाड़ी हैं, वह एक चैंपियन क्रिकेटर हैं। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने अनुभव से टीम को फायदा पहुंचाते हैं - ना सिर्फ बल्लेबाजी के मामले में बल्कि उनकी नेतृत्वक्षमता का असर भी सभी खिलाड़ियों और शुभमन पर पड़ता है। बहुतुले ने कहा कि इतनी उपलब्धियों के बावजूद खेल के प्रति रोहित की समझ और लगातार बेहतर करने का जज्बा कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, टीम में उनका होना निश्चित रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो हर मैच को समझते हैं और जानते हैं कि उनसे और टीम से क्या उम्मीद की जाती है। बहुतुले ने कहा, मुझे लगता है कि वह हर मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और जिस तरह से मेहनत कर रहे हैं, ऐसा लगता है जैसे उन्होंने अभी-अभी खेलना शुरू किया हो। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले एकदिवसीय में जल्दी आउट होने वाले रोहित ने दूसरे मैच से एक दिन पहले यहां नेट्स में जमकर अभ्यास किया। वहीं दूसरी ओर तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए चोटिल युद्धवीर सिंह की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अशोक ने आईपीएल में गुजरात टाइटन्स की तरफ से खेलते हुए अपनी तेज गति से सभी को प्रभावित किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, युद्धवीर सिंह ने 13 जून को गेंदबाजी करते समय दाहिने कंधे में तकलीफ की शिकायत की थी और 11 जून को अभ्यास सत्र के दौरान भी उन्हें इसी तरह का दर्द महसूस हुआ था। बयान में कहा गया है।

# अलनीनो को लेकर केंद्र चौकस

## अधिक असर की आशंका वाले राज्यों में जिला-स्तरीय योजनाएं बनायें: चौहान



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मौसमी स्थिति अल नीनो से अधिक प्रभावित होने की आशंका वाले नौ-दस राज्यों में जिला प्रशासन, कृषि विभागों, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और अन्य विस्तार एजेंसियों के साथ समन्वित बैठकें करने के निर्देश दिए।

चौहान ने खरीफ फसल सत्र 2026 की तैयारियों को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान बारिश की कमी वाले जिलों के लिए अग्रिम आकस्मिक योजना तैयार करने पर जोर दिया, दलहन का रकबा बढ़ाने की जरूरत बताई।

कृषि मंत्रालय के बयान के अनुसार, चौहान ने राज्यों को संवेदनशील जिलों की स्पष्ट पहचान कर फसल के हिसाब से वैकल्पिक योजनाएं पहले से तैयार रखने को कहा, ताकि मौसम संबंधी चुनौतियों की स्थिति में किसानों को तुरंत विकल्प, सलाह और सहायता उपलब्ध कराई जा सके। चौहान ने कहा, हर संवेदनशील जिले के लिए अलग और व्यावहारिक रणनीति तैयार की जानी चाहिए, जिसमें जल संरक्षण, नमी प्रबंधन, मिश्रित फसल और वैकल्पिक फसल के तरीके पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों तक वैज्ञानिक विश्लेषण पर आधारित शांत, विश्वसनीय और समाधान-उन्मुख संदेश पहुंचाने की है, न कि डर पैदा करने वाली सूचनाएं। बैठक में अलग-अलग फसलों के लिए लक्ष्य, बुवाई की प्रगति और राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई, जिसमें कपास उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर रहा। चौहान ने उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों, उपयुक्त बीज चयन, मिश्रित फसल, मल्चिंग (मिट्टी में नमी बनाए रखने की तकनीक) और नमी संरक्षण को बढ़ावा देने की बात कही। दलहन आत्मनिर्भरता मिशन भी इस बैठक में चर्चा का प्रमुख मुद्दा रहा। चौहान ने कहा कि सरकार राज्यों के साथ मिलकर अरहर, उड़द और मूंग की खेती को फसल चक्र, रकबा विस्तार, बेहतर बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन के जरिये बढ़ा रही है, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके। समीक्षा बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता, बाजार कीमतों, जलाशयों के स्तर और पानी के भंडारण की स्थिति का भी आकलन किया गया। कृषि मंत्री ने आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय स्तर पर उर्वरकों की आपूर्ति पर्याप्त है और मानसून की प्रगति के साथ राज्यों एवं जिलों तक इसे और सुचारू बनाया जाएगा। स्थानीय किल्लत की आशंका वाले क्षेत्रों में उर्वरक की अग्रिम आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। चौहान ने कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, केवीके और राज्य कृषि विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह समय पर खेतों तक पहुंचे। उन्होंने खरीफ सत्र 2026 को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर संवाद, नियमित समीक्षा और जमीनी स्तर से सुझाव लेने पर भी जोर दिया।

# भारत में निवेश जल्द शुरू करें निवेशक और कंपनियां : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को निवेशकों, कंपनियों और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों से कहा कि वे अब सक्रियता के साथ भारत में निवेश शुरू करें और इसमें अधिक विलंब न करें।

गोयल ने फ्रांस के नीस में आयोजित कार्यक्रम भारत इनोवेट्स 2026 के समापन समारोह में कहा कि भारत का निवेश परिवेश तैयार है, घरेलू बाजार विशाल है और सरकार निवेशकों को बाजार अवसरों से जोड़ने में मदद करेगी, जबकि एक सहयोगी नीतिगत ढांचा पहले से मौजूद है। उन्होंने कहा कि निवेशकों और उद्यम पूंजी कोषों के लिए यही समय है, अब आगे आएं और निवेश शुरू करें। भारतीय पारिवारिक कार्यालय, वीसी कोष, निवेशक और कंपनियां, सभी को सक्रिय होना होगा। इसके लिए जरूरी परिवेश तैयार है, स्टार्टअप बेहतरीन काम कर रहे हैं और भारत में कई सफल मॉडल मौजूद हैं। गोयल ने घरेलू उद्योग से भी विनिर्माण क्षेत्र में स्टार्टअप फर्मों के साथ साझेदारी कर उन्हें बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे भारत उद्योगों के लिए लॉन्च पैड बनेगा और वैश्विक बाजार उनका लक्ष्य होगा। गोयल ने शोधकर्ताओं, अकादमिक संस्थानों और उच्च शिक्षण संस्थानों से संयुक्त रूप से शोध एवं विकास (आरएंडडी) कार्यक्रम चलाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे वैज्ञानिक खोज एवं नवाचार को बाजार तक पहुंचाने में लगने वाला समय कम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार स्टार्टअप पारिस्थितिकी को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा चुकी है, जिसमें स्टार्टअप कार्य योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 10,000 करोड़ रुपये के कोषों का कोष योजना की दूसरी किस्त का अधिकांश हिस्सा गहन-प्रौद्योगिकी नवाचार के लिए प्रतिबद्ध किया जा रहा है। वाणिज्य मंत्री ने घरेलू उद्योगों से हाल के वर्षों में भारत द्वारा किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। इसके अलावा, उन्होंने कारोबारी सुगमता को बेहतर बनाने और विदेशों में काम कर रहे भारतीय स्टार्टअप को देश में वापस लाने के उपायों पर सुझाव भी मांगे।

## संक्षेप

### नायडू ने वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों को आंध्र प्रदेश में निवेश का दिया निमंत्रण

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों को राज्य में निवेश के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया और आंध्र प्रदेश को भारत के सबसे निवेश-अनुकूल गंतव्यों में से एक बताया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कहा कि निवेश और औद्योगिक विकास को सुगम बनाने के लिए आंध्र प्रदेश स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस दृष्टिकोण अपनाता है। यह निवेशकों के लिए आंध्र प्रदेश में अवसरों का पता लगाने का सही समय है। मैं उद्योगपतियों को अगले 30 दिनों के भीतर राज्य की यात्रा करने और उपलब्ध नीतियों तथा अवसरों का आकलन करने के लिए आमंत्रित करता हूं। भारत वैश्विक स्तर पर निवेश के लिए सबसे सुरक्षित गंतव्यों में से एक है। आंध्र प्रदेश निवेशक-अनुकूल नीतियों और त्वरित मंजूरी प्रक्रिया के जरिये उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करता है। राज्य में सेमीकंडक्टर विनिर्माण की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि रायलसीमा क्षेत्र में जल्द ही एक सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। रायलसीमा में रक्षा, वैमानिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लड़ाकू विमान विनिर्माण और मोटर वाहन उत्पादन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण

# केंद्र सरकार पेश कर रही है गलत आर्थिक आंकड़े : यशवंत सिन्हा

पुणे। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि देश में प्रस्तुत किए जा रहे आर्थिक आंकड़े जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा कि जो आंकड़े जारी किए जा रहे हैं वे गलत हैं।

पूर्व मंत्री यहां पुणे में आयोजित टुडेज़ इंडियन इकॉनमी कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसमें महाराष्ट्र कांग्रेस के कुछ नेता भी मौजूद थे। सिन्हा ने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था की स्थिति क्या है? चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में हो, सही मूल्यांकन के लिए विश्वसनीय आंकड़ों की आवश्यकता होती है। भारत, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का सदस्य है, लेकिन आईएमएफ ने वर्तमान स्थिति को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि भारत द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे आर्थिक आंकड़े पूरी तरह विश्वसनीय नहीं हैं। कुछ लोगों का मानना है कि देश में जारी आर्थिक आंकड़ों में विसंगतियां हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के लिए अर्थव्यवस्था से जुड़ा यह संकट असली परीक्षा है।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से 60 लाख लोग लाभान्वित

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के तहत 18 लाख से अधिक महिलाओं सहित पहली बार काम करने वाले लगभग 60 लाख कर्मचारियों को लाभान्वित किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पीएम-वीबीआरवाई केंद्र सरकार की रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना है, जो एक अगस्त, 2025 से लागू की गई थी। इस योजना का लाभ 31 जुलाई, 2027 तक दिया जाएगा।

योजना को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के माध्यम से लागू किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि 99,446 करोड़ रुपये के बजट के साथ यह योजना देश में दो वर्षों की अवधि में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसका लक्ष्य रोजगार आधारित विकास के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को तेज करना है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईपीएफओ के आंकड़ों के मुताबिक अब तक पहली बार नौकरी पाने वाले 60 लाख कर्मचारी इस योजना से जुड़े हैं। इनमें से लगभग 71 प्रतिशत (करीब 43.26 लाख) कर्मचारी 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के हैं। महिला भागीदारी भी उल्लेखनीय रही है, जिसमें 18.04 लाख महिलाएं पहली बार औपचारिक रोजगार में शामिल हुई हैं, जो कुल लाभार्थियों का लगभग 30 प्रतिशत है।

# युद्ध खत्म के समझौते के तहत इजराइल को लेबनान से हटना होगा : ईरान

दुबई। ईरान के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने वाले समझौते के तहत इजराइल को भी लेबनान से हटना होगा। वहीं, इजराइल द्वारा लेबनान में अपनी सेना बनाए रखने पर जोर देने के बीच, अप्रकाशित समझौते को लेकर अब भी सवाल उठ रहे हैं और इसकी शर्तों पर असहमति से संघर्ष के जारी रहने की आशंका जताई जा रही है।

विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि दक्षिणी लेबनान पर इजराइल का कब्जा बने रहना, अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते का उल्लंघन होगा। तेहरान में विदेशी राजनयिकों से बातचीत के दौरान अराघची ने कहा, लेबनान में युद्ध का खत्म होना, पूरे युद्ध के खत्म होने का एक अहम हिस्सा है। जब तक इजराइली सेना उन इलाकों से पीछे नहीं हटती जिन पर उसने इस युद्ध के दौरान कब्जा किया था, युद्ध पूरी तरह से खत्म नहीं होगा। यह बातचीत ईरानी सरकारी टीवी पर प्रसारित की गई। अराघची ने कहा कि लेबनान पर इजराइल के और हमलों को हम समझौता ज्ञापन का उल्लंघन मानेंगे। हालांकि, अमेरिका ने यह नहीं बताया है कि लेबनान अंतिम समझौते का हिस्सा था या नहीं। लेकिन अराघची का बयान उन बातों से मेल नहीं खाता जो इजराइली अधिकारियों ने उस समझौते के बारे में कही हैं, जिसका मकसद 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हवाई हमलों से शुरू हुए युद्ध को खत्म करना है। इजराइल इस समझौते का हिस्सा नहीं है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को इसे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फैसला बताया और कहा कि इजराइल की अपनी प्राथमिकताएं हैं।

# अमेरिका-ईरान शांति समझौता क्षेत्रीय स्थिरता बढ़ायेगा, निर्यातकों को फायदा

नयी दिल्ली। अमेरिका-ईरान के बीच स्थायी शांति समझौता क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देगा। इससे मालभाड़ा, बीमा व लॉजिस्टिक्स लागत में कमी से भारतीय निर्यातकों को मदद मिलेगी और व्यापार के लिए अधिक विश्वसनीय माहौल मिलेगा। शोध संस्थान चिंतन रिसर्च फाउंडेशन (सीआरएफ) ने मंगलवार को यह बात कही। चिंतन रिसर्च फाउंडेशन (सीआरएफ) के अध्यक्ष शिशिर प्रियदर्शी ने कहा कि एक टिकाऊअमेरिका-ईरान शांति समझौते में पश्चिम एशिया में व्यापार और निवेश माहौल को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाने की क्षमता है, क्योंकि इससे क्षेत्र के प्रमुख भू-राजनीतिक जोखिमों में से एक कम होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए लाभ केवल ऊर्जा कीमतों की अस्थिरता में कमी तक सीमित नहीं हैं। अधिक क्षेत्रीय स्थिरता से शिपिंग में भरोसा बढ़ेगा, बीमा और लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी, इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) जैसी संपर्क पहलों को मजबूती मिलेगी और खाड़ी तथा व्यापक पश्चिम एशिया के साथ व्यापार के लिए अधिक विश्वसनीय माहौल तैयार होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका और ईरान ने 107 दिन के युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता कर लिया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अनुसार इस शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर होने वाले हैं। प्रियदर्शी ने कहा कि यह समझौता महत्वपूर्ण है क्योंकि भू-राजनीतिक स्थिरता व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। नौ सितंबर 2023 को जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता ज्ञापन की घोषणा की थी।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com